राष्ट्रीय दैनिक

प्रातः किरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran



11 रोहित ने अलग अंदाज में यशस्वी, सरफराज और जुरेल की ...

एलेक्सी नवलनी की मौत पर पुतिन की जगह ट्रंप ने साधा बाइडन पर ... 12

वर्ष : 11 | अंक : 279 | पटना, बुधवार, 21 फरवरी, 2024 | विक्रम संवत् 2080 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

मौसम

अधिकतम तापमान 31°C

न्यूनतम तापमान 25.0°C

हां	30%
नहीं	50%
कह नहीं सकते	10%

बाजार

सोना	59,340
चांदी	55,350
सेंसेक्स	63,327
निफ्टी	18,816

संक्षिप्त खबरें

अनुच्छेद 370 विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था : पीएम

जम्मू/नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाला अनुच्छेद 370 पूर्ववर्ती राज्य के विकास की राह में सबसे बड़ी बाधा था। मोदी ने कहा कि अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधानों को समाप्त करने के बाद जम्मू-कश्मीर ने सभी इलाकों और सभी क्षेत्रों में संतुलित विकास देखा है जो अब एक केंद्रशासित प्रदेश है। जम्मू-कश्मीर के लिए 32,000 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं और देश के अन्य हिस्सों के लिए 13,500 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरूआत करने के बाद एक रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सरकार पहली बार जम्मू-कश्मीर में लोगों के दरवाजे पर पहुंची है। उन्होंने कहा, यह मोदी का गारंटी है और यह जारी रहेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि अनुच्छेद 370 जम्मू-कश्मीर में सर्वांगीण विकास लाने में मुख्य बाधा था जिसे भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने निरस्त कर दिया।

मानहानि मामले में राहुल गांधी को सशर्त जमानत

सुलतानपुर। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी को मानहानि के एक मामले में उत्तर प्रदेश सुलतानपुर की विशेष अदालत ने मंगलवार को सशर्त जमानत दे दी।उत्तर प्रदेश में भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नेतृत्व कर रहे श्री गांधी मानहानि के मुकदमे में आज यहां एमपी/एमएएल कोर्ट में पेश हुए जहां सुनवाई के बाद विशेष न्यायाधीश योगेश यादव ने उन्हे 25 -25 हजार रुपये के दो जमानत के मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया और अगली सुनवाई की तारीख दो मार्च निश्चित कर दी है। श्री गांधी अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान मंगलवार को कड़ी सुरक्षा के बीच सुलतानपुर दीवानी न्यायालय के एमपी-एमएलए कोर्ट में पेश हुये और जमानत अर्जी पेश की। सुनवाई के दौरान श्री गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने आरोपों को निराधार बताते हुए की जमानत की मांग की, वहीं अभियोजन पक्ष ने जमानत पर विरोध जताया। उभय पक्षो को सुनने के पश्चात स्पेशल मजिस्ट्रेट योगेश यादव ने राहुल गांधी को दी सशर्त जमानत डें दी।

मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग में नवनियुक्त अभ्यर्थियों के बीच नियुक्ति, नियोजन पत्र का किया वितरण

सीएम नीतीश ने 1028 अभ्यर्थियों को सौंपा नियुक्ति पत्र

कई योजनाओं का किया उद्घाटन और शिलान्यास

प्रात : किरण संवाददाता

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंगलवार को कृषि विभाग अंतर्गत नियुक्ति, नियोजन-पत्र वितरण सह कृषि विभाग की विभिन्न महत्वपूर्ण योजनाओं के उद्घाटन एवं शिलान्यास कार्यक्रम में शामिल हुए। मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने सांकेतिक रूप से 10 नवनियुक्त सहायक प्राध्यापक सह कनीय वैज्ञानिकों को नियुक्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने दिव्या महतो, देवेन्द्र मंडल, प्रियंका, पंकज कुमार, अपर्णा पाण्डेय, शाहीना परवीन, मुन्ना यादव, नेहा पाण्डेय, गायत्री कुमारी, अवधेश कुमार, अंकिता देवी एवं काव्या विश्वास को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर, भागलपुर के अधीन 239 सहायक प्राध्यापक एवं विषय-वस्तु विशेषज्ञों तथा कृषि विभाग अंतर्गत 789 प्रखण्ड स्तरीय तकनीकी प्रबंधक, लेखापाल आदि सहित कुल 1028 अभ्यर्थियों को नियुक्ति व नियोजन पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा जल संसाधन सह भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी ने भी नवनियुक्त अभ्यर्थियों को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने रिमोट के माध्यम से 14 करोड़ रुपए की लागत से बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर, भागलपुर में 800 क्षमता वाले नवनिर्मित सभागार का उद्घाटन किया तथा तीन कृषि अभियंत्रण महाविद्यालयों में 145 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होनेवाले कृषि अभियंत्रण महाविद्यालय, भोजपुर, 123 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होनेवाले कृषि व्यवसाय प्रबंधन महाविद्यालय, पटना एवं 28 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित होनेवाले पोषक अनाज मूल्य श्रृंखला के लिए गुणवत्तावर्द्धन केन्द्र, टनकुप्पा,गया का शिलान्यास किया। कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका स्वागत किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री सह कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन सह भवन निर्माण मंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव आमिर सुबहानी, कृषि विभाग के सचिव संजय कुमार अग्रवाल, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, मुख्यमंत्री सचिवालय के विशेष सचिव चंद्रशेखर सिंह, बिहार कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ डी आर सिंह सहित कृषि विभाग के पदाधिकारीगण]कर्मीगण, नवनियुक्त अभ्यर्थीगण उपस्थित थे। जबकि विडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी जिलों से पदाधिकारीगण एवं नवनियुक्त अभ्यर्थीगण कार्यक्रम से जुड़े थे।

● कृषि विभाग के सचिव ने मुख्यमंत्री को पौधा भेंटकर उनका किया स्वागत

स्कूलों का समय सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक होगा

● विधानसभा में सीएम नीतीश ने की घोषणा

पटना। सूबे में अब सुबह 10 बजे से 4 बजे तक स्कूल चलेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने विधान सभा में यह घोषणा की। मंगलवार को विधान सभा में विपक्षी सदस्यों ने स्कूलों में समय सहित शिक्षा विभाग से जुड़े कई फैसले का विरोध कर रहे थे। इस बीच सदन में स्कूलों के समय निर्धारण पर उठे सवाल पर मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप किया।

मुख्यमंत्री ने साफ तौर पर कहा कि स्कूल का समय 10 बजे से 4 बजे तक रहे। सुबह 9 बजे से पांच बजे तक स्कूल चलाना ठीक नहीं है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक द्वारा स्कूलों में पढाई का समय सुबह 10 बजे से 4 बजे की जगह सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक करने के आदेश पर आपत्ति जताई है। दरअसल, सदन के सदस्यों ने स्कूलों में पढाई का समय सुबह 10 बजे से 4 बजे की जगह शाम 5 बजे तक करने के आदेश पर आपत्ति जताई। इसे लेकर सरकार से सवाल किया और शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के लिए शोषण वाला आदेश करार दिया।

सदन में मौजूद मुख्यमंत्री ने हस्तक्षेप करते हुए स्पष्ट किया कि हम तो शुरू से ही कह रहे हैं कि स्कूल का समय 10 बजे से 4 बजे तक रहे। अभी इस इसे बदला नहीं गया है। उन्होंने कहा कि सुबह 9 बजे से पांच बजे तक स्कूल चलाना ठीक नहीं है। केके पाठक को आज ही बुलाकर कह देंगे, यह उचित नहीं की शाम पांच बजे तक स्कूल चले। इसके पहले बिहार विधानमंडल के बजट सत्र के दौरान मंगलवार को राजद और वाम दलों के विधायकों ने शिक्षा विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला। सदन की कार्यवाही शुरू होने के पहले कई विधायकों ने एक साथ बैनर लेकर शिक्षा विभाग से जुड़े कई फैसलों का विरोध किया। शिक्षकों की कई मांगों को आगे रखकर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव केके पाठक का भी जोरदार विरोध किया।

पीएम मोदी ने तीन शिक्षण संस्थानों के भवनों का किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

● कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, दोनों उप मुख्यमंत्री तथा अन्य मंत्री हुए शामिल

पटना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को आईआईटी पटना के नवनिर्मित 24 भवनों, आईआईएम बोधगया के स्थायी भवन तथा भागलपुर ट्रिपल आईटी के नये स्थायी भवन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी बिहार विधानसभा के विस्तारित भवन स्थित अपने कक्ष से जुड़े। ज्ञातव्य है कि 466 करोड़ रुपये की लागत से बने आईआईटी पटना में 24 भवनों के निर्माण होने से अकादमिक ब्लॉक, केंद्रीय पुस्तकालय, छात्रावास, सेंट्रल लेक्चर हॉल और स्टूडेंट एक्टिविटी सेंटर सहित अन्य सुविधाएं छात्रों को मिलने लगी।

कल मुख्यमंत्री ने बिहटा स्थित आईआईटी परिसर पहुंचकर नवनिर्मित भवनों का जायजा लिया था और वहां की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली थी। मुख्यमंत्री ने वर्ष 2007 में भारत सरकार से पटना में आईआईटी की स्थापना के लिए आग्रह किया था और वर्ष 2008 में पटना में इसकी स्थापना हुई थी। राज्य सरकार द्वारा पटना के बिहटा में उसके लिए 500 एकड़ भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराई गई थी। मूलभूत शैक्षणिक एवं प्रशासनिक भवनों का निर्माण होने पर वर्ष 2012 में यह संस्थान बिहटा के स्थायी परिसर में हस्तांतरित हो गया। नवनिर्मित भवनों का प्रधानमंत्री द्वारा लोकार्पण किए जाने से अब यहां पठन-पाठन का कार्य और बेहतर ढंग से संचालित हो सकेगा। आईआईएम, बोधगया के भवन के उद्घाटन होने से इस परिसर में छात्रों को अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं और पुस्तकालय आदि की और बेहतर सुविधाएं मिलने लगी हैं। 128 करोड़ रुपये की लागत से भागलपुर में ट्रिपल आईटी भवन के उद्घाटन से छात्र-छात्राओं को भी सुविधाएं मिलने लगी है। कार्यक्रम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के साथ उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा तथा विज्ञान, प्रावैधिकी एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुमित कुमार सिंह भी जुड़े हुए थे।

सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव का नतीजा पलटा

पराजित आप उम्मीदवार विजेता घोषित

प्रात : किरण

नई दिल्ली/एजेंसी। उच्चतम न्यायालय ने मंगलवार को चंडीगढ़ महापौर चुनाव के परिणाम को पलटते हुए आम आदमी पार्टी-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शहर का नया महापौर घोषित किया। न्यायालय ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद, निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह, जो भाजपा नेता हैं, के खिलाफ कदाचार के लिए मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि वह पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द नहीं कर रही है और खुद को मतगणना प्रक्रिया में गलत कार्यों से निपटने तक ही सीमित रख रही है, जिसके कारण कुमार के पक्ष में डाले गए आठ मत अमान्य हो गए थे। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यह स्पष्ट है कि मसीह ने जानबूझकर आठ मतपत्रों को विरूपित करने का प्रयास किया। भारतीय जनता पार्टी ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की थी। महापौर पद के लिए भाजपा के मनोज सोनकर ने आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को अपने प्रतिद्वंद्वी के 12 मतों के मुकाबले 16 मत मिले थे। नकर ने रविवार को महापौर पद से इस्तीफा दे दिया था।

राज्यसभा चुनाव : सूबे के सभी छह प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित

प्रात : किरण

पटना। राज्यसभा के लिए सूबे से सभी छह प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित हो गए। इसमें जदयू के संजय कुमार झा, भाजपा के डॉ. भीम सिंह व धर्मशीला गुप्ता, राजद के मनोज झा व संजय यादव के साथ-साथ कांग्रेस के डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह शामिल हैं। सभी सदस्यों का कार्यकाल वर्ष 2030 तक होगा। मंगलवार को नाम वापसी की अंतिम तारीख थी। विधानसभा के सचिव व राज्यसभा चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी राजकुमार ने उनके निर्वाचित होने की घोषणा की। मंगलवार को सभी ने निर्वाचित होने का प्रमाण पत्र भी ले लिया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से उनके बिहार विधानसभा स्थित कक्ष में राज्यसभा के लिये निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद नवनिर्वाचित सांसद संजय कुमार झा ने शिष्टाचार मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने संजय झा को बधाई एवं शुभकामनायें दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

दो अप्रैल से जदयू के वशिष्ठ नारायण सिंह व अनिल हेगड़े, राजद के मनोज झा व अशफाक करीम, भाजपा के सुशील मोदी और कांग्रेस के डॉ. अखिलेश सिंह का कार्यकाल समाप्त हो रहा था। इनमें से राजद ने मनोज झा को जबकि कांग्रेस ने डॉ. अखिलेश सिंह को फिर से अपना उम्मीदवार बनाया था। बिहार से राज्यसभा के 16 सांसद हैं। इनमें एनडीए के 9 जबकि महागठबंधन के 7 सांसद हैं। नए निर्वाचन के बाद राज्यसभा में इस संख्या पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि जदयू के सांसदों की संख्या 5 से घटकर 4 जबकि भाजपा की 4 से बढ़कर 5 हो जाएगी। अब 9 अप्रैल 2026 को पांच राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल समाप्त होगा। इनमें राजद के प्रेमचन्द्र गुप्ता व अमरेन्द्रधारी सिंह, जदयू के हरिवंश सिंह व रामनाथ ठाकुर और भाजपा के विवेक ठाकुर शामिल हैं।

विधानसभा में जल संसाधन विभाग के आय-व्ययक पर चर्चा के दौरान बोलें मंत्री

सूबे में हो रही बहाली मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का परिणाम : विजय

प्रात : किरण

पटना। जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश लगातार आगे बढ़ रहा है। हर क्षेत्र में विकास का काम हो रहा है। शिक्षा सहित सभी विभागों में हुई बहाली मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का ही परिणाम है। लेकिन राजद नेता बहाली का अनावश्यक श्रेय लेने की होड़ में लगे रहे। गठबंधन टूटने का यही सबसे बड़ा कारण बना। मंत्री श्री चौधरी मंगलवार को विधानसभा में जल संसाधन विभाग के आय-व्ययक पर हुए वाद-विवाद के बाद सरकार की ओर से उत्तर देते उक्त बातें कही। श्री चौधरी ने कहा कि राजद नेता अभी भी यह साबित करने में लगे हैं कि बहाली उनके कारण ही हुई है।

जबकि सर्वविदित है कि बहाली की पूरी परिकल्पना मुख्यमंत्री की है। उन्होंने कहा कि जब वर्ष 2005 में एनडीए बिहार में शासन में आया तो चार लाख शिक्षकों की बहाली की गई। मेरे शिक्षा मंत्रित्व काल में भी 50 हजार शिक्षकों की बहाली हुई थी। राजद नेता बीपीएससी से शिक्षकों की बहाली का श्रेय ले रहे हैं। जबकि हकीकत है कि मेरे शिक्षा मंत्री रहने के दौरान ही यह निर्णय हो चुका था कि शिक्षकों की बहाली बीपीएससी से कराई जाएगी। विजय चौधरी ने कहा कि सातवें चरण की बहाली को मैंने ही रोका था। उस समय मुख्यमंत्री के निर्देश पर ही तय हुआ कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षक बहाली के लिए बीपीएससी से बहाली होगी।

जो राजद नेता बहाली का श्रेय ले रहे हैं, हकीकत है कि जब वे शिक्षा मंत्री थे तो कोई न कोई अड़चन ही सामने आता रहा। जब राजद कोटे के शिक्षा मंत्री ने दफ्तर जाना बंद कर दिया तभी बहाली की प्रक्रिया शुरू हुई। इसके पहले राजद की ओर से पूर्व शिक्षा मंत्री प्रो चंद्रशेखर ने दावा किया कि सभी शिक्षक संगठनों से विमर्श के बाद ही हमने सुझाव दिया कि बीपीएससी से ही शिक्षकों की बहाली हो। सीएम शिक्षा दान योजना का प्रस्ताव दिया। जब शिक्षक बहाली का विज्ञापन प्रकाशित हुआ उस समय मौजूदा अपर मुख्य सचिव विभाग में आए भी नहीं थे। नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने का सुझाव दिया। डोमिसाईल नीति लागू करने को कहा। राजद कोटे के मंत्रियों वाले विभागों की जांच ही करानी है तो सुप्रीम कोर्ट या हाईकोर्ट के रिटायर्ड जज से जांच कराई जाए।

दरअसल, जल संसाधन विभाग के बजट पर बोलते हुए पूर्व शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर ने दावा किया था कि उन्होंने ही सुझाव दिया था कि बीपीएससी से शिक्षकों की बहाली हो। चंद्रशेखर ने कहा कि जब शिक्षक बहाली का विज्ञापन प्रकाशित हुआ उस समय मौजूदा अपर मुख्य सचिव विभाग में आए भी नहीं थे। चंद्रशेखर ने दावा किया कि उन्होंने ही नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा देने का सुझाव दिया था। शिक्षक नियुक्ति में डोमिसाईल नीति लागू करने को कहा था।

बिहार सरकार

पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग

पशुपालन ज्ञान पशुपालक कल्याण

शीत लहर से पशुओं का बचाव

पशुओं की देखभाल के लिए आवश्यक सुझाव

क्या करें

1. स्थानीय मौसम पूर्वानुमान की जानकारी रखा जाए।
2. शीत लहर से पशुओं के बचाव की पूर्व तैयारी कर ली जाए।
3. पशुशाला को सभी तरफ से ढ़कने (विशेषकर रात्रि में) की व्यवस्था की जाए ताकि सीधे तौर पर शीत लहर से पशुओं को बचाया जा सके।
4. पशुओं के बिछावन हेतु सूखे पुआल की व्यवस्था कर ली जाए।
5. शीतदंश (Froast Bite) से बचाव हेतु पर्याप्त रोशनी तथा गर्मी प्रदान करने वाले उपकरणों की व्यवस्था पूर्व में कर ली जाए।
6. पशुओं को कीड़ा मारने वाली दवा जाड़े के पूर्व दे दी जानी चाहिए एवं खुरहा, पी0पी0आर0, इन्टेरोट्रॉकसीमिया रोग के विरूद्ध टीकाकरण कराना चाहिए।
7. पशुओं को सूखे एवं धुँआ रहित स्थानों पर रखा जाए।
8. मुर्गियों/पक्षियों को रखने के स्थान पर गर्मी की व्यवस्था अनिवार्य रूप से करनी चाहिए।
9. वाह्य परजीवियों से पशुओं को बचाने हेतु नारगुण्डी तथा लेमन ग्रास की पत्तियों को पशुशाला में टांगना चाहिए। नीम तेल से युक्त निस्क्रामक रसायनों (Disinfectant) का उपयोग किया जाना चाहिए।
10. जाड़े में पशुओं के शरीर को ढ़क कर रखा जाए।
11. पशुओं को संतुलित एवं नमक/इलेक्ट्रोलाईट से युक्त पूरक आहार देना चाहिए। खल्ली एवं गुड़ की अतिरिक्त मात्रा दिया जाना चाहिए ताकि शरीर गर्म रहे।
12. पशुओं को स्वच्छ नाद में हल्का गर्म पानी दिन में तीन-चार बार देना चाहिए।
13. पशुओं/पक्षियों के बीमार होने पर शीघ्र स्थानीय पशु चिकित्सालय से सम्पर्क करना चाहिए।
14. बीमार, कमजोर एवं गर्भवती पशुओं का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए।
15. पशु शवों का निस्तारण वैज्ञानिक तरीके से एवं लोगों के निवास तथा जलस्त्रोतों से पर्याप्त दूरी रखते हुए किया जाना चाहिए।
16. आग के स्त्रोत पशुशाला से आवश्यक दूरी पर रखना चाहिए तथा अग्नि आपदा से बचाव के सभी नियमों का पालन किया जाना चाहिए।
17. पर्यावरण के अनुकूलन के साथ पशुशाला का निर्माण, जिसमें जाड़े में अधिकतम सूर्य-किरण एवं गर्मी में न्यूनतम रेडिएसन की उपलब्धता हो, कराया जाए।

क्या न करें

1. शीत ऋतु में पशुओं को खुले में नहीं छोड़ना चाहिए।
2. पशु मेला आदि का आयोजन शीत ऋतु में नहीं किया जाना चाहिए।
3. ठंडा भोजन एवं पानी पशुओं को नहीं देना चाहिए।
4. पशुओं एवं मुर्गियों/पक्षियों को नमीयुक्त या धुँआ वाले स्थान पर नहीं रखना चाहिए, इससे Pneumonia का खतरा बढ़ता है।
5. पशुओं के चारागाह के रास्ते में पशु शवों का निस्तारण नहीं करना चाहिए।
6. बीमार पशुओं की चिकित्सा फर्जी चिकित्सकों से नहीं कराना चाहिए।

PR. No. 017747 (Animal)D. 2023-24

पशुपालन निदेशालय, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना द्वारा जनहित में प्रचारित

संक्षिप्त खबरें

यूपीआई से खाता से 72 हजार की हुई अवैध निकासी

पटना सिटी (प्राकि)। साइबर फ्रॉड हर दिन लोगों को टारगेट बना रहा है।पूनम देवी, जो काजीबाग महावीर मंदिर के पास की रहने वाली हैं , वह भी साइबर ठग की शिकार हो गई। उसके खाता से 72 हजार रुपया यूपीआई के माध्यम से अवैध रूप से निकासी हो गई। पीड़िता ने इस संबंध में आलमगंज थाना की पुलिस को सूचना दी है। महिला ने पुलिस को बताया कि खाता से निकासी का मैसेज उसे मोबाइल पर नहीं मिला। जब बैंक खाता को अपडेट करने गई, तब अवैध निकासी का पता चला। साइबर सेल को भी इसकी सूचना दी गई है।

जख्मी किशोर का हुआ मौत

फतुहा। जख्मी हालत में थाना क्षेत्र के गोरी पुंदाह गांव में मिले 16 वर्षीय किशोर की इलाज के दौरान पटना स्थित पीएमसीएच में मौत हो गयी। किशोर की पहचान गोरी पुंदाह गांव के ही संजु राम के पुत्र सोनु कुमार के रुप में हुई है। सोनु कुमार को जख्मी किसने की, यह स्पष्ट नही हो सका है। लेकिन यह घटना बीते 17 फरवरी की है। पिता संजु राम के मुताबिक वह शाम को घर से निकलकर शौच के लिए गया था। जब काफी समय बीत जाने के बाद भी वह घर नहीं लौटा तो उसकी खोजबीन शुरू की गई। गांव के ही एक गली में वह काफी जख्मी हालत में मिला। तत्काल उसे उसी रात को फतुहा सीएचसी लाया गया। लेकिन हालत गंभीर रहने के कारण उसे पटना के लिए रेफर कर दिया गया। बीते रात उसकी मौत हो गयी। पिता ने आशंका जाहिर किया कि उसके बेटे को किसी ने मारपीट कर गंभीर हालत में जख्मी कर दिया था तथा गली में लाकर छोड़ दिया था। पोस्टमार्टम के बाद परिजन शव को लेकर थाने पहुंचे तथा पुलिस को आपबीती सुनाई। जानकारी होते ही पुलिस मामले की छानबीन करने में जुट गयी है। दूसरी तरफ किशोर का शव घर पहुंचते ही परिजनों के बीच कोहराम मच गया।

बंद फ्लैट का ताला तोड़कर लाखों का जेवर ले उड़े चोर

दानापुर थाना क्षेत्र अंतर्गत। लोहियापथ में बंद फ्लैट का ताला तोड़ चोरो ने 40 हजार नगद समेत करीब पांच लाख का जेवरात व अन्य सामान की चोरी कर ली। रूपसपुर पुलिस मामले की छानबीन में लगी है। चोर ने करीब आधा घंटे में घटना का अंजाम देकर भाग निकले। रूपसपुर थाना क्षेत्र के लोहियापथ के आनंदश्री अपार्टमेंट के फ्लैट संख्या 01बी निवासी राजेन्द्र प्रसाद दस दिन पूर्व चाची के निधन पर परिवार के साथ अयोध्या गये थे। फ्लैट बंद था। मंगलवार जब वे वापस फ्लैट पर पहुंचे तो फ्लैट का ताला टूटा मिला। ये देख वो परेशान हो गये। अंदर सारे कमरे खुले थे। कमरे में सारा सामान बिखड़ा था। चोरो ने दिवान व आलमीरा आदि के लॉक टूटे थे। चोरो ने लॉकर में रखे करीब 40 हजार नगद जेवरात टीवी समेत कीमती सामान लेकर भाग निकले। चोरी गये सामान की कीमत करीब साढे पांच लाख बताये जाते है। फ्लैट के लोगो ने बताया कि सीसीटीवी में मंगलवार के एक युवक खंती लिये दिख रहा है। सूचना पर पहुंची पुलिस सीसीटीवी को खंगालते हुए छानबीन में लगी है।

चोरी करते चोर रंगे हाथ गिरफ्तार

दानापुर खगौल थाना क्षेत्रके अंतर्गत सोमवार के बीते रात निमत्ला रोड एक घर से चोरी करते एक चोर को पकड़ा गया।इस संबंध में गृहस्वामी मो इबाराइल अंसारी ने लिखित आवेदन में बताया घर में खिलाड़ी के रास्ते से चोर घर में घुसा जब घर में खट खट की आवाज आने पर देखा की घर में चोर है इसकी सुचना पुलिस को दी गई। इस संबध में खगौल थाना प्रभारी सुनील कुमार ने बताया की पकड़ा गया चोर के पास से घर मोबाइल,एक हजार रूपए और लोहे का छड़ चोरी किया था। पकड़ा गया चोर मसोड़ी डी के रहने वाला 21 वर्षीय अभिषेक कुमार है। पूछताछ करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

ट्रेन की बोगी से शराब बरामद

दानापुर खगौल रेल थाना क्षेत्र के अंतर्गत जीआरपी द्वारा विशेष चेकिंग के दौरान दानापुर स्टेशन पर रेल पुलिस ने प्लेटफार्म नंबर 1 ए पर खड़ी ट्रेन नंबर 12488 डाउन सीमांचल एक्सप्रेस के बोगी के शौचालय के पास थैला में रखे गये लावारिस अवस्था में शराब बरामद किया। पुलिस ने 14 कार्टून टेट्रा पैक शराब बरामद किया। इस संबंध में रणधीर कुमार ने बताया कि विशेष चेकिंग के दौरान सीमांचल एक्सप्रेस के शौचालय से दो बडे थैले में रखे गये 14 कार्टून टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया।

तख्तश्री कमेटी को भंग कर एडहॉक समिति बनाने पर सुनवाई आज

8 फरवरी को हुई बैठक व दोनों पक्ष से जारी पत्र सुनवाई में अहम

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रबंधक कमेटी, तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी लगता नहीं चुनाव जल्द हो पाएगा। एक पक्ष मामले को लेकर पटना उच्च न्यायालय में गए हैं। वहीं सरदार इकबाल सिंह उर्फ लकी बग्गा ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां मामला दर्ज करा रखा है। इसमें वर्तमान कमेटी को भंग करते हुए एडहॉक समिति बनाने की बात कही गई है। साथ ही एडहॉक समिति को भी एक निश्चित समय अवधि में प्रबंधक कमेटी का चुनाव कराने का दायित्व सौंप जाने को कहा गया है। साथ ही यह भी निदेश करने को कहा गया है कि आगे में जो भी प्रबंधक कमेटी गठित होगी, वह अपने पांच साल के कार्यकाल पूरा होने के छह माह पहले से ही चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दे, ताकि हर पांच साल पर सही ढंग से चुनाव हो सके। तख्तश्री कमेटी का कार्यकाल जुलाई, 23 में ही पूरा हो चुका है। हालांकि इस दौरान पूर्व महासचिव चरणजीत सिंह के द्वारा चुनावी प्रक्रिया शुरू कराए जाने को लेकर जनवरी, 23 से ही पत्र लिखने का दौर शुरू किया गया। इसे बाद में फरवरी, 23 से बिहार राज्य चुनाव प्राधिकार के सचिव ने भी गति देने का काम किया। इस दौरान तिथि को आगे बढ़ाते हुए किसी तरीके से वोटर लिस्ट फाइनल बना भी लिया गया, मगर महासचिव इंद्रजीत सिंह के पक्ष में मीटिंग का कोरम पूरा नहीं होने के कारण मतदाता सूची को अनुमोदित नहीं कराया जा सका। दरअसल कमेटी के अध्यक्ष जगजोत सिंह, कनीय उपाध्यक्ष गुरुविंदर सिंह सहित उनके साथ रहे डॉ गुरमीत सिंह, राजा सिंह, एमपीएस ढिल्लन आदि भी वर्तमान तैयार मतदाता सूची को त्रुटिपूर्ण बताते रहे एक बार फिर नए सिरे से वोटर लिस्ट बनाने का काम शुरू करने का निर्णय लिए। इसके लिए अध्यक्ष सहित पांच लोगों के हस्ताक्षर से पांच निर्वाचन क्षेत्र के लिए लोगों को प्रतिनियुक्ति भी किया गया है। पांच निर्वाचन क्षेत्र से अनेक लोगों ने पत्र जारी कर अध्यक्ष के द्वारा जारी पत्र का विरोध किया गया अंततः कमेटी के तीन पदाधिकारी महासचिव इंद्रजीत सिंह सचिव हरमन सिंह और वरीय उपाध्यक्ष लखविंदर सिंह ने भी विरोध जताया हल्का एक से तो एक सदस्य ने अपना नाम वापस लेने का पत्र भी कमेटी के कार्यालय को सौंप दिया ऐसे में बढ़ते दबाव को देखते हुए और तीन पदाधिकारी को विश्वास में लिए बिना अध्यक्ष सहित पांच लोगों के हस्ताक्षर से जारी पत्र को महासचिव ने रद्द कर दिया अब लोगों की निगाहें बुधवार को जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां होने वाली सुनवाई पर टिकी है।

आर्म्स के साथ मनीष पगला को मेहंदीगंज पुलिस ने किया गिरफ्तार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना की पुलिस ने हथियार लहराते एक युवक को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि महात्मा ज्योति राव फूले पार्क के पास में छापेमारी कर मनीष कुमार वर्मा उर्फ मनीष पगला को हथियार के साथ गिरफ्तार किया गया है।

उसके पास से पिस्टल बरामद किया गया है। पुलिस ने थाना लाकर उससे पूछताछ किया। पुलिस को उसने बताया कि लोहा के पुल के पास एक फरवरी की सुबह सब्जी विक्रेता गोपाल महतो को उसी ने गोली मारी थी। हालांकि घटना के वक्त उसके साथ दो-तीन अन्य लोग भी थे। घटना को अंजाम देने के बाद वह वहां से भाग निकला था। बताया जाता है कि गोपाल महतो के बेटे टुनटुन महतो की भी करीब एक साल से अधिक पहले चाकू गोद कर हत्या कर दी गई थी। मामला कोर्ट में चल रहा था।

इसमें सुनवाई होनी थी। नामजद के द्वारा केस में समझौता किए जाने और ऐसा नहीं करने पर लगातार धमकी दी जा रही थी। बताया जाता है कि इस मामले में जेल में बंद कन्हैया ने वहीं से सेटिंग कराया था। पुलिस ने पूछताछ करने के बाद अभियुक्त मनीष कुमार वर्मा उर्फ मनीष पगला को जेल भेज दिया है।

नगर परिषद में आम बजट पेश किया गया

प्रात :किरण संवाददाता

दानापुर खगौल नगर परिषद के प्रांगण में वितीय वर्ष 2024-25 का वितीय वर्ष 2024-25 का आम बजट 55,29,14,453 रुपए लाभ का पेश किया गया। जिसे पार्षदों ने ध्वनिमत से पास कर दिया। मुख्य पार्षद सुजीत कुमार ने बजट पेश करते हुए कहा कि खगौल के सर्वांगीण विकास को लेकर रोड एवं नाला निर्माण पर करीब 11 करोड, जलापूर्ति प्रणाली एवं जल जीवन हरियाली के लिए 03 करोड 70 लाख का प्रावधान है। पब्लिक लाईट एवं पार्किंग विकास सफाई उपकरण एवं वाहन क्रय के लिए करीब 04 करोड का प्रावधान किया गया है। डस्टबिन क्रय के लिए 70 लाख का प्रावधान किया गया है। सब के लिए आवास योजना पर दो करोड एवं नगर सौन्दर्यीकरण पर 20 लाख रुपए की अनुमानित राशि खर्च करने का उपबंध है। मुख्य पार्षद ने बताया कि वितीय वर्ष का कुल अनुमानित आय 111,75,44,453 रूपए और 56,46,30000 रूपए व्यय का प्रस्ताव अनुमानित रखा गया है। इस प्रकार 55,29,14 453 रूपए लाभ का बजट है। हमारा उद्धेश्य स्वच्छ सुंदर एवं सुरक्षित खगौल बनाना है। इसको लेकर हर बिंदू को ध्यान में रखते हुए बजट बनाया गया है। बैठक में डस्टबिन खरीद के मुद्दे पर कुछ पार्षदो ने आवाज उठाया गया पर डस्टबिन खरीदारी नही हुई। जल जीवन पर भी कार्य नही हुआ। बैठक में पार्षद सरिता शर्मा, सुजाता देवी, महेन्द्र कुमार सिंह, रेखा देवी समेत पार्षद व कार्यपालक पदाधिकारी कन्हैया कुमार सहायक लोक स्वच्छता अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी विजय प्रकाश समेत पदाधिकारी उपस्थित थे।

घर के बाहर से बच्चा लापता, अगवा की आशंका

प्रात :किरण संवाददाता

मेहंदीगंज थाना क्षेत्र के दीपनगर बैंक कॉलोनी से एक साल का बच्चा घर के बाहर से लापता है। पुलिस अगवा की आशंका को लेकर प्राथमिकी दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है। पिता बादल कुमार ने बताया कि वह निजी बैंक में चतुर्थवर्गीय कर्मचारी हैं। 18 फरवरी को दोपहर करीब दो बजे बच्चा खाना खाकर दरवाजा के बाहर निकला था। कुछ देर के बाद ही वह वहां पर नहीं देखा गया। जब उसका आसपास पता नहीं चला, तब परिवार के लोग खोजबीन में लग गए। आसपास के मुहल्ले एवं संभावित स्थानों पर खोजबीन करने पर भी जब पता नहीं चला। इसके बाद पिता ने इसकी सूचना मेहंदीगंज थाना की पुलिस को दी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि गंभीरता से पूरे मामले की छानबीन की जा रही है

मेहनत कर दिल्ली-दुबई में कारोबार खड़ा किया,जमुई में खानदानी जमीन पर माफियाओं का कब्जा, सरकार से गुहार

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार में भूमाफियाओं के द्वारा जमीन कब्जा के शिकायतें आए दिन सामने आती है।मगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जारी स्पष्ट आदेश के बावजूद प्रशासन इस मामले में निष्क्रिय बनी रहती है।कहीं-कहीं तो प्रशासन तथा सरकार के जिम्मेदार पद पर बैठे लोग ही भू माफिया को संरक्षण भी देते हैं। ताजा मामला बिहार के जमुई जिला से सामने आया है ।शिकायत के बावजूद प्रशासन हरकत में नहीं आ रही है।वहीं तमाम दस्तावेज सामने रखने के बावजूद जमुई प्रशासन ध्यान नहीं दे रही है। एमडी शाकिर अनवर, जो भारत और संयुक्त अरब अमीरात में स्थित एक निजी कंपनी के सीईओ और प्रबंध निदेशक हैं,जब रोजगार प्रदान करने और समाज और बिहार के लोगों के लिए कुछ अच्छा करने के लिए बिहार में अपने लॉजिस्टिक्स और अन्य व्यावसायिक क्षेत्रों का विस्तार करने के लिए बिहार वापस आए थे। जहां उनका जन्म हुआ था।वहां उन्हें पता चला कि उनकी पैतृक जमीन,जो जमुई शहर में लगभग 15 एकड़ है।जो उन्हें उनकी परदादी मोसमात बीबी आयशा से विरासत में मिली थी। उस पर भू-माफिया कब्जा कर रहे हैं और जमुई के पूर्ववर्ती सीओ और सीआई इस साजिश में शामिल हैं।विगत जुलाई 2023 में उन्होंने जमुई के अपर भूमि समाहर्ता के पास शिकायत दर्ज की और कई अनुस्मारक के बाद भी सीआई जमुई ने अभी तक रिपोर्ट संख्या 1268 जमा नहीं की है।जो उन्हें एडीएम जमुई कार्यालय से गत 31 जुलाई को प्राप्त हुई थी। एमडी खुर्शीद अनवर, जो एमडी शाकिर अनवर के पिता हैं, ने 2016 से सीओ जमुई कार्यालय में कई लिखित शिकायत दी थी कि उनकी जमीन पर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा अतिक्रमण किया जा रहा है।उनकी जमीन के किसी भी उत्परिवर्तन अनुरोध को पहले से सूचित किया जाना चाहिए ताकि वे दस्तावेज प्रस्तुत कर सकें। इस मामले को लेकर एमडी शाकीर अनवर ने सरकार से इसमें शामिल अधिकारियों और भू-माफियाओं के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर एमडी खुर्शीद अनवर ने जमुई पुलिस स्टेशन में इसी माह 5 फरवरी को भू-माफिया तेज नारायण सिंह के खिलाफ एक लिखित शिकायत आर-125/24 भी दर्ज करवाई है।जो उनकी संपत्ति पर अवैध रूप से कब्जा कर रहे थे। आश्चर्यजनक पहलू है कि मुख्यमंत्री के द्वारा भूमि विवाद से जुड़े मामले पर विशेष ध्यान देने के निर्देश के बावजूद अभी तक इस मामले में कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है।अगर ऐसी चीजें विदेश में बसे एक व्यवसायी के साथ हो रही है।जो समाज के लिए कुछ बेहतर करना चाहता है।तो कैसे संभव है कि वह अपने प्रदेश में निवेश करेगा और राज्य की बेहतरी के लिए सोचेगा। मेहनत कर दिल्ली-दुबई में कारोबार खड़ा किया,जमुई में खानदानी जमीन पर माफियाओं का कब्जा,सरकार से गुहारपटना। बिहार में भूमाफियाओं के द्वारा जमीन कब्जा के शिकायतें आए दिन सामने आती है।मगर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा जारी स्पष्ट आदेश के बावजूद प्रशासन इस मामले में निष्क्रिय बनी रहती है।कहीं-कहीं तो प्रशासन तथा सरकार के जिम्मेदार पद पर बैठे लोग ही भू माफिया को संरक्षण भी देते हैं।

एनएमसीएच रोड से हटाया गया अतिक्रमण

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि के निर्देश पर एक बार फिर अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू किया गया है। अजीमाबाद अंचल के द्वारा एनएमसीएच रोड में अतिक्रमण हटाने का काम शुरू किया गया। अस्पताल के दोनों ओर अगमकुआं रेल लाइन तक अतिक्रमण आबाद है। नगर निगम के द्वारा अनेकों बार उक्त अस्थायी अतिक्रमण को हटाया गया है, मगर इसके दूसरे-तीसरे दिन ही फिर से झोपड़ी से लेकर अस्थायी दुकान आबाद हो जाता है। अजीमाबाद अंचल के अतिक्रमण प्रभारी मिथिलेश कुमार ने बताया कि मंगलवार को एनएमसीएच के लॉन्ड्री के पास से लेकर एनएमसीएच गेट के कुछ आगे तक अतिक्रमण हटाने का काम किया गया। इस दौरान झोपड़ियों को हटाया गया। लोगों ने अतिक्रमण हटाए जाने का खासा विरोध भी किया, मगर उन लोगों की एक नहीं चल पाई। इसे हटाने के बाद उन सबों से 7,100 जुमार्ना भी वसूल किया गया। वहीं बताया जाता है कि कुछ लोगों ने सिटी एसडीओ के यहां शिकायत की है कि नगर निगम के पदाधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा ही नाजायज रूप से अतिक्रमण आबाद कराया जाता है और अतिक्रमण हटाओ अभियान शुरू होने के पूर्व ही उन सबों को सूचित कर दिया जाता है, ताकि वे सब अपना सारा सामान हटा लें। इसे लेकर एसडीओ ने नगर निगम के अजीमाबाद और सिटी अंचल के ईओ को पत्र भी भेजा है। इसमें उक्त निगम कर्मियों के द्वारा अवैध वसूली अतिक्रमण के लिए किए जाने का आरोप लगाया गया है। हालांकि इस संबंध में निगम के पदाधिकारी और कर्मचारी कुछ भी बोलने से इनकार करते हैं। मगर दबी जुबान स्पष्ट तौर पर कहते हैं कि अगर कोई ऐसा करता है, तो ऐसे पदाधिकारी और कर्मचारियों पर निश्चित रूप से कार्रवाई की जाए।

ट्रैक्टर लूट कांड में लूटी हुई गाड़ी के साथ पांच गिरफ्तार

प्रात :किरण संवाददाता

फतुहा। पुलिस अनुमंडल के दीदारगंज थाना क्षेत्र के रेलवे पुल के समीप से बीते दिनों छड़ से लदी ट्रेकर को टेम्पो में सवार लुटेरों द्वारा ट्रैक्टर को ओवरटेक कर लूट लिया गया था जिसको लेकर ग्रामीण एसपी के निर्देशन में डीएसपी शियाराम यादव के नेतृत्व में फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अम्बुज, दीदारगंज थाना अध्यक्ष मिथलेश कुमार की टीम के द्वारा अपराध की गंभीरता को देखते हुए एक साथ कई जगहों पर छापेमारी किया गया था। अपराधियों द्वारा ट्रैक्टर का सरिया लदा डाला बुद्धदेवचक में छोड़ दिया गया था साथ ही गाड़ी के इंजन को मकसूदपुर में छोड़ भागे थे जिसको पुलिस ने बरामद किया था परंतु लूट में संलिप्त अपराधियों को लेकर पुलिस लगातार तकनीकी अनुसंधान में जुटी थी जिसके बाद सभी अपराधियों को पकड़ लिया गया। जिसकी जानकारी डीएसपी शियाराम यादव ने प्रेस कांफ्रेंस में दिया है। पकड़े गए अपराधी अभिषेक राज वरुणा, सौरव कुमार नरमा, गोविंद कुमार कोलहर, धनराज कुमार खगरिया का रहने वाला है। इन सभी को फतुहा थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों से पकड़ा गया है। इनके पास से लूट में इस्तेमाल किया गया टेम्पो भी बरामद किया गया है।

शनि शांति महायज्ञ व प्राण प्रतिष्ठा

पटना सिटी (प्राकि)। चौक थाना क्षेत्र के कंगन घाट पर शनि शांति महायज्ञ का अनुष्ठान चल रहा है। अयोध्या के मणि पर्वत रघुनंदन कुंज से आए संत श्री श्री 108 नागा बाबा उर्फ तेल पानी बाबा के सानिध्य में धार्मिक अनुष्ठान चल रहा है। यज्ञ का समापन 22 फरवरी को होगा। आयोजन को लेकर राजनाथ मुखिया, वकील राय, राजेंद्र राय, राजीव राय, टुनटुन राय, उमेश राय, पूर्व डीएसपी विजय कुमार यादव, डॉ राजीव गंगौल, राजेश शुक्ला टिल्लू, विकास राज जायसवाल आदि सक्रिय हैं। इस दौरान गोपाल कृष्ण शास्त्री का प्रवचन भी हुआ।

दो समितियों के सैदपुर नाला पर रोड बनाने का श्रेय लेने की होड़

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

सैदपुर नहरहनुमा नाला को ढंक कर रोड बनाए जाने का काम शुरू हो चुका है। अब इसमें श्रेय लेने के लिए होड़ सी मची है। एक तरफ पाटलिपुत्र नगर विकास समिति जमीनी स्तर पर चल रहे काम की जांच और कार्य की गुणवत्ता को जाकर देख रही है, दूसरी ओर जन संघर्ष मोर्चा के द्वारा कार्य शुरू नहीं किए जाने को लेकर धरना और बयानबाजी का दौरा किया जा रहा है। ऐसे में कार्य कर रही एजेंसी नाराज है। दरअसल सैदपुर नहरनुमा नाला को ढंक कर रोड बनाने के काम को लेकर पानी को डायवर्सन का काम चल रहा है। पाटलिपुत्र नगर विकास समिति के अध्यक्ष बबलू कुमार भी पिछले दिनों साइट पर जाकर वहां मौजूद कार्यपालक अभियंता अशोक कुमार से बात की थी। उन्होंने विस्तार से काम के बारे में जानकारी ली। संभावना यही जताई गई की सैदपुर नाला पर बेहतर सड़क का निर्माण बुडको के द्वारा कराया जाएगा। हालांकि जो एजेंसी काम कर रही है, वह जन संघर्ष मोर्चा के धरना को लेकर नाराजगी जाहिर की है। एजेंसी का कहना था कि जब काम चल रहा है, तो ऐसे में काम नहीं शुरू करने की बात कही जा रही है। इससे काम में बाधा उत्पन्न हो सकता है। समिति ने एजेंसी से कहा है कि कार्य जनता के हित में हो रहा है, इसलिए समय-समय पर कार्य की गुणवत्ता के लिए जनता के साथ भी बैठक कर उन्हें स्थिति की जानकारी दें। साथ ही यह भी कहा गया कि क्योंकि सैदपुर की तरफ से कार्य का शिलान्यास किया गया था और इस तरफ ही नाला में गिर कर घायल होने या मौत की घटनाएं हो रही हैं। इस कारण से इसी ओर से काम शुरू कराया जाए।

रेलकर्मियों की समस्याओं से अवगत हुए महाप्रबंधक, त्वरित केस निष्पादन का दिया निर्देश

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर। महाप्रबंधक श्री अनिल कुमार खंडेलवाल रेलकर्मियों की समस्याओं के निराकरण के लिए व्यक्तिगत रूप से रूचि ले रहे हैं । इसी क्रम में आज मुख्यालयमें 09 रेलकर्मी/उनके आश्रितों ने महाप्रबंधक से मुलाकात की तथा अपनी विभागीय समस्याओं से महाप्रबंधक को अवगत कराया । महाप्रबंधक ने विस्तारपूर्वक उनकी समयाओं को सुना तथा संबंधित विभागों को प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए निर्धारित समय सीमा में केस निष्पादन के निर्देश दिए। इस अवसर पर कार्मिक विभाग के अधिकारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे । विदित हो कि रेल से जुड़े स्टेक होल्डर की समस्याओं के निष्पादन के उद्देश्य से उनकी समस्याओं के समाधान के लिए महाप्रबंधक से मुलाकात हेतु प्रत्येक मंगलवार को निर्धारित किया गया है । इसके लिए रेलकर्मी अपना नाम पूर्व में कार्मिक विभाग में रजिस्टर्ड करवाकर मंगलवार को महाप्रबंधक से मुलाकात कर अपनी समस्याएं उनके सामने रख सकते हैं । महाप्रबंधक के इस पहल से रेलकर्मियों में काफी हर्ष है । कर्मचारी कल्याण के प्रति महाप्रबंधक की यह पहल रेलकर्मियों को और अधिक निष्ठा के साथ कार्य निष्पादन हेतु प्रेरक का काम करेगा ।

पिता के निधन पर कराया नालंदा मेडिकल कॉलेज में नेत्र व देहदान

20 मेडिकल छात्र पर एक देह, मगर बिहार में मृत शरीर नहीं मिलने से औसत 300 छात्र पर एक

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान रंग लाया और अगमकुआं के रहने वाले राधे श्याम संथालिया का पार्थिव शरीर नालंदा मेडिकल कॉलेज के एनाटोमी विभाग को सुपुर्द कर दिया गया। विभागाध्यक्ष प्रोडॉ रश्मि प्रसाद एवं समिति के महासचिव पद्मश्री बिमल जैन, उपाध्यक्ष अरुण सत्यमूर्ति, संजीव कुमार यादव, समिति के सदस्यगण, भारत विकास विकलांग अस्पताल के प्रबंध न्यासी विवेक माथुर एवं मृतक के परिजनों की उपस्थिति में उनके पुत्र अशोक संथालिया, मनोज कुमार संथालिया ने पूरा शरीर सौंप कर पीड़ित मानवता की सेवा के लिए एक मिसाल काम किया। देहदान के पूर्व नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल में नेत्रदान कर श्रेष्ठ उदाहरण पेश किया गया। इस मार्मिक घड़ी में नालंदा मेडिकल कॉलेज परिसर में बैकुंठवासी आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई तथा एक मिनट का मौन रखा गया। अस्पताल प्रशासन और दधीचि देहदान समिति द्वारा मृतक के परिवार को साहसिक कार्य के लिए साधुवाद दिया गया। इस मौके पर विनीता मिश्रा, गोविंद कानोडिया, अमित कुमार सोनी, वीरेंद्र सिंह, मुकेश हिसारिया, प्रदीप जैन एवं परिवार के लोग उपस्थित थे। मृतात्मा के शरीर का इस्तेमाल मेडिकल की पढ़ाई करने वाले छात्र कर सकेंगे। बता दें कि हर 20 मेडिकल छात्र पर एक देह (शरीर) की जरूरत होती है, लेकिन बिहार में मृत शरीर नहीं मिल पाने के कारण यह औसत 30 छात्र पर एक ही है। अशोक जी का पूरा परिवार न सिर्फ पटना जिला, बल्कि बिहार के लिए मिसाल बने हैं। पद्मश्री बिमल जैन ने आह्वान किया कि दधीचि देहदान समिति के जागरुकता अभियान के तहत नेत्रदान व देहदान का संकल्प लें और पीड़ित मानवता के लिए अपना योगदान दें। दधीचि देहदान समिति बिहार के अध्यक्ष सह पूर्व राज्यपाल गंगा प्रसाद एवं मुख्य संरक्षक सह पूर्व उपमुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी ने देहदान के लिए हृदय से आभार जताया है।

मंत्री प्रेम कुमार ने बसंत कालीन वृक्षारोपण कार्यक्रम का किया शुभारम्भ

प्रात :किरण संवाददाता

हाजीपुर।वैशाली वन प्रमंडल अन्तर्गत ट्रिनिटी इन्टरनेशनल स्कूल, हिलालपुर , हाजीपुर के परिसर में बसंतकालीन वृक्षारोपण का शुभारम्भ डॉ० प्रेम कुमार, माननीय मंत्री, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, बिहार सरकार की गरिमामय उपस्थिति में गुब्बारा उठाकर किया गया एवं इस दिवस को यादगार बनाने के लिए परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया। इस अवसर पर श्री ए०के० प्रसाद, प्रधान मुख्य वन संरक्षक (विकास), बिहार, पटना, श्री ए०के० द्विवेदी, क्षेत्रीय मुख्य वन संरक्षक, मुजफ्फरपुर एवं मुजफ्फरपुर परिक्षेत्र के श्री अमीत कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी, वैशाली, श्री रामसुन्दर एम०, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सारण, श्री आर०के० रवि, वन प्रमंडल पदाधिकारी, समस्तीपुर, डॉ० अमिता राज, वन प्रमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी, श्री राजकुमार शर्मा, वन प्रमंडल पदाधिकारी, मोतिहारी, श्री पंकज कुमार, वन प्रमंडल पदाधिकारी, गोपालगंज एवं श्री डेविस एरिक फिलिप, प्राचार्य उपस्थित थे। मंत्री द्वारा वैशाली जिला के बरेला झील सलीम अली पक्षी आश्रयणी से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। मंत्री जी द्वारा बसंतकालीन वृक्षारोपण के शुभारम्भ कार्यक्रम में कपूर के पौधे का रोपण किया गया।उपस्थित अधिकारियों ने भी पौधे लगाए। मंत्री महोदय ने विभागीय पदाधिकारियों को सम्बोधित करते हुए बताया कि मौसम बदल रहा है, असमय वर्षा हो रही है, दक्षिण बिहार में कम बारिश के चलते जल स्तर काफी कम हो जा रहा है वहीं उत्तर बिहार में अधिक वर्षा के कारण जल जमाव की स्थिति उत्पन्न हो जा रही है। इसलिए उत्तर बिहार में बसंतकालीन वृक्षारोपण कराया जाता है। बताया कि माननीय प्रधानमंत्री द्वारा दुबई में कार्बन उत्सर्जन तथा जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने हेतु हरित क्रांति का संदेश दिया है। उन्होंने बताया कि इस दिशा में माननीय प्रधानमंत्री के साथ-साथ माननीय मुख्यमंत्री सतत प्रयत्नशील है। माननीय मुख्यमंत्री, बिहार ने जल-जीवन-हरियाली योजना के माध्यम से जल एवं हरियाली के संरक्षण पर विशेष बल दिया है। जिसके कारण आज बिहार राज्य में वनाच्छादन का प्रतिशत 07 प्रतिशत से बढ़कर 14.50 प्रतिशत हो गया है. जिसे बढ़ाकर 22 प्रतिशत करने का प्रयास जारी है। इसके लिए विभाग के अग्रिम पंक्ति से लेकर उच्च स्तर पर बैठें सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर विभाग के लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करना है।

बिहार ऑथोर्पेडिक एसो. के सचिव बने डॉ प्रवीण कुमार

पटना सिटी (प्राकि)। बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन का सचिव डॉ प्रवीण कुमार को चुना गया है। वह अगले दो साल तक इस पद को संभालते हुए काम करेंगे। सर्वसम्मति से उनके सचिव चुने जाने पर ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन में खुशी है। डॉक्टर प्रवीण, जो की ऑक्सीजन ट्रामा एवं मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल के निदेशक भी हैं, ने बताया कि अपने कार्यकाल में विभिन्न जिलों में कॉन्फ्रेंस करेंगे। इससे की अधिकतम शोध का कार्य हो। इसका लाभ चिकित्सकों के साथ मरीजों को आधुनिक तरीके से इलाज का लाभ मिल सके। वहीं डॉक्टर अनिल कुमार को एक साल के लिए संगठन का अध्यक्ष चुना गया है। दरअसल राजगीर में बिहार ऑथोर्पेडिक एसोसिएशन का वार्षिक सम्मेलन हुआ था। इसमें देश के करीब 600 ऑथोर्पेडिक सर्जनों ने भाग लिया था। उसमें अनेक चिकित्सकों ने अपने रिसर्च पेपर पढ़े थे। डॉक्टर प्रवीण कुमार, जो सीनियर ऑथों सर्जन के साथ ही एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ने कलाई की हड्डी के फ्रैक्चर नहीं जुड़ने पर कम चीरा कर हरसेट स्क्रू से जोड़ने पर अच्छे एवं बेहतर रिजल्ट मिलता है। अनेक चिकित्सकों ने इस रिसर्च वर्क की सराहना की थी।

सूबे के राजनीतिक दलों के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

लोस चुनाव अधिकतम तीन चरणों में और 21 दिनों के भीतर हों : जदयू

पटना। जदयू के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल में जदयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, बिहार जदयू अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार झा, राज्यसभा सदस्य अनिल हेगड़े, राष्ट्रीय महासचिव सह विधान पार्षद अफाक अहमद खान तथा प्रदेश महासचिव सह मुख्यालय प्रभारी चंदन कुमार सिंह शामिल थे। बैठक के दौरान जदयू ने अपने सुझाव में कहा कि लोकसभा चुनाव कम अवधि और अधिकतम तीन चरणों में कराए जाएं। इन तीनों अवधि के चुनाव 21 दिनों के भीतर हो जाएं तो बेहतर होगा। इससे न केवल मतदाताओं को अप्रैल-मई की भीषण गर्मी से राहत मिलेगी बल्कि संसाधनों की भी बचत होगी और जन-जीवन अधिक दिनों तक अस्त-व्यस्त नहीं होगा। अपने अन्य सुझाव में जदयू ने कहा कि चुनाव के दिन असामाजिक तत्व गरीब-गुरबों को मतदान करने से रोक सकते हैं और बूथ कब्जा करने की कोशिश कर सकते हैं, इस आशंका को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील बूथों पर सक्षम व पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती हो। चुनाव-आयोग को दिए गए अपने ज्ञापन में जदयू ने यह भी कहा कि जदयू प्रारंभ से ईवीएम और वीवीपैट के पक्ष में रही है। चुनाव-प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए पार्टी पूर्ववत इसका समर्थन करती है।

राजद ने 20 सूत्री ज्ञापन सौंपा, बैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

पटना। राजद का तीन सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलकर आगामी लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से कराने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष वृषण पटेल, प्रदेश प्रवक्ता चित्तरंजन गगन एवं मुख्यालय प्रभारी महासचिव मुकुंद सिंह शामिल थे। राजद प्रवक्ता एवं प्रतिनिधिमंडल के सदस्य चित्तरंजन गगन ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलकर राजद की ओर से 20 सूत्री ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से आगामी लोकसभा का चुनाव बैलेट पेपर से कराने, भी भी पैट से निकले पर्ची को मतदाता को दिखाने और सभी मतदान केन्द्रों के भीभी पैट पर्चियों को सीलबंद बॉक्स में रखकर ईवीएम के साथ हीं उसकी भी गिनती करवाने, मतदान के बाद मतदाता को मतदान की प्राप्ति रसीद उपलब्ध कराने, ईवीएम की गिनती शुरू करने के पहले पोस्टल बैलेट की गिनती कर प्राप्त मतों की घोषणा करवाने, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक एवं कमजोर वर्ग के मतदाताओं की संख्या कम रहने पर भी उनके लिए पृथक मतदान केंद्र उनके टोले में हीं स्थापित करने, संवेदनशील मतदान केन्द्रों की पहचान सर्वदलीय बैठक की सहमति से निर्धारित करने, मतदान के रफ्तार का एक मानक निर्धारित करने, मतदान समाप्ति के बाद पोलिंग एजेंट को मतदान का पुरा ब्योरा उपलब्ध कराने , मॉक मतदान हेतु सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि को समुचित प्रशिक्षण दिया जाए तथा मतदान के पूर्व सभी दलों के प्रतिनिधि की उपस्थिति सुनिश्चित किया जाए।

लोस क्षेत्रों में अनुमति के लिए एकल विंडो सिस्टम का प्रावधान हो : भाजपा

भाजपा ने सौंपा 22 सूत्री मांग पत्र

पटना, 20 फरवरी। बिहार भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल आज पटना में भारत निर्वाचन आयोग की बिहार आई टीम के समक्ष लोकसभा क्षेत्रों में अनुमति के लिए एकल विंडो सिस्टम का प्रावधान करने का सुझाव दिया है। प्रतिनिधिमंडल में विधायक नितिन नवीन, संजय सरावगी तथा चुनाव प्रबंधन विभाग, भाजपा के प्रदेश संयोजक राधिका रमण शामिल थे। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त से मिलकर भाजपा की ओर से 22 सूत्री सुझाव और मांग पत्र सौंपा। सुझाव पत्र में कहा गया है कि मतदाता सूची में एक ही मतदाता का नाम अपने विधान सभा के अलावा पास के कई अन्य विधान सभा क्षेत्रों में है। इसकी सघन जाँच करायी जाय और दोहरी एवं तिहरी प्रविष्टि को समाप्त की जाए । भाजपा ने मतदाताओं को मतदान केन्द्रों की जानकारी के लिए एसएमएस एवं कॉल करने का सुझाव देते हुए एसएमएस के माध्यम से मतदाता को मतदाता पर्ची उपलब्ध कराने के भी सुझाव दिए हैं। इसके अलावा भाजपा ने सभी लोकसभा क्षेत्रों में अनुमति के लिए एकल विंडो सिस्टम का प्रावधान करने की भी वकालत की है। भाजपा तकनीकी या संबंधित वजहों से अनुमति देने में असमर्थता की परिस्थिति में वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर मैनुअल अनुमति की भी व्यवस्था कराए जाने की भी मांग की है। भाजपा ने चुनाव आयोग से शत प्रतिशत मतदाताओं को फोटो पहचान पत्र जारी करने, स्वच्छ एवं निष्पक्ष चुनाव के लिए मतदान केन्द्र पर किसी भी तरह के ढके हुए चेहरे वाले मतदाताओं के चेहरे का मिलान स्वीकृत पहचान पत्र से करने और पहचान सुनिश्चित करने के बाद ही उन्हें मतदान की अनुमति देने की मांग रखी है। भाजपा ने दियारा एवं टाल क्षेत्र में घुड़सवार सुरक्षाकर्मियों की तैनाती तथा नदी मार्ग पर चुनाव के दौरान नदी वाले इलाकों में नावों की सघन जांच कराने, केन्द्रीय पारा मिलिट्री फोर्स का फ्लैग मार्च कराने, चुनाव के दिन जिला एवं लोकसभा क्षेत्र का बॉर्डर सील करने, सभी मतदान भवन पर सेंट्रल पारा मिलिट्री फोर्स की व्यवस्था सुनिश्चित कराने तथा तीन वर्ष से लगातार एक जगह पर पदस्थापित चुनाव पदाधिकारियों को तत्काल स्थानांतरित करने की भी मांग चुनाव आयोग से की है।

दलित-गरीबों के मतदान केंद्र उनके टोले में ही हो : भाकपा-माले

भाकपा माले ने 5 सूत्री ज्ञापन सौंपा

पटना। भाकपा-माले ने पटना आए चुनाव आयोग के प्रतिनिधियों को अपना पांच सूत्री ज्ञापन सौंपा है। माले प्रतिनिधिमंडल में केंद्रीय कमिटी सदस्य अभ्युदय और मीडिया प्रभारी कुमार परवेज शामिल थे। ज्ञापन में मुख्य रूप से कहा गया है कि सभी मतदान केंद्रों की समीक्षा कर दबंग समुदाय के प्रभाव क्षेत्र से बाहर दलित-गरीबों के टोले में ही उनके लिए मतदान केंद्र की व्यवस्था की जाए। यदि दलित-गरीबों के टोले में कोई सरकारी भवन नहीं है तो उस स्थिति में वहां चलंत मतदान केंद्र की व्यवस्था की जानी चाहिए। वोटर की संख्या ज्यादा होने पर अगर एक से ज्यादा मतदान केंद्र बनाना जरूरी हो, तो उसे भी उनके टोले पर ही दूसरा मतदान केंद्र बनाया जाए। किसी भी सूरत में उनके टोले से बाहर उनका मतदान केंद्र न रखा जाए और न ही टोले के गरीब मतदाताओं के एक हिस्से को किसी दूसरे मतदान केंद्र पर हस्तांतरित किया जाए। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी अंतिम मतदाता सूची में कई वाजिब मतदाताओं के नाम कटे हुए पाए गए हैं। रैंडम तरीके से बहुत सारे मतदाता के नाम काट दिए गए हैं। ऐसे लोगों में अधिकांशतः दलित-अतिपिछड़े व पिछड़े समुदाय से आने वाले मतदाता हैं। अतः प्राथमिकता के साथ ऐसे मतदाताओं का नाम फिर से मतदाता सूची में जुड़वाने का काम किया जाना चाहिए। पोस्टल बैलेट की गिनती फाइनल करने के बाद ही ईवीएम के वोटों की गिनती शुरू की जाए। हमारी पार्टी इवीएम की बजाए बैलेट के जरिए मतदान करवाए जाने के पक्ष में है। आगामी लोकसभा चुनाव में नमूने के बतौर गिनती की बजाए शतप्रतिशत वीवीपैट की गिनती की जानी चाहिए ताकि वोटिंग प्रक्रिया की निष्पक्षता बरकरार रह सके। चुनाव में धन बल का बोलबाला बढ़ता जा रहा है। आयोग को चुनावी खर्च की सीमा घटाने पर विचार करना चाहिए और पार्टियों द्वारा खर्च की सीमा भी तय करनी चाहिए।

जयू के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व मंत्री संजय झा राज्यसभा सदस्य के लिए हुए निर्वाचित। निर्वाचन का प्रमाण पत्र प्राप्त करने के बाद उन्होंने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, विधान परिषद के सभापति देवेश चंद्र ठाकुर व पूर्व मंत्री अशोक चौधरी मौजूद थे।

कांग्रेस ने की जगह वैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग

पटना। बिहार कांग्रेस की ओर से एक पांच सदस्यीय शिष्टमंडल मंगलवार को भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त से मिलकर इवीएम की जगह वैलेट पेपर से चुनाव कराने की मांग की। बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह द्वारा भेजे गए शिष्टमंडल दल ने मुख्य चुनाव आयुक्त को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में 2024 के होनेवाले लोकसभा चुनाव को स्वच्छ, भयमुक्त एवं पक्षपात मुक्त बनाने के लिए कांग्रेस की सोच शामिल है। इसमें चुनाव प्रक्रिया से संबंधित दस सुझाव दिये गए हैं। अपने ज्ञापन में कांग्रेस ने मांग की है कि इवीएम से ही चुनाव कराये जाने की स्थिति में सभी मतदान केन्द्रों पर इस्तेमाल किए जाने वाले इवीएम संख्या को सार्वजनिक किया जाए। इसके अलावा मतगणना के समय इवीएम एवं वीवीपैट से प्राप्त पर्ची के मिलान के बाद ही परिणाम घोषित किया जाए। कांग्रेस ने चुनाव आयोग से ये शिकायत की कि कैसे प्रदेश के करीब 12-13 लाख मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से गायब कर दिए गए जो संवैधानिक अन्याय है। इसके अलावा कमजोर वर्ग से आने वाले मतदाताओं जैसे वृद्ध, महिला आदि को पूर्ण सुरक्षा एवं चिकित्सा की व्यवस्था करने की मांग की। शिष्टमंडल का नेतृत्व वरिष्ठ कांग्रेस नेता ब्रजेश प्रसाद मुनन ने किया। शिष्टमंडल के अन्य सदस्यों में शामिल हैं विधायक प्रतिमा कुमारी दास, पूर्व विधायक डा हरखु झा, रीता सिंह एवं युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शिव प्रकाश गरीब दास।

अवसरवादी राजनीति का अंत करीब : अखिलेश

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष डा अखिलेश प्रसाद सिंह मंगलवार को राज्यसभा के लिए दूसरी बार निर्विरोध चुने गये। मंगलवार को करीब 3 बजे सैकड़ों गाड़ियों के लाव-लस्कर के साथ डा सिंह अपने निर्वाचन का प्रमाण पत्र लेने विधान सभा पहुँचे। वहां इंडिया गठबंधन के सहयोगी राष्ट्रीय जनता दल से राज्यसभा के लिए निर्वाचित होने वाले मनोज झा उनका इंतजार कर रहे थे। बाद में विधान सभा गेट पर करीब 500 कार्यकर्ता व नेता ने उन्हें फूल-मालाओं से भर दिया और उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की। डा अखिलेश वहां से निकलकर महावीर मंदिर दर्शन करने गए और अपनी जीत का प्रमाण पत्र महावली हनुमान को अर्पित किया। इसके बाद वे पार्टी मुख्यालय सदाकत आश्रम गये जहां पार्टीजनों के बीच मिठाइयां बांटी गयी। वहां इक्कठी भीड़ को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में अवसरवादी राजनीति का अंत करीब है और 2024 के चुनाव में इंडिया गठबंधन सभी सीटों पर सफलता दर्ज करेगी। मालूम हो कि डा अखिलेश प्रसाद सिंह बिहार कांग्रेस के पहले ऐसे अध्यक्ष हैं जो विधान सभा के अलावा संसद के दोनों सदनों के सदस्य रहे हों। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने डा सिंह की एवं उनके नेतृत्व में कांग्रेस की उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी एवं पार्टी में नई जान फूकने के लिए उनका धन्यवाद किया।

बधाई देनेवाले नेताओं में शामिल हैं-डा शकील अहमद खान, कौकब कादरी, कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, नरेन्द्र कुमार, आकाश प्रसाद सिंह, राजेश कुमार, प्रेम चन्द्र मिश्रा, अजय कुमार सिंह, नीतू सिंह, बिजेन्द्र चैधरी, आनन्द शंकर, विश्वनाथ राम, प्रमोद कुमार सिंह, बंटी चौधरी, राजेश राठौड़, निर्मल वर्मा, मनोज कुमार सिंह, ब्रजेश प्रसाद मुनन, राजकुमार राजन, धर्मवीर शुक्ला, चन्द्रिका यादव, विनोद यादव, आलोक हर्ष, असित नाथ तिवारी, राजेश मिश्रा, ज्ञान रंजन, अवनीश कुमार सिंह, रीता सिंह, सुधा मिश्रा, डा विनोद शर्मा, सुमन मल्लिक, डा संजय यादव, शरबत जहां फातिमा, नागेन्द्र कुमार विकल, प्रभात कुमार सिंह, अमरेन्द्र कुमार सिंह, बैद्यनाथ शर्मा, सिद्धार्थ क्षत्रिय, मिरनाल अनामय, निधि पाण्डेय, मो कामरान, रामाशंकर पाण्डेय, सुदय शर्मा इत्यादि।

मनोज झा एवं संजय यादव निर्विरोध रास सदस्य चुने गए, बधाई का तांता

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

राजद कार्यालय में पार्टी नेताओं ने दी बधाई

राष्ट्रीय जनता दल के राज्य कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह के नेतृत्व में दोनों उम्मीदवार प्रो मनोज कुमार झा एवं संजय यादव के राज्यसभा सांसद के रूप में निर्विरोध चुने जाने पर राज्य कार्यालय में दोनों का स्वागत बुके और शॉल देकर पार्टी की ओर से किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने कहा कि लालू प्रसाद के विचारों को मजबुती के साथ आगे बढ़ाने में इन दोनों की महती भूमिका रही है। पटना से लेकर दिल्ली तक दोनों ने अपनी उपस्थिति भी दर्ज करायी है। अब दोनों राज्यसभा में अपने पार्टी के सभी सांसदों के साथ मिलकर सामाजिक न्याय और आर्थिक न्याय के साथ-साथ पार्टी के विचारों को आगे बढायेंगे। इस अवसर पर राष्ट्रीय महासचिव जयप्रकाश नारायण यादव, श्याम रजक, भोला यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ तनवीर हसन, प्रधान महासचिव रणविजय साहू, प्रदेश प्रवक्ता एजाज अहमद, चितरंजन गगन, डॉ उर्मिला ठाकुर, मुख्यालय प्रभारी मुकुंद सिंह, प्रदेश महासचिव मो फैयाज आलम कमाल, मदन शर्मा, भाई अरूण कुमार सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। स्वागत समारोह में अपने संबोधन में राजद के राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता प्रो मनोज कुमार झा ने कहा कि हमारा सम्मान और स्वागत हमारे लिए भावुक क्षण है और इस सम्मान और स्वागत के लिए मैं सभी के प्रति आभार प्रकट करता हूं। नवनिर्वाचित राज्यसभा सांसद संजय यादव ने कहा कि आपकी अपेक्षाओं और आशाओं तथा उम्मीदों पर मैं खड़ा उतरू इसके लिए आप सभी का सुझाव हमारे लिए सकारात्मक होगा और मैं हमेशा आप सभी के सुझाव और विचार को आत्मसात करते हुए आप सभी के भावनाओं का सम्मान रखूंगा।

धानुक समाज मुख्यधारा से जुड़ कर राजनीतिक ताकत बनें : सम्राट

2024 के लोकसभा चुनाव में सभी 40 सीटें जीताने का ले संकल्प

पटना। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि धानुक समाज मुख्यधारा से जुड़ कर राजनीतिक ताकत बनें। श्री चौधरी मंगलवार को मिलर हाईस्कूल के मैदान में आयोजित धानुक अधिकार महारैली को सम्बोधित करते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि धानुक समाज ने जो तीन मांगें उठाई है, उसे जरूर पूरा किया जाएगा। इन मांगों पर मुख्यमंत्री के साथ गंभीरतापूर्वक विचार किया जाएगा। शहीद रामफल मंडल अमर रहे के जयघोष के साथ उन्होंने कहा कि धानुक समाज से आने वाले स्वाधीनता सेनानी शहीद रामफल मंडल की भव्य मूर्ति स्थापित की जाएगी। राजद पर हमला करते हुए श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा कोई एक परिवार की पार्टी नहीं है। कहा कि लव-कुश और धानुक समाज के समर्थन से ही आज दिल्ली में नरेन्द्र मोदी की सरकार है और बिहार में एनडीए ने 40 में 39 सीटें जीतने में सफलता पाई थी। इस बार सभी 40 सीटों को जीत कर एक बार फिर से केन्द्र में नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है और 2025 में बिहार में भी एनडीए की सरकार बनानी है। भाजपा ही धानुक समाज को सम्मान के साथ अधिकार भी देगी। श्री चौधरी ने रैली के आयोजन के लिए बलराम मंडल का आभार व्यक्त करते हुए कि कहा कि धानुक भी लव-कुश समाज का हिस्सा है। श्री चौधरी ने कहा कि रामफल मंडल ने कुल्हाड़ी से अंग्रेज सैनिकों का मुकाबला किया था।

रालोजपा ने रास के नवनिर्वाचित सदस्यों को दी बधाई

पटना। राष्ट्रीय जनशक्ति पार्टी प्रदेश प्रवक्ता ललन कुमार चन्द्रवंशी ने भारतीय जनता पार्टी के उपाध्यक्ष प्रो भीम सिंह, प्रदेश महिला अध्यक्षा धर्मशीला गुप्ता, जदयू के पूर्व मंत्री संजय झा को राज्यसभा के सदस्य बनाये जाने पर पार्टी की ओर से बधाई दिया और बीजेपी, जदयू के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार जताते हुए कहा कि नेतृत्व ने अतिपिछड़ा, पिछड़ा और सवर्ण वर्ग से बनाकर सामाजिक न्याय के परिचय दिया और इस वर्ग को मुख्य धारा से जोड़ने का काम किया है। 2024 लोकसभा चुनाव में इसका फायदा एनडीए गठबंधन को जरूर मिलेगा।

राजद सिर्फ परिवार की पार्टी है : भीम सिंह

पटन। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और पूर्व मंत्री भीम सिंह ने राजद पर जोरदार निशाना साधते हुए कहा कि राजद न माई की पार्टी है न बाप की पार्टी है, यह सिर्फ परिवार की पार्टी है। उन्होंने राजद के नेता तेजस्वी यादव द्वारा राजद को बाप की पार्टी बताए जाने पर जोरदार पलटवार करते हुए कहा कि तेजस्वी के पिताजी लालू प्रसाद कहते है कि राजद माई की पार्टी है जबकि उनके पुत्र तेजस्वी अब राजद को बाप की पार्टी बता रहे है। उन्होंने कहा कि पहले ये बाप - बेटा ही तय कर लें कि राजद किसकी पार्टी है। श्री सिंह ने कहा कि वास्तविकता है कि राजद न माई की न बाप की बल्कि यह सिर्फ परिवार की पार्टी है। बिहार को विनाश की ओर ढकलने वाली पार्टी है। उन्होंने भाजपा प्रदेश कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कहा कि उन्होंने कहा कि जब भाजपा को दो लोगों को राज्यसभा भेजने का मौका मिला तो दोनो पिछड़ी जाति के उम्मीदवार को राज्यसभा भेजने का काम किया। उन्होंने कहा कि मैं जिस चंद्रवंशी समाज से आता हूं इस समाज का पहला व्यक्ति हूं जो राज्यसभा जाऊंगा। उन्होंने कहा कि लाख प्रयास कर ले लेकिन राजद अगले लोकसभा चुनाव में जीरो पर आउट होगी। इधर प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए विधायक प्रणय यादव ने कहा कि राजद लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है, इसमें सिर्फ एक परिवार की चलती है। राजद के अध्यक्ष लालू प्रसाद है जबकि विधान परिषद में विपक्ष को नेता राबड़ी देवी हैं। विधायक केदार गुप्ता ने भी राजद को निशाने पर लेते हुए कहा कि अब तक इन्होंने अति पिछड़े को ठगने का काम किया। उन्होंने कहा कि जब इन्हें राज्यसभा भेजने का भी मौका मिला तो बिहार के यादव नहीं दिखे, हरियाणा के यादव को राज्यसभा भेजा। इस प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया संयोजक दानिश इकबाल और सह मीडिया प्रभारी अमित प्रकाश बबलू भी उपस्थित रहे।

पूर्व मध्य रेल

ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरीय मंडल विद्युत अभियंता, टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेलवे, बरौनी सुयोग्य एव अनुभवी प्रतिष्ठानों या ठेकेदारों से ई. निविदा सं ई.एल.एस_बी.जे.यू. PBU_TBU_2023-24_5 हेतु खुला ई.निविदा आमंत्रित करती है। विवरण निम्नलिखित है। **1. कार्य का नाम तथा स्थानः** आरडीएसओ संशोधन शीट संख्या आरडीएसओ / 2009/ईएल/एमएस/0381 Rev'0' के अनुसार पारंपरिक प्रकार की ब्रेक रिगिंग व्यवस्था सभी मामलों में पूरी तरह से लोकोमोटिव में प्रदान करने के लिए डब्ल्यूएजी–9/डब्ल्यूएजी–9 एच ईएलएस/बीजेयू आधारित इंजनों के बोगी फ्रेम का रूपांतरण/संशोधन, **2. कार्य का अनुमानित लागतः** 3,39,53,000.00 रू. (तीन करोड़ उनतालीस लाख तिरपन हजार मात्र), **3. अग्रधन राशिः** ₹ 3,19,800.00 (तीन लाख उन्नीस हजार आठ सौ रू मात्र), **4. निविदा शुरू होने की तारीख और समयः** 27/02/2024, **5. बोली–पूर्व बैठक की तिथि और समयः** NA, **6. बोली जमा करने की अंतिम तिथि एवं समयः** 12/03/2024, 11:00 Hrs., **7. वेबसाइट का विवरण जहॉ निविदा दस्तावेज उपलब्ध हैः** **https://www.ireps.gov.in** विस्तृत निविदा सूचना, पात्रता मानदंड और निविदा दस्तावेज उपरोक्त वेबसाइट से देखे जा सकते है। यदि आवश्यक हुआ तो सभी शुद्धिपत्र वेबसाइट पर अपलोड किए जाएंगे। **वरीय मंडल विद्युत अभियंता टी.आर.एस., पूर्व मध्य रेल, बरौनी**

पीआर/02342/ईबीजेयू/ईटीआरएस/टी/23–24/40

सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को रोजगार के बढ़ते अवसर थीम के लिए विजेता पुरस्कृत

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अन्तर्गत बिहार संवाद समिति द्वारा जन भागीदारी फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित

- जन भागीदारी वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता के विजेता घोषित
- पहले थीम में रोहित राज को मिला 1 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अन्तर्गत बिहार संवाद समिति द्वारा जन भागीदारी फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के लिए पहला थीम था सुशासान के कार्यक्रम (2020-25) के अन्तर्गत सात निश्चय-2 के तहत युवाओं को रोजगार के बढ़ते अवसर। इस थीम के लिए वीडियो प्रतियोगिता में कुल 124 एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता में कुल 92 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इन प्रतिभागियों के वीडियो एवं फोटोग्राफ की गहन समीक्षा के उपरांत विशेषज्ञ दल द्वारा वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के लिए रोहित राज को प्रथम, वैशाली के अमन कुमार द्वितीय एवं रोहतास के उज्ज्वल सिंह को तृतीय पुरस्कार के लिए चयनित किया गया, जबकि फोटोग्राफी प्रतियोगिता में अभिषेक कुमार आए प्रथम जबकि वैशाली के अंशु राज को द्वितीय एवं पूर्वी चम्पारण की ज्योति को तृतीय पुरस्कार मिला। वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी की गुणवत्ता के दृष्टिगत वीडियोग्राफी प्रतियोगिता के लिए 14 प्रतिभागियों को तथा फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए मात्र एक प्रतिभागी को एक हजार रुपए का प्रेरणा पुरस्कार के लिए चयनित किया गया। दरअसल, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग अन्तर्गत बिहार संवाद समिति द्वारा जन भागीदारी फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस प्रतियोगिता के तहत दिए गये थीम पर आधारित अधिकतम 120 सेकेण्ड का वीडियो एवं फोटोग्राफ संबंधित प्रतियोगी को अपने दो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करते हुए उसका लिंक समय सीमा के अंदर विभाग के जन भागीदारी वेबसाई पर अपलोड करना है। प्रतियोगी द्वारा अपलोड किए गए वीडियो एवं फोटोग्राफ की समीक्षा विभागीय स्तर एवं क्षेत्र के दिग्गज विशेषज्ञों के दल द्वारा की जाती है। तदुपरांत सर्वोत्कृष्ट वीडियो को 1 लाख रुपए का प्रथम पुरस्कार, 50 हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार तथा 25 हजार रुपए तृतीय पुरस्कार के रूप में दिया जाता है। साथ ही साथ 100 प्रतिभागियों को 1 हजार रुपए का प्रेरणा पुरस्कार का भी प्रावधान है। इसी तरह फोटोग्राफी प्रतियोगिता के लिए 25 हजार रुपए का प्रथम पुरस्कार, 10 हजार रुपए का द्वितीय पुरस्कार तथा 5 हजार रुपए तृतीय पुरस्कार के रूप में दिया जाता है। साथ ही साथ 100 प्रतिभागियों को 1 हजार रुपए का प्रेरणा पुरस्कार का भी प्रावधान है। इस सप्ताह प्रतिभागियों को प्रतियोगिता का थीम प्रगति के पथ के अनतर्गत बिहार सरकार की ऊर्जा, सड़क, ग्रामीण सड़क, मुख्यमंत्री टोला सम्पर्क योजना, घर तक पक्की नाली गलियां और पुल से संबंधित वीडियो बनाकर अथवा फोटो खींचकर जन भागीदारी के वेबसाईट पर लिंक भेजना है।

राजद के पांच नये प्रवक्ता मनोनीत

पटना। राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह द्वारा प्रदेश प्रवक्ताओं की सूची को विस्तारित करते हुए अन्य पांच प्रवक्ता मनोनीत किए गये है। उक्त जानकारी देते हुए राजद प्रवक्ता चित्तरंजन गगन ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष जगदानन्द सिंह ने संगीता कुमारी (विधायक), मधु मंजरी , प्रशांत कुमार मंडल, अरुण कुमार यादव एवं प्रमोद कुमार सिन्हा को राजद का प्रदेश प्रवक्ता मनोनीत किया है।

रंगरा सामूहिक बलात्कार व हत्या कांड में बरती गई लापरवाही : कुणाल

पटना, प्रात : किरण संवाददाता

माले राज्य सचिव कुणाल ने कहा है कि भागलपुर जिला के नवगछिया अनुमंडल के रंगरा में अतिपिछड़ी समुदाय से आने वाली 39 वर्षीय महिला के साथ सामूहिक बलात्कार व हत्या की बर्बर घटना में प्रशासन ने घोर लापरवाही बरती है। भाजपा द्वारा बिहार की सत्ता हड़पते ही सामंती दबंगों का मनोबल आसमान चढ़कर बोल रहा है। यदि प्रशासन ने समय रहते कदम उठाया होता, तो वहां लोगों का आक्रोश इस कदर नहीं भड़कता। हमारी पार्टी मांग करती है कि सभी अपराधियों की तत्काल गिरफ्तारी हो तथा मामले में घोर लापरवाही बरतने वाले पुलिस अधिकारियों पर कार्रवाई की जाए। कहा कि 19 फरवरी को भागलपुर के पार्टी जिला सचिव कॉमरेड विदेश्वरी मंडल के नेतृत्व में नवगछिया प्रखंड सचिव रामदेव सिंह, इनौस के राज्य सहसचिव गौरीशंकर राय, ऐपवा की जिला सचिव रेणु देवी, कंचन देवी, मीना देवी सहित 7 सदस्यों की जांच टीम ने घटनास्थल का दौरा करके मृतक महिला के परिजनों एवं आस-पास के ग्रामीणों से मिलकर पूरे मामलों की जानकारी ली।

BUILDING CONSTRUCTION DEPARTMENT

Govt. of Bihar

OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CENTRAL BUILDING DIVISION, PATNA

SHORT TIME QUOTATION INVITATION NO.- 181 YEAR 2023-24

(On the End of Budget Session in Bihar Vidhan Mandal, Patna)

(For Special Condition, Description and Quantity are available in Website :- State.bihar.gov.in/prdbihar)

Quotation Invited From Registered Contractors/Reputed Firms/Companies for the Following Works on Dated 27.02.2024 at 12:30 PM in Sealed Envelope. The Place of Submitting Quotation Will be Office at Undersigned, Office of Superintending Engineer, S.B.C., B.C.D., Patna. Received Quotation will be Opened on Same Day at 3:00 PM in front of Quotationer or Their Representatives. Price of Quotation (in Rs.) With Quotation Letter Rate of Quotation Paper Through ONLINE GOVERNMENT REVENUE AND ACCOUNTING SYSTEM (O-GRAS) in the Designation (Name of Executive Engineer, Central Building Division, Patna) Deposite Mandatory, Which After The Date of Publication of Quotation. Computerized O-Grass Receipt, Which is Before the Date of Quotation should be, is not Entertained. For Rs. 0 to 50,000 – Rs. 250, For Rs. 50,001 to 2,50,000 – Rs. 500, For Rs. 2,50,001 to 5,00,000 – Rs. 750, For Rs. 5,00,001 to 10,00,000 – Rs. 1,250, For Rs. 10,00,001 to 15,00,000 – Rs. 2,500. and Earnest Money 2% (2% of Original Quoted Rate) attached Mandatory with Quotation

Details of Works :- **Making waterproof Pandal & Supply of Chair, Carpet, Table on Hire basis on the Eve of Diner Party Organised by Hon'ble Speaker of Bihar Vidhan Sabha for Hon'ble Minister & M.L.A. For End of Budget Session on Dated 29.02.2024 at Bihar Vidhan Sabha, Patna for the year 2023-24.**

- विशेष सूचना के लिए सूचनापट्ट या वेबसाईट **www.state.bihar.gov.in/prd bihar** देखें या अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में सम्पर्क करें।

PR. No. 017952 (BCD) 2023-24

Executive Engineer,
Central Building Division, Patna

For further details please visit : **www.state.bihar.gov.in/prdbihar**

संक्षिप्त खबरें

एक सौ एक पुड़िया स्मैक के साथ महिला गिरफ्तार

मुजफ्फरपुर। पुलिस को गस्ती के दौरान एक बड़ी कामयाबी हासिल हुई है। एक महिला तस्कर को सैकड़ो पुड़िया स्मैक के साथ पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामला जिले के नगर थाना के सिकंदरपुर ओपी क्षेत्र अंतर्गत सिकंदरपुर सीढ़ी घाट के पास का है। पुलिस के गस्ती वाहन को देख एक महिला भागने लगीं। भाग रही महिला पर पुलिस की गस्ती टीम को संदेह हुआ, जिसके बाद गस्ती टीम में शामिल महिला पुलिस कर्मी ने उसे जांच के लिए रोक लिया।महिला की जब तलाशी ली गई तो उसके पास से 101 पुड़िया स्मैक बरामद हुआ। पुलिस ने महिला गिरफ्तार कर लिया है।. गिरफ्तार आरोपी तस्कर महिला की पहचान सिकंदरपुर ओपी थाना क्षेत्र के सीढ़ी घाट निवासी अमरनाथ महतो की पत्नी संजू कुमारी के रुप में हुई है। पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।

घर से अचानक लगी आग की ,मची अफरा -तफरी

बोचहा। गायघाट थाना क्षेत्र पछगाचिया गांव में मंगलवार की दोपहर घर में कोई नहीं था, उसी समय आग लग गई। आग की लपटों को उठते देख मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और आग पर काबू पाने के प्रयास शुरू कर दिए गए। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कड़ी मशक्कत कर आग बुझाई। इस दौरान रोशी गांव निवासी रिंकू देवी ने बताया कि पछगाचिया गांव के संदल देवी ने अपने ही घर में आग लगा ली, और फरार हो गई। घटना को लेकर बताया गया है कि पूर्व में हुई मारपीट में घायल रमई राय का इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई, इस मामले में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थीं। उक्त घटना में सामिल आरोपियों को बचाने के लिए महिला ने अपने ही घर में आग लगा ली। इस घटना के बाद गांव के लोगों में अफरा तफरी मच गई, आग की चपेट में आकर गैस सिलेंडर फटने लगा।सिलेंडर फटने की आवाज सुनकर सीता राम राय की पत्नी बेहोश हो गई, आनन फानन में बेहोश महिला को इलाज के लिए हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया। आग लगने से घर में रखा सामान जलकर राख हो गया। एक लाख से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है। मौके पर पहुंची बोचहा थाने की पुलिस और फायर ब्रिगेड के अधिकारीयों के साथ मिल कर ग्रामीणों ने काफी प्रयास किया तब जाकर आग पर काबू पाया जा सका। वही इस घटना की सूचना गायघाट पुलिस को दी गई थी, इसके बावजूद स्थानीय पुलिस मौके पर नहीं पहुंची इससे ग्रामीणों में आक्रोश है।

पकाही चौर में मैजिक की खोली से 13 कार्टन शराब बरामद

विभूतिपुर, समस्तीपुर। स्थानीय पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र के साखमोहन पंचायत के झहुरा पकाही चौर में एक मैजिक में खोली बनाकर रखे 13 कार्टन अंग्रेजी शराब बरामद की है। जिसकी कुल मात्रा 119.250 लीटर बताई गई है। पुलिस ने वाहन जप्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। यह जानकारी थानाध्यक्ष आनंद कुमार कश्यप ने दी है।

स्थानांतरित विद्युत कनीय अभियंता को दी गई विदाई

विभूतिपुर, समस्तीपुर। विभूतिपुर प्रखंड के नरहन पावरहाउस कार्यालय में कार्यरत कनीय विद्युत अभियंता सिकंदर कुमार के स्थानांतरण के पश्चात आज विद्युत कर्मियों ने विदाई दी। विद्युत कर्मियों की ओर स्थानांतरित जेईई सिकंदर कुमार को पुष्पमाला, चादर आदि देकर सम्मानित भी किया गया। मौके पर हेमंत कुमार, कमलू राय, राजेश कुमार, ललित कुमार, राजकुमार, मुकेश कुमार, राधेकुमार आदि थे।

इलेक्ट्रॉल बाउंड में चंदा का हिसाब जनता को दें भाजपा : बैद्यनाथ

भाकपा माले जिला कमिटी की बैठक विनोद मिश्र स्मृति भवन पंडसराय में एक दिवसीय 21 फरवरी को रखी गई है। इसमे इलेक्ट्रॉल बाउंड पर सुप्रीमकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए जानकारी रखी जाएगी। एम्स निर्माण में लेट लतीफी पर भी चर्चा की जाएगी। लोकसभा चुनाव की तैयारी में पार्टी भूमिका को भी सदस्यो से सुनिश्चित करने के लिए शिक्षित प्रशिक्षित करने की योजना बनाई जाएगी।बंद मिल,रोजगार,बाढ़ सुखार, वास आवास,महंगाई,भ्रष्टाचार रोकने,तनाव पैदा करने में प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा एकतरफा कारवाई पर भी विचार विमर्श होगी और फैसले लिए जाएंगे।बैठक में मिथिलांचल प्रभारी सह पोलित ब्यूरो सदस्य धीरेन्द्र झा भी शामिल होंगे।

मुजफ्फरपुर में गरजे तेजस्वी यादव, कहा ,वंचितों को अधिकार दिलाने का संघर्ष जारी रखूंगा

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। विधानसभा में विरोधी दल के नेता और पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने आज मुजफ्फरपुर से अपनी जन विश्वास यात्रा की शुरूआत की। इस दौरान तुर्की के सकरी मैदान में आयोजित एक महती सभा को संबोधित करते हुए तेजस्वी यादव ने सत्तारुढ़ जनता दल यूनाइटेड और भाजपा जम कर निशाना साधा। उन्होंने कहा ,जन विश्वास यात्रा का मतलब आप लोगों के अधिकार को वापस दिलाने के लिए जागरूक करना है। राजद के एम वाई समीकरण की बाबत तेजस्वी यादव ने कहा , राजद सिर्फ माई वालि ही नहीं, बाप (बीएएपी) वाली पार्टी है इसका विस्तार से मतलब बताते हुए उन्होंने कहा, बी से बहुजन, ए से अगड़ी, ए से आधी आबादी और पी से पुअर लोग यानि गरीब लोग।

तेजस्वी यादव तुर्की स्थित सकरी में आयोजित जन विश्वास यात्रा की अपनी पहले जनसभा को संबोधित करने रथ से पहुंचे थे तेजस्वी यादव ने कहा कि उत्तर बिहार के मुजफ्फरपुर से मैं अपनी इस यात्रा की शुरूआत कर रहा हूं और आप तमाम लोगों का आशीर्वाद लेने आया हूं। मैं अपने काम को पूरा करूंगा और वंचितों को उसके अधिकार को दिलाने का काम करूंगा। इस दौरान मैदान में हजारों लोग की भीड़ उमड़ पड़ी। यहां आने से पहले नेता विरोधी दल तेजस्वी यादव का स्वागत करने के लिए राजद के विधायक मुन्ना यादव राजद विधायक निरंजन राय अमर पासवान इसराइल मंसूरी और एमएलसी कारी सुहैब मौजूद रहे। इस दौरान में जम कर उनका स्वागत किया गया।और लालटेन देकर सम्मानित किया गया।जन विश्वास यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को निशाने पर लेते हुए उन्होंने कहा कि वे एक कुर्सी कुमार है और सत्ता के लिए कुछ भी कर सकते हैं। हम उनके हर काम में साथ- साथ चलने के लिए तैयार थे। लेकिन वे निकल गए। उन्होंने कहा ,बीजेपी के लोग तो आपके डीएनए की रिपोर्ट की बात तक कह दिया था। तो फिर क्या उसका रिपोर्ट आ गया। बीजेपी वाले को यह बताना चाहिए।इस दौरान में मंच से तेजस्वी यादव ने भाजपा पर हमले बोलते हुए कहा कि आप देश में हिंदू और मुस्लिम भाई के बीच खाई बनाने का काम करते हैं।आपको अगर काम ही करना है तो दलितों मुस्लिम और ईसाई के बीच में जाइए। आप लड़वाते क्यों हो।और मंच से उन्होंने अपने कार्यरताओ से कहा की एक एक व्यक्ति 5 लोगो को जोड़ने का काम करे। ताकि हम लोग और भी मजबूत हो सके।इस दौरान में पीएम मोदी पर निशाना साधते हुए कहा की आप सबकी तो गारंटी की बात को करते हैं और अब क्या सीएम नीतीश कुमार की गारंटी लीजिएगा क्या।इस दौरान में उन्होंने कहा कि बीजेपी के लोग तो बड़े चालक निकले है और एक ही टर्म में तीन तीन पद ले लिए। विधानसभा अध्यक्ष नेता विरोधी दल और डिप्टी सीएम भी बन गए।सीएम नीतीश कुमार हम लोगों के साथ मिलकर समाजवादी प्रतिरूप को समाज में उतरना चाहते थे लेकिन रास्ते से भटक गए।

बिहार में लाखों बेरोजगार लोगों को नौकरी देने के नाम पर जिस प्रकार से भाजपा राजनीति कर रही है क्या बिहार की जनता जान नहीं रही है की नौकरी किसने दिया और हम अगर इसका क्रेडिट लेते हैं तो लोगों के पेट में खुजली होती है। बीजेपी के लोग तो राम के नाम पर राजनीति करने वाले। हम नौकरी देने लगे तो राम मंदिर निर्माण में लग गए।

उत्तर बिहार के जिलों में आज एवं कल हल्की बारिश एवं ओला वृष्टि की सम्भावना

प्रात : किरण संवाददाता

मुजफ्फरपुर। उत्तर बिहार के जिलों में 21एवं 22 फरवरी को आसमान में गरज वाले बादल बनने और हल्की बारिश होने की सम्भावना है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हो सकती है। यह जानकारी ग्रामीण कृषि मौसम सेवा डाक्टर राजेन्द्र प्रसाद केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय एवं भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 21से 25फरवरी तक के लिए जारी मध्यावधि मौसम पूवार्नुमान में दी गई हैं। मौसमीय वेधशाला पूसा के आकलन के अनुसार पिछले तीन दिनों का औसत अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान क्रमशः 25.6 एवं 11.1 डिग्री सेल्सियस रहा। औसत सापेक्ष आर्द्रता 94 प्रतिशत सुबह में एवं दोपहर में 53 प्रतिशत, हवा की औसत गति 6.5 कि0मी0 प्रति घंटा एवं दैनिक वाष्पन 2.1 मि०मी० तथा सूर्य प्रकाश अवधि औसतन 8.4 घन्टा प्रति दिन रिकार्ड किया गया तथा 5 से०मी० की गहराई पर भूमि का औसत तापमान सुबह में 13.2 एवं दोपहर में 29.5 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इस अवधि में मौसम शुष्क रहा। पूवार्नुमानित की अवधि अधिकतम तापमान 26 से 28 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम 12 से14 डिग्री सेल्सियस के बीच रह सकती है।औसतन 5-6 कि०मी० प्रति घंटा की रफ्तार से पछिया हवा चलने की सम्भावना है। 22-23 फरवरी के आसपास पुरवा हवा भी चल सकती है।सापेक्ष आर्दता सुबह में 85 से 95 प्रतिशत तथा दोपहर में 60 से 70 प्रतिशत रहने की संभावना है। 22-23 फरवरी को वर्षा की संभावना को देखते हुए किसानों को सलाह दी गई है कि कृषि कार्यों में सर्तकता बरतें। खड़ी फसलो में सिंचाई स्थगित रखे। फसलों में कीटनाशक दवाओं का छिड़काव मौसम साफ रहने पर करें। इस अवधि के दौरान सरसों की तैयार फसलों की कटाई सावधानी पूर्वक करें।पशु चारा के लिए ज्वार, मकई और बाजरे की बुआई करे। चारे की लगी हुई फसलें जैसे-जई, बरसीम एवं लूसर्न की कटाई 25-30 दिनों के अन्तर पर करें। प्रत्येक कटनी के बाद खेतों में 10 किलोग्राम नेत्रजन प्रति हेक्टर की दर से उपरिवेशन करें भिंडी की बुआई के लिए मौसम अनुकूल है। बुआई के समय उन्नत किस्में जैसे परमनी क्रान्ति, अर्का अभय, अर्का अनामिका, वर्षा उपहार, के0एस0-312, ओकरा 04, पंजाब-7, पंत मिडी-1, काशी प्रगति तथा संकर किस्में जैसेः भवानी, कृष्णा, काशी भैरव, काशी महिमा आदि उपयुक्त है।

भीषण सड़क हादसे में दो वृद्ध की दर्दनाक मौत तीन की हालत गंभीर, डीएमसीएच रेफर

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के बंगरा एनएच थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक चौराहे पर मंगलवार को अहले सुबह में भीषण सड़क हादसे में दो बुजुर्गों की दर्दनाक मौत हो गई। वहीं तीन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी एवं मृतक सभी वैशाली जिला के बालिगांव थाना क्षेत्र के चिकनौटा गांव के बताए गए हैं। इसमें गंभीर रूप से जख्मी वैशाली जिला के बलीगांव थाना क्षेत्र के चिकनौटा के देवेंद्र शाह, सुरेंद्र महतो एवं शम्भू साह बताए गए हैं। वहीं मृतक में भी दोनों वैशाली जिला के चिकनौटा के राम वरण साह एवं प्रदीप साह हैं। बताया जाता है कि उक्त सभी लोग चिकनौटा से ऑटो से ताजपुर थाना क्षेत्र के ओर मोतीपुर सब्जी मंडी जा रहे थे। इसी दौरान ताजपुर मुर्गियाचक के पास स्कॉर्पियो से ऑटो की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई व तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सभी जख्मी को सदर अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। जहां सभी घायलों की स्थिति गंभीर देखते हुये डॉक्टर ने डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया है। बताया जाता है कि हादसे के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी को स्थानीय ताजपुर रेफरल अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां दो को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया गया। जबकि तीन को गंभीर हालत में सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया है। जहां से डॉक्टरों ने तीनों घायलों की स्थिति को गंभीर देखते हुये दरभंगा रेफर कर दिया। बंगरा थानाध्यक्ष मनीषा गुप्ता ने बताया कि विपरीत दिशा से आ रही एक बेकाबू स्कार्पियो ने ताजपुर जा रहा टेम्पो में सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। जिसमें दो की मौत घटनास्थल पर हो गया एवं तीन गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। वहीं दोनों मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। वहीं पुलिस ने स्कार्पियो को जब्त कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

मोहनपुर रोड में हुआ मेडिकाना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल का शुभारंभ

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर शहर के मोहनपुर रोड में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप आधुनिकतम तकनीक व सुविधाओं से लैस उच्च गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा को समर्पित प्रतिष्ठान मेडिकाना हॉस्पीटल का विधानपूर्वक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर सबसे पहले जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे पंडितों के वैदिक मंत्रोच्चार व पुष्प वर्षा के बीच निदेशक द्वय चिकित्सक दंपत्ति डॉ. राजीव कुमार मिश्रा एवं डॉ. कनुप्रिया मिश्रा ने फीता काट कर मेडिकाना परिसर में स्मृति शेष मशहूर चिकित्सक सह साहित्यकार डॉ. आरपी मिश्रा की तस्वीर और परिजन के साथ प्रवेश किया। वहीं मंत्रोच्चार के साथ दीप प्रज्वलित कर हॉस्पीटल का विधिवत उद्घाटन किया। बाद में हॉस्पीटल की खासियत बताते हुए मेडिकाना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल के निदेशक सह मुख्य चिकित्सक डॉ. राजीव कुमार मिश्रा एवं सुविख्यात स्त्री रोग सह बांझपन रोग विशेषज्ञ डॉ. कनुप्रिया मिश्रा ने बताया कि महानगरीय शैली में विश्वस्तरीय आवासन सुविधा के अलावा अहर्निषं सेवा महे के सिद्धांत का अनुसरण करते हुए प्रत्येक दिन 24 घंटे मरीजों के आरोग्य के लिए संकल्पित स्वास्थ्य कर्मियों की टीम से लैस 200 बेड वाला है मेडिकाना मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पीटल। यहां विश्वस्तरीय आधुनिकतम तकनीक व उपकरण की सहायता से हार्ट केयर, ब्रेन, न्यूरो और स्पाईन केयर, ओबेस्ट्रेट्रिक्स एवं गायनोकोलॉजी, यूरोलॉजी व नेफ्रोलॉजी, गेस्ट्रोएंटरोलॉजी, ऑथोर्पेडिक्स एवं ज्वाईट सर्जरी, समान्य एवं लेप्रोस्कोपी सर्जरी की सुविधाओं के अलावा 24 घंटे इंमरजेंसी एवं ट्रामा केयर उपलब्ध है। इस अवसर पर राज्य सभा सांसद रामनाथ ठाकुर, रोटरी क्लब जोन 2 की एजी डॉ. अमृता कुमारी, डॉ. एके आदित्य, डॉ. महेश ठाकुर, डॉ. श्रद्धा ठाकुर, डॉ. वेद आर्या, रोटेरियन विमल केडिया, सुजीत खेमका, अरुण कुमार, अजीत पाल, केशव किशोर विजय चौधरी, रविन्द्र पाठक, पप्पू कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

डुमरैठ में पंचायत भवन नहीं बनने पर ग्रामीणों में आक्रोश

प्रात : किरण संवाददाता

कैमूर - भभुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत डुमरैठ में पंचायत भवन निर्माण को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने हंगामा किया। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि डुमरैठ गांव में प्रयाप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध होने के बावजूद भी दूसरे गांव के सिवाना में बनाया जा रहा है। जिसमें पंचायत भवन पर जाने में भारी पैमाने पर ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जिला पार्षद कैमूर विकास सिंह ने सभी ग्रामीणों को समझा बूझाकर मामला को रफा दफा किया। जिला परिषद विकास आयुक्त कैमूर से दूरभाष पर बात करके ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक समझाया। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन से समस्या का निजात नहीं होता है तो धरना प्रदर्शन के अलावे हाई कोर्ट जाने के लिए मजबूर होंगे।

दरभंगा एनआईसी में तकनीकी प्रबंधक,सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल अभ्यर्थी को दिया गया नियुक्ति पत्र

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा प्रभारी जिलाधिकारी-सह-नगर आयुक्त दरभंगा कुमार गौरव,जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक आत्मा विपिन बिहारी सिन्हा के कर कमलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। उल्लेखनीय है कि कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण आत्मा योजना अंतर्गत संविदा आधारित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के 13 अभ्यर्थी,सहायक तकनीकी प्रबंधक के 17 अभ्यर्थी एवं लेखापाल के चार अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इस अवसर पर डीएम एसएफसी मंजय कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी अनुपम कुमार, सहायक निदेशक उद्यान नीरज कुमार झा,उप परियोजना निदेशक आत्मा अम्बा कुमारी उपस्थित थे।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाने एवं जिले के मतदान प्रतिशत में वृद्धि को लेकर समाहरणालय परिसर स्थित स्वीप गार्डेन में आज दूसरे दिन भी मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजित किया गया। मतदाता जागरूकता हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी कार्यक्रम,जागरूकता शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डीपीआरओ परिमल कुमार सह सचिव जिला स्वीप कोर कमिटी ने उपस्थित मतदाताओं विशेषकर युवा मतदाताओं को वोट को लेकर शपथ भी दिलाई।जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में काफी संख्या में युवा मतदाता एवं छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित युवाओ विशेषकर महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। हस्ताक्षर अभियान एवं सेल्फी में भाग लेने वालों में पहले भाग लेने की होड़ मची थी। मेरा वोट मेरा अधिकार मतदान को लेकर मधुबनी तैयार, वोट का जोश हाई है आदि नारो से पूरा समाहरणालय गूंज उठा। आज सूचना एवं जनसंपर्क की कला जत्था की चार टीम के द्वारा जिले के 12 महादलित टोलों में भी नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस अवसर पर एडीएम आपदा संतोष कुमार डीपीआरओ परिमल कुमार,जिला कृषि पदाधिकारी सहायक निर्देशक आत्मा नजारत उप समाहर्ता सहितकई पदाधिकारी काफी संख्या में महिला एवं युवा मतदाता,आदि उपस्थित थे।

सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष को लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का हुआ क्षमतावर्धन

प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी के सदर अस्पताल के लक्ष्य प्रमाणीकरण को लेकर फिर से कवायद शुरू कर दी गई है. इसको लेकर सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष में जीएनएम का क्षमता वर्धन किया गया. साथ ही उपलब्ध सुविधाओं में गैप असेसमेंट को लेकर कर्मियों के साथ विचार विमर्श किया गया. पूर्व में भी प्रसव कक्ष से संबंधित चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी सफाई कर्मी, ममता, सुरक्षा गार्ड को भी वर्कशॉप के दौरान प्रशिक्षित किया गया है प्रशिक्षण पिरामल के मुदित पाठक एवं रितिका सिंह, नीता मरांडी एवं स्वर्णभा बयाल के द्वारा दिया गया है. विदित हो कि इससे पूर्व भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं कल्याण मंत्रालय ने वर्ष 2021 में सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष को लक्ष्य सर्टिफाइड कर दिया गया था. अब फिर से इस वर्ष 2024 मे भी सदर अस्पताल के प्रसव कक्ष एवं ओटी (ऑपरेशन थिएटर) को लक्ष्य सर्टिफिकेशन के लिए कवायत शुरू कर दी गई है. अस्पताल को लक्ष्य असेसमेंट के सभी 5 मापदंडों को पूरा करना होगा. तभी सर्टिफिकेशन प्राप्त होगा . इसके बाद अस्पताल को पुरस्कार स्वरूप 3 लाख रुपए व प्रशस्ति पत्र मिलेगा.इसके साथ ही मौजूद नर्सों व डॉक्टरों से दी जा रही सेवाओं व चिकित्सीय उपकरणों के रखरखाव, इस्तेमाल के तरीके व मरीजों से संबंधित जानकारियों की रजिस्टर में इंट्री आदि तमाम बिंदुओं पर जांच की जाएगी.तीन स्तर पर की गई जाएगी रैंकिंग लक्ष्य कार्यक्रम के तहत तीन स्तर पर रैंकिंग की जाएगी. जिसमें पहले स्तर पर जिला दूसरे स्तर पर रीजनल तीसरे स्तर पर राष्ट्रीय रैंकिंग होगी प्रोत्साहन राशि प्राप्त करने के लिए 75 अंक प्राप्त करना होगा.70 प्रतिशत उपलब्धि पर सांत्वना पुरस्कारःतय मानकों के सापेक्ष 70 प्रतिशत उपलब्धि पर सांत्वना पुरस्कार दिए जाने का प्रावधान है। सांत्वना पुरस्कार के रूप में सदर अस्पताल को 3 लाख सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों या अनुमंडलीय अस्पतालों को 1 लाख एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों को 50000 रुपए दिए जाते हैं। इन मानकों पर तय होते हैं पुरस्कार अस्पताल की आधारभूत संरचना साफ-सफाई एवं स्वच्छता जैविक कचरा निस्तारण संक्रमण रोकथाम अस्पताल की अन्य सहायक प्रणाली स्वच्छता एवं साफ सफाई की स्थिति।

प्रभारियों को प्रखंड अध्यक्ष के साथ मिलकर बूथों पर 7 सदस्यी कमेटी बनाने का दिया निर्देश

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

लोहिया आश्रम में मंगलवार को जिला जनता दल यूनाइटेड के प्रखंड प्रभारी की एक बैठक जिला अध्यक्ष डॉ. दुर्गेश राय की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में मोरवा के पूर्व विधायक माननीय विद्यासागर निषाद भी शामिल थे। प्रदेश पार्टी के निदेशानुसार जिला अध्यक्ष डॉ. दुर्गेश राय ने सभी प्रभारी से प्रखंडों में जाकर प्रखंड अध्यक्ष के साथ मिलकर सभी मतदान केन्द्रों पर 7 सदस्यी बूथ कमेटी बनाने का निर्देश दिया। हर हाल में आगामी 25 फरवरी तक सभी प्रभारी बूथ कमेटी की सूची जिला कार्यालय में जमा करेंगे। प्रखंड प्रभारी के रूप में सुबोध कुमार सिंह वारिसनगर, बनारसी ठाकुर समस्तीपुर, अनस रिजवान ताजपुर प्रखंड व नगर परिषद विरेन्द्र सिंह मोरवा, मनीष कुमार सरायरंजन, अब्दुल समद खान खानपुर, बिनोवा राम शिवाजीनगर, मुकेश कुमार पुसा, अफरोज अहमद पप्पू कल्याणपुर, ललितेश्वर राय सिंघिया, प्रवीण कुमार हसनपुर, विजय यादव बिथान, रामबहादुर सिंह रोसड़ा, धर्मदेव सिंह कुशवाहा विभूतिपुर, अजय राय उजियारपुर, कृष्णदेव पासवान दलसिंहसराय, विद्याकर झा विद्यापति नगर, शंभू प्रसाद सिंह मोहीउद्दीन नगर, अनिल सिंह (सिउरा) मोहनपुर, इजहार अशरफ पटोरी, मनोज पाल ताजपुर, दिनेश राय दलसिंहसराय नगर परिषद, रंधीर कुमार राय रोसड़ा, रामकुमार झा पटोरी में नियुक्त किए गए।

स्वास्थ्य विभाग में पेपरलेस होगा वर्क, स्टेट की टीम ने डॉक्टरों को दिया प्रशिक्षण

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

स्वास्थ्य विभाग में पूरी तरह से पेपरलेस वर्क को लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति की टीम के द्वारा मुख्यमंत्री डिजिटल हेल्थ योजना के तहत सिविल सर्जन कार्यालय भवन में मंगलवार को भव्य एचआईएमएस प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें सदर अस्पताल सहित जिले के सभी अनुमंडलीय अस्पताल, सीएचसी व हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों में कार्यरत चिकित्सकों को ट्रेनिंग दी गई। इस संबंध में स्टेट से आए टीम के ट्रेनिंग मैनेजर गौरी शंकर झा ने बताया कि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी पोर्टल को एक प्लेटफॉर्म भव्य पर लाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का पूरी तरह से डिजिटलाइजेशन हो जाएगा। मुख्यमंत्री डिजीटल हेल्थ योजना के तहत यह कार्य किया जा रहा है। इससे एक क्लिक पर मरीजों का पूरा डेटा उपलब्ध होगा। इसमें मरीजों के रजिस्ट्रेशन से लेकर लैब रिपोर्ट, दवा काउंटर, ओपीडी, जांच समेत सभी कुछ पेपरलेस वर्क हो जाएगा। मरीजों को रजिस्ट्रेशन के बाद पर्ची नहीं देकर एक टोकन दिया जाएगा। इसी के आधार पर ओपीडी में मरीज का इलाज चिकित्सक करेंगे।

रजिस्ट्रेशन के समय मरीज को जो नंबर दिया जाएगा, उसी नंबर पर उसका सभी ब्योरा उपलब्ध होगा। मरीज कभी भी इलाज के लिए राज्य के किसी भी अस्पताल में जाएगा तो उसी नंबर पर उसका इलाज किया जा सकेगा। बीमारी के लक्षणों के डिजिटल रिकॉर्ड के आधार पर लोकलाइज्ड प्लानिंग में सहयोग मिलेगा। मरीज को दी जा रही सुविधाओं का सत्यापन पूरी तरह से हो सकेगा। मरीज को दी गई पैथोलॉजिकल जांच का रिजल्ट मरीजों के मोबाइल पर उपलब्ध होने लगेगा। उन्होंने बताया कि पेपरलेस होने से पारदर्शिता भी आएगी। मौके पर ट्रेनर रवि केशव सिंह, आशुतोष शर्मा उपस्थित थे।

शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले हसनपुर प्रखंड के सरहचिया शिव मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा एवं महा अष्टयाम को लेकर तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिन में झांकी के कलाकार के रूप में श्रीराम बने विवेक, सीता बनी अदिति, लक्ष्मण बने पप्पू एवं हनुमान रूप में आनंद कुमार के साथ गांव समाज के 191 कन्या, बहु एवं प्रोढ़ महिलाओं द्वारा कलश शोभायात्रा पूरे मंगलगढ़ का परिकर्मा करते हुए मंदिर परिसर पहुंच कलश स्थापित किया गया। वहीं दूसरे दिन मंगलवार को मंदिर में शिव प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को विद्वत पंडित आचार्य सुरेन्द्र झाजी एवं उनके पांच अन्य पंडित वेदोमंत्रोचरण कर मुख्य यजमान जोगेंद्र सहनी युगल जोड़ी पत्नी सोना देवी के साथ बाबा भोलेनाथ की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम है। जबकि आज हीं अपराह्न दो बजे से महा अष्टयाम यज्ञ महामंत्र सीताराम राधेश्याम गौरी शंकर जय हनुमान का गायन कर अहरनीश आठो पहर किया जाना है। इस अवसर पर समस्त समाज सरहचिया मंगलगढ़ के ग्रामीण की सक्रियता के संग संचालक शंकर कुमार सहनी अध्यक्ष, राजेंद्र सहनी सचिव के साथ मुख्य अथिति जिला पार्षद सतविंद्र पासवान, सिकंदर आलम, मुन्ना रजक, मुखिया पति हरिशंकर यादव, राम सेवक पासवान पत्रकार पलटन सहनी सक्रिय हो अहम भूमिका निभा रहे है। तीन दिवसीय कार्यक्रम के तीसरे दिन गुरु बार को दो बजे कलश विसर्जन कर यज्ञ पूर्ण हो जायेगा। स्थानीय थाना पुलिस सदलबल बोलेरो द्वारा पूरी मुस्तैदी के साथ गस्ती करती दिखी। जिससे यज्ञ शांतिपूर्ण वातावरण एवं भक्तिमय हो पूर्ण होते हुए यहाँ के समाज का कल्याणकारक होंगे।

पूर्व मुखिया सुरेन्द्र सिंह एवं सत्यनारायण सिंह के प्रथम पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

विभूतिपुर, प्रात : किरण संवाददाता

पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद सिंह और उनके सहयोगी सत्यनारायण सिंह की प्रथम पुण्यतिथि विरसहिया स्थित दिवंगत मुखिया के आवास पर मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता दिवंगत पूर्व मुखिया सुरेन्द्र प्रसाद सिंह की पत्नी सह सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण की मुखिया ममता देवी ने करते हुए सर्व प्रथम दोनों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धार्जलि दी। इसके बाद पूर्व मुखिया के पुत्र सुमित कुमार, पुत्री निधि कुमारी सहित श्रद्धार्जलि सभा मे उपस्थित सभी लोगों ने बारी-बारी से दोनों दिवंगत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धार्जलि दी। श्रद्धांजलि सभा का संचालन सरपंच संघ के अध्यक्ष अरविन्द कुमार कर रहे थे। सभा को निवर्तमान प्रखंड प्रमुख रुपांजली कुमारी, विभूतिपुर प्रखंड विकास पदाधिकारी चन्द्रमोहन पासवान, दिवंगत पूर्व मुखिया के भाई रंजीत प्रसाद, प्रखंड पंचायतीराज पदाधिकारी चंदन कुमार, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष रंजीत कुमार महतो, मुखिया चंद्रमणि प्रसाद सिंह, भोला शंकर दास, विभा कुमारी, पूर्व पंसस गिरीश नन्दन प्रसाद सिंह, गंगा प्रसाद, भासो सिंह, अरविन्द कुमार कुशवाहा, विनोद सिंह, जगदीश कुमार जग्गा, रीतन सिंह, मदन प्रसाद आदि

संक्षिप्त खबरें

75 लीटर देसी शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

पतरघट/सहरसा। पतरघट ओपी पुलिस लागातार वाहन जांच के क्रम में अपनी सफलता हासिल करती हुई दिख रही है। प्राप्त जानकारी अनुसार वाहन जांच के क्रम में किशनपुर पंचयात के सुरमहा तीनमोहनी पास से एक मोटरसाइकल पर सबार दो ब्यक्ति शराब का खेप लगा रहे थे उसी दौरान बाइक पर लदे 75 लीटर देशी शराब के साथ पुलिस ने धर दबोचा ,बाइक पर सबार दो कारोबारी में से एक ने पुलिस को चकमा देकर भागने मे सफल रहा, धराए गये युवक की पहचान पतरघट निवाशी राजीव कुमार पिता बबलू राम के रूप में हुई है। इस बावत ओपी अध्यक्ष अजय कुमार पासवान ने बताया की धराए गये युवक के उपर मधनिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए न्यायिक हिरासत मे भेज दी गई है।

ओवर लोड हाइवा ट्रक कि ठोकर से एक 45 वर्षीय महिला की मौत

सोनवर्षा राज/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के बसनही थाना क्षेत्र के महुआ बाजार मलौधा मुख्य मार्ग पर खिलहा चौक के समीप मंगलवार की सुबह एक ओवर लोड हाइवा ट्रक कि ठोकर से एक 45 वर्षीय नीलम देवी की मौत हो गई। जबकि घटना के बाद चालक गाडी छोडकर फरार हो गया।जबकि खलासी को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। घटना के बाद जहाँ परिजनों में कोहराम मच गया वहीं स्थानीय लोगों में वाहन चालक के खिलाफ आक्रोश व्याप्त है। घटना की सूचना मिलते ही बसनही थाना पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव व वाहन को कब्जे में लेते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सहरसा भेज दिया गया।घटना के बाबत परिजनों ने बताया कि महुआ उत्तर वाडी पंचायत अन्तर्गत वार्ड नंबर 7 खिलहा निवासी मक्खन मंडल की पत्नी नीलम देवी अपने बडी बहन डोमनी देवी को डाक्टर से दिखाने के लिए महुआ बाजार पैदल जा रही थी।कि घर से कुछ ही दूरी पर खिलहा चौक के समीप विपरीत दिशा से आ रही ओवर लोड अनियंत्रित हाइवा डब्लू बी 57 डी 6102 नंबर की वाहन चालक ने महिला को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे उसकी मौत घटनास्थल पर ही हो गई।टक्कर से हुई मौत के बाद चालक गाडी छोडकर फरार हो गया।

जन सुराज पदयात्रा कार्यक्रम के तहत मधेपुरा पहुंचे प्रशांत किशोर ने मीडिया से किया जनसंवाद

प्रातः किरण, संवाददाता रंजीत कुमार

जन सुराज पदयात्रा को लेकर मधेपुरा पहुंचे प्रशांत किशोर की कारवां जहां आज जिला मुख्यालय के कृष्ण गौशाला मंदिर परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की गई इस दौरान पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार में प्रमुख रूप से बेरोजगारी पलायन और शिक्षा की लचर व्यवस्था की समस्या प्रमुख है इसके सुधार और राजनीति रूप से बिहार की जनता बंधुआ हो चुके विभिन्न पार्टियों की चंगुल से छुड़ाने के लिए बीते 2 अक्टूबर 2022 को चंपारण की धरती से यह पदयात्रा शुरू की गई और यात्रा के दौरान करीब 18 महीने तक 5000 से अधिक पंचायत और गांव का भ्रमण कर लोगों की समस्याओं को हमने सुना आने वाले 10 वर्षों में जन स्वराज के द्वारा रोड मेप तैयार किया गया है कैसे इन सभी समस्याओं से बिहार की जनता को निजात मिलेगी, इसी दौरान उन्होंने भारतीय जनता पार्टी राष्ट्रीय जनता दल के साथ कांग्रेस और बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर भी जमकर निशाना साधा उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सबको अपनी बात रखने का अधिकार है आज राहुल गांधी अपनी पार्टी को वोट दिलाने के लिए यात्रा कर रहे हैं और कल तक बिहार के उपमुख्यमंत्री रहे तेजस्वी यादव को जब नीतीश कुमार ने झटका दे दिया तब आज उन्हें जनता की याद आई है लेकिन हमारी जो पदयात्रा है यह पदयात्रा बिल्कुल अलग है क्योंकि हम किसी से वोट नहीं मांगते हैं हम लोगों को जागरूक करने का प्रयास कर रहे हैं कि आज तक आपने दूसरों के लिए वोट दिया है लेकिन जिस दिन आप अपने लिए अपने बाल बच्चों के लिए वोट डालना शुरू कर देंगे निश्चित रूप से ही बिहार का और आपका कल्याण होगा । उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को खुली चुनौती देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जी वर्तमान में मुख्यमंत्री हैं अगर उनमें है हिम्मत तो बिना लो लश्कर बिना सुरक्षा के एक भी पंचायत पैदल चलकर दिखा दे एक भी गांव घूम कर दिखा दे मजाल नहीं है कि वह एक भी गांव घूम ले बिना लाव लश्कर और बिना सुरक्षा के हम पिछले 18 महीने से 5000 से अधिक गांव घूम चुके हैं । पैदल यात्रा कर चुके हैं और वह भी बिना लाव लश्कर और बिना किसी सुरक्षा गार्ड के 18 महीने के दौरान लोगों ने भरपूर स्नेह और आशीर्वाद दिया है ।उन्होंने कहा कि बिहार में गांव गांव के लोगों ने कहा है कि प्रशांत किशोर जी जो आप कर रहे हैं वह काफी सराहनीय है और अच्छी पहल है,उन्हीं के आशीर्वाद और स्नेह के कारण हम लगातार यह आशीर्वाद यात्रा कर रहे हैं जब बिहार भर में हमारी यात्रा संपन्न होगी उसके बाद हम अपना दल बनाएंगे और उसे दल में गांव-गांव के पढ़े लिखे लोगों को युवाओं को चुन-चुन कर बाहर कर अपने दल में सामिल करेंगे और उन्हें चुनाव लड़ने और जीताने का काम करेंगे।बता दें कि मीडिया से जनसंवाद के बाद दूरदराज से पहुंचे लोगों के साथ भी प्रशांत किशोर ने किया जनसंवाद।

कुमारखंड राजस्व कचहरी में अज्ञात चोरों ने दरवाजा का कुंजी तोड़ी

प्रातः किरण, संवाददाता

कुमारखंड थाना गेट से 50 मीटर पश्चिम राजस्व कचहरी में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने दरवाजा का कुंजी तोड़कर टेबल पर रखा हुआ प्रिंटर , कीबोर्ड, अन्य सामान और राजस्व कचहरी के कागजात को क्षतिग्रस्त कर दिया।

कुमारखंड थाना पुलिस को भनक तक नहीं लग पाया। जब थाना के बगल में चोरी की घटना हो और पुलिस को भनक तक नहीं लगने से पुलिस पर तो सवाल लाजमी है। इस संबंध में राजस्व कर्मचारी अखलेश कुमार ने मंगलवार को घटना की जानकारी देते हुए बताया साढ़े दस बजे दिन में जब कार्यालय खोलने आए तो देखे दरवाजा का कुंजी तोड़कर कर टेबल पर रखा हुआ प्रिंटर कीबोर्ड अन्य सामान मूल्य करीब 32 से 33 हजार रूपया और राजस्व कचहरी के कागजात को क्षतिग्रस्त कर दिया।

घटना की जानकारी सीओ के संज्ञान में दिया गया है। आदेशा अनुसार थाना को लिखित आवेदन दिया जाएगा।

शादी समारोह में मारपीट के दौरान एक 30 वर्षीय युवक की मौत

प्रातः किरण, संवाददाता

पतरघट/सहरसा। जिला के थाना सौर बाजार ओपी पतरघट क्षेत्र में स्थानीय पंचायत जम्हरा भद्दी वार्ड संख्या 16 में सोम वार की रात आई बरात में उत्पन्न विवाद में लरकी पक्ष के रिलेसन के लोगो ने सादी समारोह में भाग लेने आए थे लेकिन कुछ कहासुनी इस तरह से हुआ की दो गुट मे मारपीट हो गई जिसमें एक पक्षी के करियत निवासी अमरेश सादा का मौत हो गयी। वही दूसरा पक्षी के सिकन्दर सादा साकिम टेकनमा जिन्होंने अपने चचरे बहने को डंडे से प्रहार कर मौत का घाट उतार दिया। वही मौत के बाद उन्होने घटना स्थल से भागने की कोशिस किया लेकिन लड़की पक्ष और स्थानीय ग्रामीण के द्वारा उसे भद्दीकला नहर पर पकर लिया गया और उसे समय पतरघट पुलिस को सूचना दिया गया त्वरित कार्रवाई करते पुअनि नीरज कुमार व अन्य पुलिस जबान के साथ पहंचकर जानकारी लेते हुए उन्हे गिरफ्तार कर लिया। मृतक अमरेश सादा का पत्नी ने बतायी की अमरेश सादा पिता लक्ष्मी सादा को आनन फानन में प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी पतरघट में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद मौके पर ही मृत्यु हो गया।वही मौके पर पीएचसी में मौजूद डा. बीके प्रशांत ने कहा कि इनके सिर मे गंभीर चोट लगने की वजह से इसकी मृत्यु घोषित हो गया। वही पुलिस ने काजगजी प्रक्रिया पूरा करते हुए शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सहरसा सदर भेज दिया है। घटना के बाद बरात एवं सराती में भगदर मच गया। लोगो भरा कचाकच पंडाल खाली हो गया। हालाकी सौभाग्य ये रहा की सादी का सभी कार्य पूर्ण हो गया था। लड़की वाला ने बताया कि रात लगभग 11 बजे माली सुगमा से बरात आई, उनका हमारे सभी ग्रामीण ने भव्य स्वागत किया शांतिपूर्ण माहौल मे जाय माला का कार्यक्रम किया गया, लेकिन कहां से विवाद हुआ, इससे वे अनभिज्ञ हैं। घर में उपवास पर थे और कन्यादान की तैयारी में लगे थे। इसी क्रम में यह घटना घटी।

नये नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा होने के बाद कार्यकताओं में खुशी

प्रातः किरण, संवाददाता

सहरसा। नये नाम ह्वराष्ट्रीय लोक मोर्चाह्व होने की खुशी में राष्ट्रीय लोक मोर्चा- के जिला अध्यक्ष अर्चना आनन्द के आवास केशव भवन गंगजला सहरसा पर पार्टी के जिला अध्यक्ष अर्चना आनन्द के अध्यक्षता में केक काटकर पार्टी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय लोक जनता दल से निर्वाचन आयोग के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री माननीय उपेंद्र कुशवाहा जी से राष्ट्रीय लोक जनता दल का नाम अन्य पार्टी से मिलता जुलता होने के कारण पांच अन्य नाम देने की बात कही गई जिसके तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष जी के द्वारा पांच नामो की सूची निर्वाचन आयोग को दी गई,जिसमें पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा पर सहमति बनी, जिसका चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्रदान कर दिया गया है, इस खुशी में पार्टी के सभी नेता, कार्यकर्ता, पदाधिकारी ने पार्टी के प्रथम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर केक काटकर खुशी का इजहार किया, इससे सभी कार्यकर्ता में काफी हर्षो उल्लास का माहौल दिखा। मौके पर प्रदेश महासचिव शिवेन्द्र कुमार जीशू, प्रदेश महासचिव चंदन बागची, गौरव सिंह, गोपाल तिवारी, दिनेश कुशवाहा ,राजेश यादव, शंभू कुशवाहा,अनुज सिंह, रामप्रवेश शर्मा, संजय तिवारी, अमरजीत सिंह नरेश यादव,पवन झा, बादल सिंह प्रमोद साह मुख्यरूप से मौजूद थे।

संविधान मैथिली अनुवाद कार्यशाला का समापन आज

● कुलपति के संबोधन से कार्यशाला का होगा समापन

प्रातः किरण, संवाददाता

सहरसा। भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा की संबंध इकाई ईस्ट एंड वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज पटुवाहा में विगत नौ फरवरी से आयोजित भारतीय भाषा संस्थान मैसूर शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के राष्ट्रीय अनुवाद मिशन द्वारा भारतीय संविधान मैथिली अनुवाद हेतु दस दिवसीय कार्यशाला का बुधवार को समापन होगा। इस बाबत कार्यशाला के कोडिनेटर सह विशेषज्ञ डॉ रजनीश रंजन ने बताया की भारतीय भाषा संस्थान मैसूर एवं राष्ट्रीय अनुवाद मिशन के तत्वावधान में 9 फरवरी से 21 फरवरी तक आयोजित दस दिवसीय कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपरा के कुलपति प्रो डॉ बिमलेन्दू शेखर झा की उपस्थिति व संबोधन के साथ दस दिवसीय कार्यशाला का समापन होगा. साथ ही इस अवसर पर भुपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ मीहिर ठाकुर छात्र कल्याण अध्यक्ष डॉ नवीन कुमार मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। उन्होंने कहा कि ईस्ट एन वेस्ट टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के बहुउद्देशीय सभागार में समारोह पूर्वक कार्यशाला का समापन होगा। कहा समापन समारोह के अवसर पर मैथिली साहित्य व भाषा से जुड़े कई विशेषज्ञ व विद्वान इस मौके पर उपस्थित रहेंगे. राष्ट्रीय अनुवाद मिशन मैसूर के वरीय रिसोर्स पर्सन डॉ शंभु कुमार सिंह ने बताया की भारतीय भाषा संस्थान मैसूर के निदेशक डॉ शैलेन्द्र मोहन व परियोजना पदाधिकारी डॉ तारिक खान ने निर्देशानुसार इस दस दिवसीय विशेष कार्यशाला में रिसोर्स पर्सन एम एलटी कॉलेज अंग्रेजी विभाग के डॉ शशि कुमार मिश्रा डॉ सतीश दास पीजी सेंटर मधेपुरा मैथिली विभाग के डॉ नरेन्द्र नाथ झा प्रो अशोक कुमार सिंह मैथिली विभाग एम एल टी कॉलेज डॉ बलवीर कुमार झा अंग्रेजी विभाग एस एन एस कॉलेज के डॉ संजय कुमार चौधरी के अलावे अधिवक्ता आदित्य ठाकुर ने रिसोर्स पर्सन के रूप में इस दस दिवसीय कार्यशाला में मैथिली भाषा में संविधान के निर्माण में अपनी अपनी महती भूमिका का निर्वाहन किया।

पहले स्वयं दवा सेवन की अब आमजनों को जागरूक कर रहीं: फाइलेरिया पीड़ित अंजुम आरा

प्रातः किरण, संवाददाता

सहरसा। जिले की सहरसा बस्ती निवासी अंजुम आरा पिछले कई वर्षों से फाइलेरिया यानि हाथी पांव रोग से ग्रसित हैं। सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम के दौरान जब उनके घर टीम पहुंची। तो अंजुम स्वयं टीम के सामने दवा सेवन की। अब वह दूसरे लोगों से फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए दवा सेवन करने की अपील कर रही हैं। उन्होंने बताया फाइलेरिया संक्रमण शुरूआती दिनों में पता नहीं चल पाता है। इसके लक्षण फाइलेरिया संक्रमित हो जाने के 5 से 15 सालों के बाद कभी भी दिखाई पड़ सकते हैं। ऐसे में फाइलेरिया से बचने के लिए सरकार द्वारा चलाये जा रहे मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर के दौरान जब भी कोई स्वास्थ्य कर्मी, आशा कार्यकर्त्ता, जीविका दीदी, ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर या अन्य कोई स्वास्थ्य कर्मी आपको दवा सेवन कराने आयें तो बिना झिझक दवा सेवन करें। एक पैर सूज जाने से होती है काफी परेशानी:- फाइलेरिया ग्रसित अंजुम आरा ने बताया एक बार फाइलेरिया का शिकार हो जाने के बाद इसका इलाज नहीं है। फाइलेरिया के कारण उनके पावों में सूजन आ जाने से उनका कहीं पैदल जाना कठिन हो गया है। दैनिक कार्य करने में भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। फाइलेरिया के कारण एक पैर मोटा हो जाने के कारण चलने-फिरने में असहज महसूस होता है। शरीर के एक अंग में अतिरिक्त बोझ बढ़ जाने से काफी परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है। फाइलेरिया मच्छरों के काटने से होने वाली बीमारी है। फाइलेरिया के परजीवी मच्छरों के काटने से हमारे शरीर में आते हैं, जहां वे हमारे शरीर को प्रभावित करते हैं। फाइलेरिया से बचाव ही इसका एक मात्र सामाधान है। इसके लिए जरूरी है कि जब भी सरकार द्वारा सर्वजन दवा सेवन कार्यक्रम संचालित किया जाये, उसमें हिस्सा लेकर दवा का सेवन अवश्य करें। उन्होंने बताया दवा सेवन कराने आये कर्मी पूर्ण रूप से प्रशिक्षित हैं, उनके द्वारा आपको आपकी आयु की हिसाब से दवा सेवन करायी जायेगी। उचित व्यवहार एवं साफ-सफाई भी जरूरी अंजुम आरा लोगों को फाइलेरिया से बचने की सलाह देते हुए कहा इससे बचने के दवा सेवन करना तो जरूरी है ही साथ ही मच्छरों से बचने के लिए लोगों को अपने घरों के आस-पास साफ-सफाई रखने के लिए भी कहा। उन्होंने बताया मच्छरों के काटने से होने वाली इस बीमारी से बचने के लिए मच्छरों के काटने से बचें। इसके लिए सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरों से बचने के लिए शरीर ढ़कने वाले मौसम अनुरूप कपड़े पहनायें, घरों के आस-पास गंदगी एवं गंदा पानी इकट्ठा न होने दें। यदि पानी इकट्ठा होते हैं तो इनके कारणों को नष्ट करें, ताकि गंदा पानी इकट्ठा न होने पाये। भ्रांतियों से रहें दूर:- फाइलेरिया ग्रसित अंजुम आरा को दवा सेवन कराने गयी टीम के साथ पीसीआई के जिला प्रोग्राम पदाधिकारी चंदन कुमार ने फाइलेरिया रोधी दवा सेवन संबंधित भ्रांतियों को दूर करते हुए लोगों को बताया सर्वजन दवा सेवन के दौरान लोगों को खिलाई जा रही दवा कई प्रकार के परीक्षणों से पास एवं गुणवत्तापूर्ण हैं। यदि इनके सेवन करने के बाद थोड़ी परेशानी या असहज महसूस होता है, तो परेशान होने की आवश्यकता नहीं है। यह असहजता या परेशानी उनके शरीर में पल रहे माइक्रो फाइलेरिया के कारण भी हो सकता है। इससे घबराने की आवश्यकता नहीं है, कुछ ही देर बाद यह लक्षण समाप्त हो जायेंगे।

नये नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा होने की खुशी में केक काटकर मनाया प्रथम स्थापना दिवस

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा नये नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा होने की खुशी में युवा राष्ट्रीय लोक मोर्चा- के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो.अभिषेक कुशवाहा के आवास पर पार्टी के जिलाध्यक्ष रविशंकर कुमार उर्फ पिंटू के अध्यक्षता में केक काटकर पार्टी का प्रथम स्थापना दिवस मनाया गया। राष्ट्रीय लोक जनता दल से निर्वाचन आयोग के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष सह पूर्व केन्द्रीय मंत्री माननीय उपेंद्र कुशवाहा जी से राष्ट्रीय लोक जनता दल का नाम अन्य पार्टी से मिलता जुलता होने के कारण पांच अन्य नाम देने की बात कही गई। पांच नामो की सूची निर्वाचन आयोग को दी गई।जिसमें पार्टी का नाम राष्ट्रीय लोक मोर्चा पर सहमति बनी। जिसका चुनाव आयोग द्वारा मान्यता प्रदान कर दिया गया। इस खुशी में पार्टी के सभी कार्यकर्ता पदाधिकारीयो ने पार्टी के प्रथम स्थापना दिवस केक काटकर मनाया। इससे सभी कार्यकर्ता में काफी हर्षो उल्लास का माहौल दिखा। मौके पर मधेपुरा रालोम जिलाध्यक्ष रविशंकर कुमार उर्फ पिंटू मेहता, प्रदेश महासचिव मृत्युंजय मेहता, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी सह प्रदेश सचिव मो इफ्तेखार आलम उर्फ गूडडू, युवा रालोम प्रदेश उपाध्यक्ष प्रो.अभिषेक कुशवाहा, प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, जिला उपाध्यक्ष सुनिल मेहता, सुरेंद्र मेहता, श्याम मेहता, विनोद शर्मा, संदीप ऋषिदेव, मो औरंगजेब, मो सदरूल, मो मस्तान, मो सदरे, देवनारायण मेहता, गोलू यादव, बागेश्वर मेहता, मो सनजीर आलम, मो केसर, मो जाकीर, मो मोनू, मो आशिक आदि मौजूद रहे।

श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

प्रातः किरण संवाददाता

मधेपुरा भूपेंद्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा के ग्यारहवें कुलपति प्रो. (डॉ.) अमरनाथ सिन्हा की आत्मा की शांति हेतु मंगलवार को अपराह्न 3 बजे से कुलपति प्रो. बी. एस. झा की अध्यक्षता में कुलपति कार्यालय के सामने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर कुलसचिव प्रो. मिहिर कुमार ठाकुर ने विश्वविद्यालय की ओर से एक शोक-संदेश पढ़ा। उन्होंने बताया कि प्रो. सिन्हा का 18 फरवरी, 2024 (रविवार) को मुबंई में निधन हो गया। वे 87 वर्ष के थे और पिछले कुछ महीनों से अस्वस्थ चल रहे थे। एकमात्र पुत्र शिशिर रंजन सहित भरापूरा परिवार और हजारों प्रशंसक छोड़ गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रो. अमरनाथ 02 अगस्त, 2001 से 01 अगस्त, 2004 तक बीएनएमयू के कुलपति रहे। उन्होंने विश्वविद्यालय को यूजीसी के 2 (एफ) एवं 12 (बी) से मान्यता दिलाने में महती भूमिका निभाई। उन्होंने कहा है कि प्रो. अमरनाथ के निधन से हमने एक विद्वान प्राध्यापक, कर्मठ प्रशासक और शिखर समालोचक को खो दिया है। यह न केवल हमारे विश्वविद्यालय के लिए, वरन संपूर्ण बदेश एवं राष्ट्र को एक अपूर्णीय क्षति हुई है। वे आज सशरीर हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनके विचार एवं कार्य हमें हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में सबों ने दो मिनट का मौन रखकर प्रो. सिन्हा की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की और कार्यक्रम के उपरांत उनके सम्मान में सभी कार्यालयों में छुट्टी दे दी गई। उपकुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि प्रो. सिन्हा के एकमात्र पुत्र शिशिर रंजन को डाक से विश्वविद्यालय का शोक-संदेश भेजा जाएगा। इस अवसर पर डीएसडब्ल्यू प्रो. नवीन कुमार, कुलानुशासक डॉ. बी. एन. विवेका, प्रो. उषा सिन्हा, डॉ. राणा सुनील सिंह, सहित कई शिक्षक, शोधार्थी, विद्यार्थी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

मानव दिवस के सृजन को लेकर निर्धारित लक्ष्य को करें पूरा

प्रातः किरण, संवाददाता

मधेपुरा : मनरेगा,जल जीवन हरियाली,जल संसाधन,लोहिया स्वच्छ अभियान,हर खेत तक सिंचाई का पानी योजना की समीक्षात्मक बैठक मंगलवार को उप विकास आयुक्त अवधेश कुमार आनंद की अध्यक्षता में झल्लू बाबू सभागार में हुई। बैठक में मनरेगा से मानव दिवस सृजन को लेकर समीक्षा की गई। जिले में मनरेगा से इस वर्ष 43 लाख के विरूद्ध मधेपुरा में 35 लाख मानव दिवस सृजन किया गया है। इस-पर डीडीसी द्वारा 31 मार्च तक शत-प्रतिशत मानव सृजन करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया गया। समीक्षा के क्रम में पाया गया कि जिले में 94.69 प्रतिशत आधार सीडिंग करा लिया गया है। शत-प्रतिशत आधार सीडिंग कराने के लिए सभी मनरेगा पीओ को निर्देश दिया गया कि 15 योजनाओं का एप से निरीक्षण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में बताया गया कि विभिन्न प्रखंडों में 64 आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य चल रहा है। इसपर डीडीसी द्वारा मार्च तक सभी निमार्णाधीन आंगनबाड़ी केन्द्रों को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। मनरेगा, शिक्षा विभाग से कुल 1361 मीटर स्कूल चाहरदीवारी निर्माण का लक्ष्य प्राप्त है। लक्ष्य को शत-प्रतिशत पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं उससे पूर्व की 99787 योजनाओं में से 93345 योजनाओं को पूर्ण करा लिया गया है जो कि 93.54 प्रतिशत है, शेष बचे 6442 योजनाओं को मार्च से पहले पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। बैठक में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अंतर्गत चल रहे विकास कार्यो का समीक्षा किया गया। समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने निर्देश दिया कि जिन-जिन पंचायत में डब्ल्यूपीयू का निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है वहां अविलंब कार्य प्रारंभ किया जाए। साथ ही सभी निमार्णाधीन डब्ल्यू को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया व उपयोगिता शुल्क संग्रहण एवं प्लास्टिक संग्रहण में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित हुए।

थाना में सीओ ने शांतिपूर्ण और भयमुक्त तरीके से चुनाव कार्य पूर्ण करने के लिए लाइसेंसी आर्म्स किया भौतिक सत्यापन

प्रातः किरण, संवाददाता

कुमारखंड मधेपुरा आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी विजय प्रकाश मीणा के निर्देश पर कुमारखंड थाना परिसर श्रीनगर थाना परिसर भतनी ओपी परिसर में सीओ शशि कुमार नेतृत्व कुमारखंड थाना अध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार, श्रीनगर थाना अध्यक्ष निसार आलम, भतनी ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश की देख रेख में 18 लाइसेंस धारी आर्म्स मालिक के सशस्त्र का सीओ ने भौतिक सत्यापन किया। श्रीनगर थाना परिसर में 8 ,कुमारखंड थाना में 8, भतनी ओपी में 2 कुल 18 लाइसेंसधारी आर्म्स मालिक के आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया गया। सीओ शशि कुमार ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को स्वच्छ ,शांतिपूर्ण और भयमुक्त तरीके से चुनाव कार्य पूर्ण करने के उद्देश्य से लाइसेंसी आर्म्स का भौतिक सत्यापन किया जा रहा है। उन्होंन बताया कि दूसरा दिन मंगलवार को कुमारखंड, श्रीनगर थाना एवं भतनी ओपी मिलाकर 18 अनुज्ञप्तिधारी आर्म्स धारक सदेह उपस्थित होकर अपने-अपने आर्म्स का भौतिक सत्यापन कराया। मौके पर थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर संजीव कुमार, श्रीनगर थानाध्यक्ष निसार आलम, भतनी ओपी प्रभारी सत्य प्रकाश दारोगा गोपेन्द्र कुमार सिंह, आर्म्स मालिक शत्रुघन भगत, बद्दीउज्मा , पूर्व कुलपति बीएनएमयू प्रो अनंत कुमार, अभिषेक आनंद,नंद कुमार सिंह, मनीष कुमार,अजय सिंह समेत अन्य आर्म्स मालिक मौजूद थे।

आत्मा से बीटीएम और एटीम के चयनित अभ्यर्थियों को मिला नियोजन पत्र

प्रातः किरण, संवाददाता

मधेपुराः आत्मा योजना के तहत संविदा आधारित पदों पर चयनित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक के चयनित अभ्यर्थियों के बीच नियोजन पत्र मंगलवार को समाहरणालय के एनआईसी भवन में वितरित किया गया। जिला कृषि पदाधिकारी सह आत्मा के परियोजना निदेशक पूनम कुमारी ने बताया कि प्रखंड तकनीकी प्रबंधक के आठ तकनीकी प्रबंधक के 22 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। इसमें संतोष कुमार पंडित, देवकी रानी, प्रेमजीत कुमार एवं गिरीश नंदन को प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पद के लिए एवं अंकित कुमार पासवान, वंदना कुमारी, रूपेश कुमार एवं आयुष सौरभ सहायक तकनीकी प्रबंधक पद के लिये नियोजन पत्र दिया गया। समाहरणालय के एनआईसी भवन में उप विकास आयुक्त ने मौके पर आठ प्रखंड तकनीकी प्रबंधक एवं 22 सहायक तकनीकी प्रबंधक के बीच नियोजन पत्र वितरण किया। इस दौरान जिला कृषि पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक पदाधिकारी,सहायक निदेशक, उद्यान एवं उप परियोजना निदेशक आत्मा मौजूद थे।

विष्णु महायज्ञ हनुमाननगर में बह रही भक्ति की धारा

प्रातः किरण, संवाददाता

सौरबाजार/सहरसा। प्रखंड क्षेत्र के राम जानकी ठाकुरबाड़ी हनुमान नगर में महंथ हनुमान दास त्यागी महाराज जी के अगुवाई में चल रहें विष्णु महायज्ञ में मंगलवार को यजमानों ने हवन कुंड में आहुति देकर समाज में शांति की कामना की। यज्ञाचार्य पंडित राम बिहारी ने सभी यजमानों से आहुति कराकर महायज्ञ का महत्व बताते हुए कहा यज्ञ वैज्ञानिक दृष्टिकोण से पर्यावरण के लिए उपयोगी है। जिसका धुआं पाप को नष्ट कर पर्यावरण को प्रदूषण रहित करता हैं।ऐसे आयोजन से समाज में खुशिया और परिवार में समृद्धि आती हैं। महायज्ञ का यह पवित्र आयोजन राम जानकी ठाकुरबारी हनुमाननगर में सभी भक्तों के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। ऐसी कामना के साथ ही सुबह आयोजित महायज्ञ में भक्त गण बड़ी संख्या में उपस्थित होकर भगवान तक पहुंचने का मार्ग प्रदत्त कर रहें हैं। मानव शरीर मिट्टी का पुतला: राम जानकी ठाकुरबाड़ी परिसर में श्रीमद् भागवत कथा का प्रारंभ हुआ। हरिद्वार से आए कथा वाचक बालक दास महाराज ने बताया कि मानव शरीर को एक दिन इस भूलोक को छोड़कर मृत्यु को प्राप्त हो जाना है। इसकी सुख सुविधा के लिए ही हम दिन रात मेहनत करते हैं। लेकिन आत्मा जो अजर अमर हैं, इसके लिए हम कुछ नहीं करते, आत्मा के लिए नित्य श्रीमद् भागवत कथा पढ़ना या सुनना चाहिए। जो नित्य कथा का श्रवण करते हैं, मृत्यु के पश्चात उसका जीवात्मा श्री भागवत धाम का जाना निश्चित है। जहां जन्म मृत्यु के चक्कर से जीव मुक्त हो जाता है। उन्होंने कहा कि शरीर माटी का पुतला है मगर मनुष्य इस पुतले को ही संसार मान बैठता है।

सम्पादकीय

राजनीति से प्रेरित कार्रवाई

कांग्रेस के बैंक खाते पर हुई कार्रवाई का उसकी गतिविधियों पर गहरा असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग यही चाहता है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं। कांग्रेस के खाते का संचालन जिस समय और जिस तरह से रोका गया, उसे पहली नजर में राजनीति से प्रेरित कार्रवाई ही माना जाएगा। यह कार्रवाई इलेक्ट्रॉल बॉन्ड मामले में सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के ठीक अगले दिन की गई। इस निर्णय से सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के लिए असहज स्थितियां पैदा हुईं। इससे इलेक्ट्रॉल बॉन्ड्स के जरिए भाजपा को असामान्य रूप से मिले अधिक चंदे और उसके स्रोत का मुद्दा चर्चा में आया। उसके ठीक अगले दिन देश की प्रमुख विपक्षी पार्टी पर ऐसी कार्रवाई के मकसद पर सहज ही संदेह खड़ा हुआ। सवाल उठा कि क्या इसके जरिए यह बताने की कोशिश की गई है कि विपक्ष के चंदे में भी घपला है? आय कर विभाग की इस कार्रवाई के तथ्यों पर ध्यान देना जरूरी है। यह कदम 2018-19 में कांग्रेस को मिले चंदे के सिलसिले में यानी अब पांच साल बाद उठाया गया है। तब पार्टी तय तारीख (31 दिसंबर 2019) तक इनकम टैक्स रिटर्न जमा नहीं करा पाई। उसने 45 दिन देर से इसे जमा कराया। रिटर्न में पार्टी ने बताया कि गुजरे साल में 199 करोड़ रुपये का चंदा उसके बैंक खाते में आया, जबकि 14 लाख 40 हजार रुपये उसके पास नकदी में हैं, जो उसे पार्टी सांसदों और विधायकों से मिले हैं। आय कर विभाग ने नकदी रकम को विसंगति (डिस्क्रेपैंसी) बताया है, जबकि 45 दिन की हुई देर को लेकर 210 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगा दिया है। यह कार्रवाई लोकसभा चुनाव से कुछ ही महीने पहले हुई है। खाते के संचालन पर रोक को जब कांग्रेस ने अपीलीय पंचाट में चुनौती दी, तो पंचाट ने खाते के संचालन से रोक तो हटा दी, लेकिन शर्त लगा दी कि कांग्रेस को 155 करोड़ रुपये खाते में रखने होंगे। पार्टी के मुताबिक उसके पास इसके अतिरिक्त रकम नहीं है। यानी व्यावहारिक रूप में वह खाते का इस्तेमाल नहीं कर पाएगी। जाहिर है, पार्टी की गतिविधियों पर इसका व्यापक असर पड़ेगा। क्या आय कर विभाग का यही मकसद है? जिस समय विपक्ष के खिलाफ केंद्रीय एजेंसियों की भूमिका पहले से संदिग्ध है, ऐसे सवाल उठना अस्वाभाविक नहीं हैं।

केजरीवाल की कहानियों का अंत नहीं

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के ड्रामे और उनकी कहानियों का अंत ही नहीं हो रहा है। उनकी सरकार ने एक बार फिर विधानसभा में विश्वास मत पेश कर दिया। किसी ने उनके बहुमत पर अविश्वास नहीं जाहिर किया था और न कहीं से उनकी सरकार को खतरा दिख रहा था। 70 सदस्यों की राज्य विधानसभा में केजरीवाल की पार्टी के 62 विधायक हैं। उन्हें तीन चौथाई से भी ज्यादा बहुमत है। फिर भी यह तीसरा मौका है, जब उन्होंने विश्वास मत हासिल करने का ड्रामा रचा है। पहले भी उन्होंने आरोप लगाया था कि उनके विधायकों को 20 करोड़ रुपए देने की भाजपा ने पेशकश की है। इस आरोप के बाद उन्होंने विश्वास मत पेश कर दिया। अब फिर आरोप लगाया है कि सात विधायकों को 25-25 करोड़ रुपए की पेशकश भाजपा ने की है और सरकार गिराना चाहती है। हालांकि सात या 17 विधायकों के टूटने से भी केजरीवाल की सरकार पर खतरा नहीं है। दूसरे, दिल्ली पुलिस उनसे पूछ रही है कि वे मीडिया में बयान देने के बाद औपचारिक शिकायत दर्ज कराएं। किसी व्यक्ति का नाम लें, जिसने पैसे की पेशकश की या कोई फोन नंबर ही बताएं कि इस नंबर से फोन करके पेशकश की गई थी। लेकिन उनकी पार्टी ने न कोई सबूत पेश किया है और न औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है। लेकिन विधानसभा के सत्र में बजट टाल दिया और विश्वास मत पेश कर दिया।

संदेशखाली की दरिंदगी

पश्चिम बंगाल के संदेशखाली इलाके के हालात को देख-सुन कर ऐसा लगता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उन्हें पहले ही देखा, भोगा और अनुभव किया है। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मदेनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां ह्यदरिंदोंह्ल के अत्याचार, यौन उत्पीडन और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। उन्होंने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? आश्चर्य यह भी है कि संदेशखाली की औरतों पर सालों से अत्याचार, अनाचार किए जा रहे थे, लेकिन राज्यपाल, अनुसूचित जाति आयोग, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, राष्ट्रीय महिला आयोग और भाजपा संसदीय प्रतिनिधिमंडल आदि की नींद एकसाथ 2024 में खुली है! अब प्रधानमंत्री मोदी भी 7 मार्च को, अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, बंगाल जा रहे हैं, जहां वह महिलाओं की ही जनसभा को संबोधित करेंगे। ये तमाम अभियान ह्यराजनीतिकह्ल लगते हैं, क्योंकि सालों तक सभी खामोश और निष्क्रिय थे, लेकिन आज बंगाल में ह्यराष्ट्रपति शासनह्ल तक की आवाजें मुखर हुई हैं। यहां तक कि जमीनी रपटें सामने आई हैं कि संदेशखाली की औरतों को तृणमूल कांग्रेस के दफ्तर में बुलाया जाता था और रात भर उन्हें ह्यमनोरंजनह्ल के लिए विवश किया जाता था। ऐसे कबूलनामे औरतों ने कैमरे के सामने कहे हैं, हालांकि चेहरे ढक कर वे बोली हैं, क्योंकि उन्हें ह्यअत्याचारी राक्षसोंह्ल का खौफ है। दुर्भाग्य और विडंबना यह है कि शोषित और पीड़ित औरतों को, खुद को, तृणमूल की समर्थक और वोटर भी कहना पड़ रहा है। औरतों की पारिवारिक बची-खुची जमीनें भी छीन ली गई हैं और अब उन पर तृणमूल कांग्रेस के ह्यराजनीतिक गुंडोंह्ल के अवैध कब्जे हैं। अत्याचार और सामूहिक दुष्कर्म के यथार्थ कई पक्षों ने सामने रखे हैं, लिहाजा उन्हें खारिज करना आसान नहीं है। कमोबेश संवैधानिक पदासीन चेहरों को झूठा करार नहीं दिया जा सकता। उनके भी सामाजिक दायित्व हैं। अब मामला सर्वोच्च अदालत के विचाराधीन है। आज सुनवाई में उसका फैसला क्या होगा, उसका विश्लेषण बाद में करेंगे। हमने कहा था कि ममता बनर्जी ने ऐसे हालात पहले देख और अनुभव कर रखे हैं। इस संदर्भ में सिंदुर और नंदीग्राम के आंदोलन याद आते हैं, जो टाटा मोटर्स के प्लांट के लिए भूमि अधिग्रहण के खिलाफ थे। तब ममता विपक्ष में थीं और आंदोलन का नेतृत्व कर रही थीं। तत्कालीन वाममोर्चा सरकार और पार्टी समूह ने ममता पर जो हिंसक और जानलेवा हमले किए थे, उन्होंने बंगाल में ह्यवामह्ल के अंत की शुरूआत कर दी थी। आज 2011 से बंगाल में ममता बनर्जी की तृणमूल कांग्रेस की सत्ता है। ममता भी ह्यवामह्ल की तरह घमंडी और एकाधिकारवादी हैं। संदेशखाली में जो विरोध-प्रदर्शन उभरे हैं, उनमें शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सरदार सरीखे तृणमूल गुंडों की गिरफ्तारी की मांग गूंज रही है। शेख तब से ह्यभगोड़ाह्ल है, जब उसके घर पर प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने छापा मारा था और हिंसक भीड़ ने जांच अधिकारियों को ही घायल कर दिया था। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका ह्यसिंडिकेटह्ल कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं। कई कार्यकताओं को भी मार दिया गया था। यह गुंडई पंचायत चुनावों में सरेआम कहर ढहाती रही है। क्या एक महिला मुख्यमंत्री का शासन ऐसा भी हो सकता है कि दरिंदे खुलेआम हत्याएं और अत्याचार कर सकें? यह सवाल जरूरी है, क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक देश में रहते हैं। बंगाल की पुलिस भी सिंडिकेट का ही संरक्षण करती है, लिहाजा शाहजहां का सुराग तक नहीं लग पाया है कि आखिर महीनों से वह कहां फरार है?

पॉलिटिकल फंडिंग पारदर्शी, साफ-सुथरी हो

इस पद्धति में यह सूचना सार्वजनिक करने का प्रावधान नहीं था कि किस पार्टी को किस व्यक्ति या संस्था ने कितना चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से दिया है। इस प्रावधान पर सर्वोच्च न्यायालय ने आपत्ति जताई है और कहा है कि चुनावी चंदे के लेन-देन में समुचित पारदर्शिता होनी चाहिए। अभी इस ताजा फैसले में अदालत ने इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को रोक दिया है और कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करना बंद कर दे। सर्वोच्च न्यायालय की प्रमुख आपत्ति पारदर्शिता को लेकर ही है। जो व्यवस्था इलेक्टोरल बॉन्ड के आने से पहले से थी और जिस प्रकार राजनीतिक दल पैसा जुटाते थे, उसमें भी पारदर्शिता का बड़ा अभाव था। साथ ही, यह भी समस्या थी कि जो लोग भारी मात्रा में नगदी दे रहे हैं, उनके पैसे का स्रोत क्या है, इसका पता लगा पाना असंभव था। अगर सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों को लागू करते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को कायम रखा जाए, तो आगे शायद अदालत को कोई आपत्ति नहीं होगी। हमारे देश में पंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या सैकड़ों में है। ऐसे में यह तो संभव है नहीं कि धन का कोई एक केंद्रीय संग्रहण हो और सभी दलों को उसमें से एक समान हिस्सा मुहैया कराया जाए। दलों की विचारधारा अलग-अलग है। मान लीजिए कि मुझे चंदा देना है और मैं समझ रहा हूं कि किसी दल की विचारधारा और कार्यक्रम संकीर्ण सोच पर आधारित हैं तथा देश के लिए नुकसानदेह हैं, तो मैं उस दल को चंदा नहीं देना चाहूंगा।

डॉ. अश्विनी महाजन-
(लेखक कॉलेज एसोसिएट प्रोफेसर हैं)

इलेक्टोरल बॉन्ड पर जो सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय आया है, वह एक कानूनी प्रक्रिया के तहत है और उस पर कोई विशेष टिप्पणी करने का कोई अर्थ नहीं है। पर इस संबंध में जो पहली चीज विचार करने लायक है, वह यह है कि इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को क्यों लाया गया था? राजनीतिक दलों को चंदा संग्रह करने का अधिकार है और जमा की गई धनराशि पर उन्हें कोई आयकर भी नहीं देना होता है। उन्हें जो पैसा चंदे या दान के रूप में मिलता है, उनसे अपेक्षा की जाती है कि वे उसकी जानकारी चुनाव आयोग को मुहैया कराएंगे। पहले जो धन बैंक चेक या ड्राफ्ट के माध्यम से हासिल होता था, उसकी जानकारी तो मिल जाती थी, लेकिन नगदी चंदे के बारे में पारदर्शिता का पूरा अभाव था। यह तो स्थापित तथ्य है कि हमारे देश की राजनीति और चुनावी प्रक्रिया में काले धन की मौजूदगी जमाने से रही है और इस समस्या के समाधान पर लंबे समय से चर्चा भी होती रही है। काले धन की वजह से यह चलता रहा कि पैसा देने वाले राजनीतिक दलों और उनकी सरकारों से बेजा फायदा उठाते रहे। यह स्थिति हमारी राजनीतिक प्रणाली के लिए एक गंभीर चुनौती थी। इस पृष्ठभूमि में इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था लाकर यह प्रयास हुआ कि काले धन की समस्या को रोका जाए, उसे हतोत्साहित किया जाए। वर्ष 2017 में भारत सरकार द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था लागू की गई, जिसमें यह कहा गया कि किसी भी व्यक्ति या संस्था द्वारा इलेक्टोरल बॉन्ड खरीदा जा सकता है और किसी पार्टी को दिया जा सकता है। एक निर्धारित समयावधि के अंदर पार्टियां इलेक्टोरल बॉन्ड को भुना लेती थीं। इस पद्धति में यह सूचना सार्वजनिक करने का प्रावधान नहीं था कि किस पार्टी को किस व्यक्ति या संस्था ने कितना चंदा इलेक्टोरल बॉन्ड के माध्यम से दिया है। इस प्रावधान पर सर्वोच्च न्यायालय ने आपत्ति जताई है और कहा है कि चुनावी चंदे के लेन-देन में समुचित पारदर्शिता होनी चाहिए। अभी इस ताजा फैसले में अदालत ने इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को रोक दिया है और कहा है कि भारतीय स्टेट बैंक इलेक्टोरल बॉन्ड जारी करना बंद कर दे। सर्वोच्च न्यायालय की प्रमुख आपत्ति पारदर्शिता को लेकर ही है। जो व्यवस्था इलेक्टोरल बॉन्ड के आने से पहले से थी और जिस प्रकार राजनीतिक दल पैसा जुटाते थे, उसमें भी पारदर्शिता का बड़ा अभाव था। साथ ही, यह भी समस्या थी कि जो लोग भारी मात्रा में नगदी दे रहे हैं, उनके पैसे का स्रोत क्या है, इसका पता लगा पाना असंभव था। अगर सर्वोच्च न्यायालय के निदेर्शों को लागू करते हुए इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था को कायम रखा जाए, तो आगे शायद अदालत को कोई आपत्ति नहीं होगी। हमारे देश में पंजीकृत राजनीतिक दलों की संख्या सैकड़ों में है। ऐसे में यह तो संभव है नहीं कि धन का कोई एक केंद्रीय संग्रहण हो और सभी दलों को उसमें से एक समान हिस्सा मुहैया कराया जाए। दलों की विचारधारा अलग-अलग है। मान लीजिए कि मुझे चंदा देना है और मैं समझ रहा हूं कि किसी दल की विचारधारा और कार्यक्रम संकीर्ण सोच पर आधारित हैं तथा देश के लिए नुकसानदेह हैं, तो मैं उस दल को चंदा नहीं देना चाहूंगा। अगर सभी दलों को एक समान चंदा मिलेगा, तो पार्टी बनाना एक धंधा बन जाएगा। ऐसे में यह व्यक्ति या संस्था पर निर्भर करता है कि वह किसी एक दल को चंदा दे या कुछ दलों में अपनी धनराशि को अपनी समझ से बांट दे। यह कई लोगों की समझ है और मैं इससे सहमत हूं कि चुनावी चंदे के मामले में नगदी का चलन नहीं होना चाहिए और चंदा हमेशा ऐसी व्यवस्था के तहत लिया और दिया जाए, जिससे उसके स्रोत के बारे सही जानकारी मिल सके। यदि सर्वोच्च न्यायालय का यह मानना है कि पारदर्शिता के साथ यह पता चलना चाहिए कि किस दल को किस व्यक्ति या संस्था ने कितनी धनराशि दी है, तो यह कानून की एक व्याख्या है और इसे सकारात्मक रूप में लेना चाहिए। हमारे सामने अनेक उदाहरण हैं कि सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों को सरकार ने नहीं स्वीकार करते हुए संसद में फिर से कानूनों को पारित किया। साथ ही, ऐसे उदाहरण भी हैं, जब अदालती आदेशों के मुख्य बिंदुओं को स्वीकार करते हुए और कानून में उन्हें समाहित करते हुए संशोधित कानून पारित किए गए। चूंकि अभी सरकार को भी सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय को पढ़े और उस पर विचार करने के लिए समय चाहिए, इसलिए हमें सरकार के पक्ष को विस्तार से सामने आने की प्रतीक्षा करनी चाहिए। अगर सरकार को ऐसा लगेगा कि सर्वोच्च न्यायालय की आपत्तियों के अनुरूप वर्तमान व्यवस्था को और भी पारदर्शी बनाने की आवश्यकता है, तो वह एक संशोधित प्रारूप संसद के समक्ष प्रस्तुत कर सकती है। लेकिन यह कार्य अभी तुरंत नहीं हो सकता है। यह समझना जरूरी है कि देश कोई एक-दो दिन या वर्ष के लिए नहीं होता। राष्ट्र की यात्रा सतत होती है। इस यात्रा में व्यवस्थाएं बनती हैं, बदलती हैं और टूटती भी हैं। कुछ ही महीनों में लोकसभा के चुनाव होने हैं और मई में नई लोकसभा और सरकार का गठन हो जाएगा। इसलिए इस इलेक्टोरल बॉन्ड के मुद्दे पर अल्पकालिक दृष्टि से विचार करने की आवश्यकता नहीं है। चूंकि यह निर्णय सर्वोच्च न्यायालय का है, तो देश और सरकार को उसका सम्मान करना है, लेकिन यह अवश्य कहा जाना चाहिए कि चुनाव में काले धन का प्रकोप जिस स्तर पर था, उससे निपटने की दिशा में इलेक्टोरल बॉन्ड की व्यवस्था एक प्रगतिशील कदम थी। इसी सरकार के कार्यकाल में यह कानून बना था, इसलिए इसी सरकार को यह देखना होगा कि सर्वोच्च न्यायालय की आपत्तियों और निदेर्शों का अनुपालन करते हुए एक संशोधित व्यवस्था लाई जाए? ऐसा तो अब नहीं हो सकता है कि हम पहले के काले धन वाले समय में लौट जाएं, जहां न तो पैसे के स्रोत का पता चलता था और न ही पैसा देने वाले के बारे में। आज भी हर चुनाव में हम देखते हैं कि चुनाव आयोग बड़ी मात्रा में नगदी की धरपकड़ करता है। पहले भी कई बार आयोग की ओर से कहा जा चुका है कि चुनावों में बाहर से पैसा आने के अंदेशों को खारिज नहीं किया जा सकता है।

अन्नदाता और सरकार के बीच टकराव....

चार साल पहले आई नाबार्ड की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 10 .07 करोड़ परिवार खेती पर निर्भर थे। यह संख्या देश के कुल परिवारों का 48 प्रतिशत है। सरकार की कृषि विरोधी नीतियों की वजह से चार साल में ये संख्या घटी या बढ़ी हमें नहीं पता। नाबार्ड की रिपोर्ट पर ही भरोसा किया जाए तो एक कृषि आधारित परिवार में वर्ष 2016-17 में औसतन सदस्य संख्या 4 .9 थी। अगल-अलग राज्यों में इसकी संख्या भी अलग-अलग है। उदाहरण के लिए केरल में एक परिवार में 4 सदस्य हैं, तो वहीं उत्तर प्रदेश में सदस्य संख्या 6, मणिपुर में 6 .4, पंजाब में 5 .2, बिहार में 5 .5, हरियाणा में 5 .3 कर्नाटक और मध्य प्रदेश में 4 .5 और महाराष्ट्र में 4 .5 थी। हमारा अन्नदाता किसान सरकार से आसमान के तारे नहीं बल्कि अपनी फसलों का न्यूनतम दाम मांग रहा है। सरकार को ये दाम देना भी नहीं हैं केवल निर्धारित कर एक कानून बनाना है। दुर्भाग्य ये कि हमारी संप्रभु और प्रभु रामभक्त सरकार ये काम भी नहीं कर पा रही। करे भी तो कैसे, उसे तो अपनी छवि और मंदिर बनाने और उनका उद्घाटन करने से ही फुरसत नहीं है। पहले अयोध्या में राम मंदिर बनवाया, फिर यूएई में बनवाया। अभी कल्किधाम का शिलान्यास किया। किसानों के लिए सरकार के पास समय बचता ही कहाँ है? किसान अपनी मांगों को लेकर दस दिन से दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डालकर बैठा है लेकिन सरकार बेफिक्र है।

राकेश अचल-
लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।

भारत में किसानों को अन्नदाता कहा जाता है लेकिन उनकी दशा बेहद खराब है। किसानों को अपने अधिकार हासिल करने केलिए हर युग में सत्ता प्रतिष्ठान से लड़ाई लड़ना पड़ती है। भारत का किसान भले अन्नदाता कहलाता हो किन्तु उसने मुगलों से भी लड़ाई लड़ी, अंग्रेजों से भी लड़ाई लड़ी और आज एक बार फिर रामराज चलाने वाली सरकार से उसका टकराव होता दिखाई दे रहा है। किसानों की लड़ाई अंतहीन हो गयी है। देश को हर तरह की गारंटी देने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों से सीधे मुंह बात करने को राजी नहीं हैं और उनकी सरकार की और से किसानों से बातचीत करने वाले किसानों को मनाने में नाकाम रहे है। और तुर्रा ये है कि हमारी सरकार दुनिया की पांचवीं बड़ी अर्तव्यवस्था बनना चाहती है। किसानों की उपेक्षा कर ये सब कैसे मुमकिन होगा ये केवल सरकार जानती है या भगवान। किसानों को तो इस वारे में कुछ आता नहीं है। दुर्भाग्य से देश का प्रधानमंत्री देश का सबसे बड़ा ओबीसी तो है किन्तु सबसे बड़ा किसान नहीं। किसान सरकार से वार्ता नाकाम होने के बाद 21 फरवरी से राजधानी की और कुछ कर सकते हैं। राजधानी में उनके साथ क्या होगा ये सोचकर ही रूह कांपने लगती है। चार साल पहले आई नाबार्ड की रिपोर्ट के मुताबिक देश में 10.07 करोड़ परिवार खेती पर निर्भर थे। यह संख्या देश के कुल परिवारों का 48 प्रतिशत है। सरकार की कृषि विरोधी नीतियों की वजह से चार साल में ये संख्या घटी या बढ़ी हमें नहीं पता। नाबार्ड की रिपोर्ट पर ही भरोसा किया जाए तो एक कृषि आधारित परिवार में वर्ष 2016-17 में औसतन सदस्य संख्या 4.9 थी। अगल-अलग राज्यों में इसकी संख्या भी अलग-अलग है। उदाहरण के लिए केरल में एक परिवार में 4 सदस्य हैं, तो वहीं उत्तर प्रदेश में सदस्य संख्या 6, मणिपुर में 6.4, पंजाब में 5.2, बिहार में 5.5, हरियाणा में 5.3 कर्नाटक और मध्य प्रदेश में 4.5 और महाराष्ट्र में 4.5 थी। हमारा अन्नदाता किसान सरकार से आसमान के तारे नहीं बल्कि अपनी फसलों का न्यूनतम दाम मांग रहा है। सरकार को ये दाम देना भी नहीं हैं केवल निर्धारित कर एक कानून बनाना है। दुर्भाग्य ये कि हमारी संप्रभु और प्रभु रामभक्त सरकार ये काम भी नहीं कर पा रही। करे भी तो कैसे, उसे तो अपनी छवि और मंदिर बनाने और उनका उद्घाटन करने से ही फुरसत नहीं है। पहले अयोध्या में राम मंदिर बनवाया, फिर यूएई में बनवाया। अभी कल्किधाम का शिलान्यास किया। किसानों के लिए सरकार के पास समय बचता ही कहाँ है? किसान अपनी मांगों को लेकर दस दिन से दिल्ली की सीमा के बाहर डेरा डालकर बैठा है लेकिन सरकार बेफिक्र है। सरकार जानती है कि किसानों के अकेले वोटों से उसे तीसरी बार सत्ता में आने से नहीं रोका जा सकता। हमारी सरकार रामभक्त सरकार अवश्य है किन्तु किसान भक्त सरकार बिलकुल नहीं है। ये वो सरकार है जो दो साल पहले 700 से ज्यादा किसानों की शहादत के बाद भी झूठ बोलने से नहीं चूकी। सरकार ने किसानों के पुराने साल भर चले आंदोलन के बाद जिन तीन विवादित कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी उनके बाद किसानों के मन-माफिक कानून आजतक नहीं बनाये। सरकार की इस हठधर्मिता को क्या नाम दिया जाये ये आप खुद तय करें। ये वो ही सरकार है जो आजतक सुलग रहे मणिपुर के मुद्दे पर चर्चा करने से लगातार कतराती रही। इस सरकार ने किसानों की ही तरह देश की महिलाओं को ठगने के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाकर नारीशक्ति वंदन विधेयक को कानून तो बनाया किन्तु वास्तव में नारी शक्ति की वंदना नहीं की। अभी पिछले साल ही हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से चार राज्यों में जीत हासिल की किन्तु एक भी नारी को मुख्यमंत्री नहीं बनाया। उलटे देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री बंगाल की ममता बनर्जी की सरकार को गिराने में लगी है ये सरकार। हम आम लोग नहीं जानते कि किसानों की मांगे मानने से सरकार को क्या समस्या आने वाली है, लेकिन सब कुछ मुमकिन करने का दावा करने वाली सरकार कहाँ कमजोर पड़ रही है ये सरकार को अपने श्वेतपत्र में बताना तो चाहिए था। सरकार की रामभक्ति पर लट्ठ जनता को ये जानना भी जरूरी है कि राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में कृषि क्षेत्र की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत से अधिक है। कोविड-19 की वजह से पैदा आर्थिक मंदी के बीच 2020-21 में भी किसानों की हिस्सेदारी कम नहीं हुई थी बल्कि बढ़ी थी और इसी वजह से सरकार आर्थिक संकट में फसने से बची थी। हमारी सरकार किसानों का अहसान मैंने कि बजाय उन्हें उत्पीड़ित करने में लगी है। देश का दुर्भाग्य है कि देश जिस किसान वर्ग को अन्नदाता कहता है उसके लिए ही हमारी सरकार राजधानी कि रास्ते में लोहे की कीलें बिछवाती है। कांटेदार तारों की बाद खिंचवाती है। उनके ऊपर गोली -लाठी चलवाती है। ये वे ही किसान हैं जिनकी वजह से सत्तारूढ़ भाजपा को लोकसभा में 303 सीटें मिलीं थी। ये शक्ति किसी अडानी या अम्बानी ने नहीं दी थी, फिर भी किसानों को सरकार अपना शत्रु मानकर व्यवहार कर रही है।

भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव की ब्यार पर प्रश्न चिन्ह क्यों?

प्रहलाद सबनानी-
(लेखक विख्यात अर्थशास्त्री है)

भारत में पिछले एक दशक में, विशेष रूप से आर्थिक क्षेत्र में, अतुलनीय सुधार दृष्टिगोचर है और भारतीय अर्थव्यवस्था आज विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के साथ ही विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था भी बन गई है। आगे आने वाले लगभग पांच वर्षों के दौरान भारतीय अर्थव्यवस्था विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगी, ऐसा आंकलन विश्व के कई वित्तीय एवं आर्थिक संस्थान कर रहे हैं। आज विश्व के कई देश पूंजीवादी मॉडल से निराश होकर भारतीय आर्थिक मॉडल को अपनाने की बात करने लगे हैं क्योंकि सनातन संस्कृति पर आधारित भारतीय आर्थिक मॉडल पश्चिमी आर्थिक मॉडल की तुलना में बेहतर माना जा रहा है। परंतु, दुर्भाग्य से भारत में कुछ राजनैतिक दल एक दूसरे से प्रतिस्पर्धा करते हुए भारत में हाल ही के समय में हुई आर्थिक प्रगति को कमतर आंकते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था में हो रहे बदलाव की ब्यार पर ही प्रश्न चिन्ह लगाते दिखाई दे रहे हैं। भारत आज अर्थ के विभिन्न क्षेत्रों में नित नई ऊंचाईयां छू रहा है। दिसम्बर 2023 के प्रथम सप्ताह में भारत ने फ्रान्स एवं ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुए शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में पूरे विश्व में पांचवा स्थान हासिल किया था। भारत से आगे केवल अमेरिका, चीन, जापान एवं हांगकांग थे। परंतु, अब दो माह से भी कम समय में भारत ने शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़ते हुए विश्व में चौथा स्थान प्राप्त कर लिया है। अब ऐसा आभास होने लगा है कि भारत अर्थ के क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर खोई हुई अपनी प्रतिष्ठा को पुनः प्राप्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। एक ईसवी से लेकर 1750 ईसवी तक आर्थिक दृष्टि से पूरे विश्व में भारत का बोलबाला था। इस खंडकाल में विश्व के कुल विदेशी व्यापार में भारत की हिस्सेदारी 32 प्रतिशत से भी अधिक की रही है क्योंकि उस समय पर भारत में सनातन संस्कृति का पालन करते हुए व्यापार किया जाता था। भारत में कर्म एवं अर्थ के कार्यों को धर्म का पालन करते हुए करने की प्रथा का पुरातन शास्त्रों में वर्णन मिलता है। भारत में चूंकि आज एक बार पुनः सनातन संस्कृति का पालन करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में कार्य सम्पन्न हो रहे हैं अतः पूरे विश्व का भारत पर विश्वास बढ़ रहा है। विदेशी निवेश के साथ साथ आज लगभग 50 देश भारत के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता करना चाहते हैं क्योंकि भारत वैश्विक स्तर पर विभिन्न उत्पादों के लिए एक बहुत बड़े बाजार के रूप में विकसित हो रहा है। ऐसा कहा जाता है कि शेयर बाजार में निवेशक अपनी जमापूंजी का निवेश बहुत सोच विचार कर करता है एवं जब निवेशकों को यह आभास होने लगता है कि अमुक कम्पनी का भविष्य बहुत उज्जवल है एवं निवेशक द्वारा किए गए निवेश पर प्रतिफल अधिकतम रहने की सम्भावना है, तभी निवेशक अपनी जमापूंजी को शेयर बाजार में उस अमुक कम्पनी में निवेश करते है। इस प्रकार, जब किसी भी देश की अर्थव्यवस्था पर निवेशकों का भरोसा बढ़ता हुआ दिखाई देता है तो विशेष रूप से विदेशी निवेशक एवं विदेशी संस्थागत निवेशक उस देश में विभिन्न कम्पनियों के शेयर में अपनी निवेश बढ़ाते हैं। चूंकि विदेशी संस्थानों को आगे आने वाले समय में भारतीय अर्थव्यवस्था पर एवं भारतीय कम्पनियों की विकास यात्रा पर भरपूर भरोसा है अतः भारतीय शेयर बाजार में निवेश भी रफ्तार पकड़ रहा है। किसी भी देश की आर्थिक प्रगति में शासन द्वारा बनाई गई नीतियों का विशेष प्रभाव रहता है। पिछले 10 वर्षों के खंडकाल में भारत न केवल आर्थिक क्षेत्र बल्कि सांस्कृतिक, सामाजिक एवं राजनैतिक क्षेत्रों में भी मजबूत हुआ है और भारत ने पूरे विश्व में अपनी धाक जमाई है। आज भारतीय मूल के लगभग 3.20 करोड़ लोग विश्व के अन्य देशों में निवास कर रहे हैं। भारतीय मूल के इन नागरिकों ने भारतीय सनातन संस्कृति का पालन करते हुए इन देशों के स्थानीय नागरिकों को भी प्रभावित किया है जिससे विदेशी नागरिक भी अब सनातन संस्कृति की ओर आकर्षित होने लगे हैं। विशेष रूप से विकसित देशों में तो सामाजिक तानाबाना इतना अधिक छिन्न भिन्न हो चुका है कि अब ये देश आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक समस्याओं के हल हेतु आशाभारी नजरों से भारत की ओर देख रहे हैं। अंतरिक्ष के क्षेत्र में आज भारत एक वैश्विक ताकत बनाकर उभरा है। भारत आज न केवल अपने लिए सेटेलाईट अंतरिक्ष में भेज रहा है बल्कि विश्व के कई अन्य देशों के लिए भी सेटेलाईट अंतरिक्ष में स्थापित करने में सक्षम हो गया है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 21 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

नगर निगम छपरा के नवनिर्वाचित मेयर को दिलाई गई शपथ

छपरा नगर निगम के नव- निर्वाचित मेयर श्री लक्ष्मी नारायण गुप्ता को आज पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। प्रभारी जिलाधिकारी -सह-उपविकास आयुक्त प्रियंका रानी ने उन्हें जिलाधिकारी के कार्यालय वेश्म में शपथ दिलाई।

सत्यापन का कार्य शुरू

डोरीगंज । लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आज से डोरीगंज थाना परिसर में शस्त्रों का सत्यापन का कार्य सदर बीडीओ विनोद आनंद के निगरानी में शुरू हुआ। जिसमें आज दर्जनों लोगों ने शस्त्र का सत्यापन करवाया। थानाध्यक्ष सुरज कुमार ने बताया कि शस्त्र सत्यापन का कार्य 29 फरवरी तक चलेगा।

सांसद ने किया दाढ़ीबाड़ी भकुरा भिट्ठी सड़क का शिलान्यास

बनियापुर। बनियापुर एनएच 331 मुख्य सड़क के डाढीबाढ़ी भकुरा भिट्ठी सड़क का स्थानीय सांसद ने शिलान्यास का दिया है जहा समारोह के रूप मे कार्यक्रम का आयोजन किया ,मौके पर सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि महाराजगंज लोक सभा क्षेत्र का ऐसा कोई प्रखंड पंचायत नही है जहा विकास कार्य नही हुआ है।उन्होंने उक्त सड़क की लागत 7 करोड़ 13 लाख बताते क्षेत्र मे अन्य छोटी बड़ी सड़क निर्माण कार्य की चर्चा किया,इस सड़क के जर्जर हो जाने से क्षेत्र दर्जनों गाव के लोगो को आवगमन की काफी कठिनाई हो रही थी,लोगो मे उत्साह है।वही उन्होंने बताया की राज्य मे डबल इंजन की सरकार हो जाने से अब विकास की रफ्तार और डबल हो जाएगी,उन्हीने देश के प्रधानमंत्री की साअथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री अन्य सड़क योजनाओं की चर्चा करते गरीब कल्याण योजनाओं ,उज्ज्वला योजना किसान समृद्धि योजना सहित केंद्र सरकार की सभी योजना की चर्चा करते केंद्र सरकार को आम जनता के बीच रखा,तथा अबकी बार 400 सौ पार के नारो से गुंजायमान कर दिया,वही वर्ष 14 के बाद देश का जी डी पी बढ़ कर तीसरे नंबर पर आने की बात कही।लोगो मे उत्साह था।

कृषि विभाग से संबंधित विभिन्न पदों के 38 नवनियोजित अभ्यर्थियों को किया गया नियोजन पत्र वितरित

● जिला कृषि पदाधिकारी -सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, सारण एवं उप परियोजना निदेशक उपस्थित थे

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। निदेशक, बामेती, बिहार, पटना से प्राप्त निदेश के आलोक में सारण समाहणालय के सभा कक्ष में आज प्रभारी जिलाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त, सारण प्रियंका रानी के द्वारा कृषि विभाग के अधीन विभिन्न पदों पर नवनियोजित 38 कर्मियों को नियोजन पत्र वितरित किया। प्रखण्ड तकनीकी प्रबंधक के 12, सहायक तकनीकी प्रबंधक के 23 एवं प्रखण्ड स्तरीय लेखापाल के चयनित 03 अभ्यर्थियों को नियोजन पत्र दिया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी-सह- परियोजना निदेशक, आत्मा, सारण एवं उप परियोजना निदेशक, आत्मा, सारण उपस्थित थे। जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजनानिदेशक द्वारा सभी अभ्यर्थियों को बताया गया कि 29 फरवरी तक अभ्यर्थी नियोजन पत्र की शर्तों के अनुसार कार्यालय- कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) सारण में कार्य दिवस में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं। साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि जो अभ्यर्थी नियोजन पत्र वितरण कार्यक्रम मे उपस्थित नहीं हो पाये है वे आत्मा कार्यालय से अपना नियोजन पत्र प्राप्त करते हुए उक्त निर्धारित तिथि तक कार्यालय को कार्य अवधि में उपस्थित होकर सूचना दे सकते हैं।

पीजी सेमेस्टर 1 में नामांकन की सूची हुई जारी

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा सदरः जयप्रकाश विश्वविद्यालय के प्रभारी डी एस डब्ल्यू डॉ सरफराज अहमद ने बताया कि पी जी सेमेस्टर वन 2022-24 के तहत सेमेस्टर वन में नामांकन की सूची जेपीयू के वेबसाइट पर जारी कर दी गई है। उन्होंने यह भी बताया कि यह नामांकन सीबीसीएस पाठ्यक्रम के तहत लिया जा रहा है। नामांकन की प्रक्रिया 20 फरवरी से लेकर 27 फरवरी तक चलेगी। वहीं जिन महाविद्यालयों या विभागों में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा मैट्रिक की परीक्षा ली जा रही है वहां पर नामांकन 23 फरवरी से 29 फरवरी तक लिया जाएगा ।उन्होंने यह भी बताया कि सभी श्रेणी के लड़कियों तथा एससी एसटी के लड़कों के लिए नामांकन निःशुल्क है वहीं प्रायोगिक विषय के लिए 3060 रुपए एवं नन प्रैक्टिकल में 2560 रुपए का नामांकन शुल्क रखा गया हैं।

सांसद व प्राचार्य ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। शहर के प्रभुनाथ नगर बाइपास (नियर बुलेट शोरूम) स्थित होटल संस्कार रेसिडेंसियल का विधिवत उद्घाटन सोमवार की मुख्य अतिथि सह महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल एवं नारायण कॉलेज, गोरियाकोठी सिवान के प्राचार्य प्रो (डॉ) प्रमेन्द्र रंजन द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कहा कि इस आधुनिक सुविधा एवं संसाधन युक्त होटल खुलने से स्थानीय तथा दुर दराज के लोगों को काफी सहुलियत होगी। वही प्राचार्य प्रो डॉ प्रमेन्द्र रंजन ने कहा कि इस होटल के ओपनिंग से व्यवसायियों, शिक्षाविदों एवं प्रतियोगी परीक्षाओं के लिये दुसरे जगहों से आने वाले छात्र-छात्राओं- अभिभावकों को काफी सुविधा होगा। वही होटल संस्कार के प्रोपराइटर व समाजसेवी व युवा व्यवसायी मृत्युंजय कुमार सिंह मितू ने बताया कि अपर, मिडिल एवं लोअर क्लास सभी कैटेगरी के लोगों को सुविधा एवं आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए होटल को सुव्यवस्थित एवं सुरक्षित बनाया गया है। उन्होंने बताया कि अत्याधुनिक सुविधा एवं संसाधन से परिपूर्ण होटल संस्कार स्वच्छता एवं शांत वातावरण के लिए अग्रणी श्रेणी में स्थान रहेगा। मौके पर विशिष्ट अतिथि सह प्राचार्य नंदलाल सिंह कॉलेज दाउदपुर प्रो.

अंतरा को छोड़ने के उपरांत महिला कभी भी हो सकती है गर्भवती: डीसीएम

● सरकारी अस्पतालों के साथ आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा के सहयोग से नियमित अंतराल पर अंतरा की सुई लगाने के लिए किया जाता है आयोजन

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। जिला सहित राज्य और देश में बढ़ती जनसंख्या को कम करने के उद्देश्य से मिशन परिवार विकास अभियान संचालित किया जाता है। ताकि जनसंख्या को स्थिर किया जा सके। जिसको लेकर सिविल सर्जन डॉ सागर दुलाल सिन्हा ने बताया कि जो महिला अंतरा लेने का निर्णय ले चुकी है, उन्हें प्रत्येक तीन माह पर इसे लेने की आवश्यकता होती है। क्योंकि गर्भ- निरोधक उपायों को नियमित रूप से लेना महत्वपूर्ण माना जाता है। सदर अस्पताल सहित जिले के सभी स्वास्थ्य संस्थानों में अंतरा की सुई भरपूर मात्रा में उपलब्ध है। हालांकि यह सुई प्रशिक्षित जीएनएम, सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) या एएनएम के द्वारा दी जाती है। उसके बाद आशा कार्यकर्ताओ के द्वारा उनका फॉलोअप करते हुए नियमित अंतराल पर उन्हें अगले टीके के लिए समय पर याद दिलाया जाता हैं। ताकि, उक्त महिलाओं को समय पर अंतरा की सुई दी जा सके। सबसे अहम बात यह है कि अंतरा की सुई लेने वाली महिलाओं की सूचनाएं शत प्रतिशत गुप्त रखी जाती है। उपरोक्त सुई की शुरूआत करने से पहले किसी प्रकार की प्रयोगशाला जांच की आवश्यकता नहीं होती है। अंतरा छोड़ने के उपरांत महिला कभी भी हो सकती है गर्भवतीः डीसीएम-जिला सामुदायिक उत्प्रेरक (डीसीएम) ब्रजेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि परिवार नियोजन में अस्थायी साधनों में गर्भनिरोधक सुई अंतरा को उसके गाइडलाइन के अनुसार महिला लाभार्थी को माहवारी के सात दिवस तक लगा सकते हैं। यदि इसके बाद में लगाना है तो गर्भनिरोधक जांच करने के बाद ही लगाना होता है। दिलचस्प बात यह है कि दूध पिलाने वाली धात्री महिलाओं के लिए सबसे सुरक्षित है, क्योंकि यह दूध की मात्रा एवं गुणवत्ता को प्रभावित नहीं करता है। हालांकि अंतरा की सुई छोड़ने के उपरांत सामान्य महिला आसानी से गर्भवती हो सकती है। अंतरा की सुई का उपयोग करने वाली महिलाओं को गर्भधारण रोकथाम के लिए अन्य किसी साधन का उपयोग करने की आवश्यकता नहीं होती है। जिले के सभी सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों सहित आंगनबाड़ी केंद्रों पर आशा कार्यकताओं के सहयोग से नियमित अंतराल पर अंतरा की सुई लगाने के लिए आयोजन किया जाता है। प्रत्येक तीन माह पर इच्छुक महिलाएं आसानी से ले सकती है अंतरा की सुईः डॉ नवनीत कुमार बड़ा तेलपा स्थित शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नवनीत कुमार का कहना है कि शहरी क्षेत्र सहित जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में प्रत्येक माह परिवार कल्याण सेवाओं में बच्चों के बीच अंतराल रखने और साधनों की प्रगति बढ़ाने के उद्देश्य से स्वास्थ्य कर्मियों और आशा कार्यकताओं को गर्भनिरोधक सुई अंतरा को अधिक से अधिक लगवाने के लिए समय समय पर जागरूकता अभियान भी चलाया जाता है।

लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर एसडीओ व डीएसपी ने की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

दरियापुर ।डेरनी पुलिस द्वारा त्वरित कारवाई करते हुए दिलीप हत्याकांड का उद्भेदन कर बड़ी सफलता हासिल की गई है ।इसके साथ ही घटना के आरोपी को गिरफ्तार करने के साथ ही प्रयुक्त देशी कट्टा को भी बरामद कर लिया गया ।इस संबंध में पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार उक्त कांड को प्रेम प्रसंग से नाराज पुत्र के द्वारा अंजाम दिया गया था। सुतिहार निवासी महिला सुमंती देवी का काफी दिनों से मृतक के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था ।जिसका उक्त महिला का पुत्र चंदन कुमार कई बार विरोध कर चुका था ।जिस पर मृतक के द्वारा आश्वासन दिया गया था ।जिसके बाद वह दूसरे शहर में रोजगार करने चला गया था ।परंतु गत 13 फरवरी को घर आने पर सच्चाई जान कर उसने हत्या करने का निश्चय किया,और शुक्रवार की अहले सुबह मां के प्रेमी दिलीप को दो गोली मार मौके पर ही जीवन लीला समाप्त कर दिया। एस आई छत्तीस प्रसाद सिंह ने बताया की पुलिस के द्वारा वैज्ञानिक तकनीक से अनुसंधान करते हुए डोरीगंज थाना क्षेत्र के कंसदियारा गांव स्थित बहन के घर से प्रेमिका सुमंति देवी को तथा मकेर थाना क्षेत्र के मसूरिया गांव स्थित मौसा के घर से चंदन कुमार को गिरफ्तार करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त कट्टा को भी बरामद कर लिया गया ।वही अन्य लोगो के संलिप्तता की भी जांच की जा रही है ।कांड का त्वरित रूप से उद्भेदन कर लेने के लिए गणमान्य लोगों ने डेरनी थानाध्यक्ष को बधाई दिया है ।

भाजपा महामंत्री को पितृशोक पर नेताओं ने ढांढस बंधाया

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। भाजपा के जिला महामंत्री विवेक कुमार सिंह के पिता बिनोद कुमार सिंह (से०नि० बंदोबस्त पदाधिकारी) का आकस्मिक निधन सोमवार की अहले सुबह हो जाने की वजह से पूरे भाजपा सारण के सभी नेताओं कार्यकताओं में दुख की लहर है सभी इस दुख के घड़ी में भाजपा महामंत्री के परिवार के साथ खड़े है महामंत्री विवेक कुमार सिंह के पिता एक बिहार सरकार के वरिऐ पदाधिकारी रह चुके हैं वह समाजिक धर्म परायण एवं पूजा पाठ पसंद के व्यक्ति थे वह अपने पीछे चार पुत्र एवं दो पुत्री से भरा पुरा परिवार छोड़ गए हैं, सारण के सांसद राजीव प्रताप रूड़ी ने दुख संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि दुख के घड़ी में पूरा भाजपा परिवार महामंत्री विवेक कुमार सिंह के साथ खड़ा है, महाराजगंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने उनके घर पहुंच कर उनके पार्थिकशरीर पर पुष्प अर्पित कर कहा कि यह मेरे लिए पारिवारिक एवं व्यक्तिगत क्षति है, स्वर्गीय विनोद बाबू से मेरा शुरू से ही आंतरिक एवं आत्मीय संबंध रहा है पार्टी के मुख्य सचेतक तरैया के विधायक जनक सिंह ने दुख संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि सामाजिक एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे विनोद बाबू के मृत्यु के समाचार से मन मर्माहत एवं दुखी हैं भाजपा जिला अध्यक्ष रणजीत कुमार सिंह ने दुख संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि इस दुख के घड़ी में पूरा भाजपा संगठन एवं परिवार महामंत्री विवेक कुमार सिंह के साथ खड़ा है दुख एवं संवेदना प्रकट करने वालों में छपरा विधायक डॉ सीएन गुप्ता, अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू, सांसद कार्यालय प्रभारी कमलेश कुमार सहित सभी भाजपा पदाधिकारी नेता एवं कार्यकर्ता शोकाकुल है।

मोर्चा की बैठक सम्पन्न

प्रात : किरण, संवाददाता

रिविलगंज। भाजपा बुथ शक्ति करण एवं महिला मोर्चा की बैठक नगर अध्यक्ष सतेन्द्र कुमार शर्मा की अध्यक्षता में भाजपा महिला मोर्चा के अध्यक्ष ममता पाण्डेय के आवास गढ़देवी मंदिर के पास किया गया। बैठक में नारी शक्ति पर चर्चा की गई। मध्य शक्ति केंद्र के बुथ मजबूती और महिला मोर्चा संगठन को मजबूत करने पर बल दिया गया। बैठक में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश प्रसाद, पूर्व नगर अध्यक्ष शम्भू नाथ पाण्डेय,सुधीर कुमार सिंह, महिला मोर्चा के अध्यक्ष ममता पाण्डेय, रमेंद्र कुमार,राज किशोर सिंह, राजेन्द्र सिंह, उमेश सिंह,भीम जी, मनोरमा देवी,इंदू देवी, सावित्री देवी,मंजू देवी, कृष्णा श्रीवास्तव, दीपक ठाकुर, राजेश आदि दर्जनों कार्यकर्ता शामिल हुए।

राष्ट्रीय लोक मोर्चा - सारण ने मनाया अपनी पार्टी का प्रथम स्थापना दिवस

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। रालोजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष मान्यवर उपेन्द्र कुशवाहा ने भारत निर्वाचन आयोग के पास राष्ट्रीय लोक जनता दल के निबंधन के लिए अनुरोध किया था। किन्तु, पूर्व से निबंधित दलों से मिलता- जुलता नाम होने के कारण उस नाम का निबंधन आयोग ने नहीं किया। आयोग द्वारा दूसरे पाँच नामों की मांग की गई ।माङ्ग उपेन्द्र कुशवाहा जी से मांगे गए उस पाँच नामों में से निर्वाचन आयोग ने ह्लराष्ट्रीय लोक मोर्चाह्व नाम से दल की मान्यता प्रदान कर दिया है। नये नाम ह्लराष्ट्रीय लोक मोर्चाह्व होने की खुशी मे राष्ट्रीय लोक मोर्चा- सारण के द्वारा आज फूल कुमारी देवी आर्य शिशु मध्य विद्यालय, रौजा,, वार्ड- 44,छपरा के प्रांगण में मोर्चा के जिलाध्यक्ष डाङ्ग अशोक कुशवाहा, प्रधान महासचिव चंदा बाबू सिंह, प्रखण्ड सदर के अध्यक्ष धनेश कुमार मिश्रा, जवाहरलाल सोनी, विजय कुमार सिंह द्वारा केक काट कर खुशियाँ मनाई एवं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह भारत सरकार के पूर्व मंत्री मान्यवर उपेन्द्र कुशवाहा को बधाई एवं शुभकामनायें भेंट की गई ।

संघ और राज्य लोक सेवा आयोग परीक्षा हेतु छात्रों का हुआ कैरियर काउंसलिंग सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। राजेंद्र कॉलेज, छपरा में प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर सुशील कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में विद्यार्थियों का कैरीयर काउन्सलिंग सह उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षीय भाषण में प्राचार्य प्रो. सुशील कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जीवन में सफलता पाने के लिए लक्ष्य निर्धारण आवश्यक है। हर व्यक्ति की क्षमता अलग और असीम होती है, आप सभी उसके अनुसार अपने लक्ष्य का निर्धारण करो, महाविद्यालय के शिक्षक आपका मार्गदर्शन करेंगे। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में सभी परीक्षाओं की माँग अलग अलग है अतः उसके अनुरूप तैयारी और मार्गदर्शन जरूरी है। राजेंद्र कॉलेज के शिक्षकों की टीम लोक सेवा आयोग की परीक्षा की तैयारी कराएगी। प्राचार्य ने सभी छात्रों से लक्ष्य के प्रति दृढ़ संकल्पित तथा अनुशासित रखने का आह्वान किया। सही मार्गदर्शन में कठिन परिश्रम हर सफलता का मार्ग प्रशस्त करती है। अगली कड़ी में मो. अयान आलम ने बीपीएससी के पाठ्यक्रम तथा परीक्षा प्रणाली पर विस्तार से बताया और उन्होंने कहा कि आप सभी नियमित तौर पर समसामयिक का अध्ययन करते रहें । डॉ. रजनीश यादव ने सामान्य हिंदी के बारे में बताया। उन्होंने मुख्य परीक्षा में बेहतर भाषा शैली के महत्व के बारे में बताया। डॉ. इकबाल जफर अंसारी ने कहा कि परीक्षा में सफल होने के लिए नियमित अध्ययन जरूरी है ।धन्यवाद ज्ञापन डॉ. प्रशांत कुमार सिंह ने किया और कहा कि असफलता से घबराने की आवश्यकता नहीं है। सफल होने के लिए सही मार्गदर्शन और नियमितता आवश्यक है। मंच का संचालन डॉ. अनुपम कुमार सिंह ने किया। इस कार्यक्रम में शिक्षक डॉ. देवेश रंजन, डॉ. अर्चना उपाध्याय, शदाब हाशमी, डॉ. सोमनाथ घोष, डॉ. प्रवीण झा, गौरव सिंह समेत बहुसंख्यक छात्र उपस्थित थे ।

बच्चे की ऐसी कहानी सुनकर भर आई सबकी आंख

प्रात : किरण, संवाददाता

रक्सौल। अगर मन में लग्न, आत्म-विश्वास, कड़ी मेहनत और जज्बा हो तो किसी भी मंजिल को पाना आसान हो जाता है। अगर कोई कहे की गरीबी के कारण वह आज के जमाने पढ़ नही पाया तो वह शायद खुद के लिए ईमानदार नहीं है। इन सबके बीच एनटीए द्वारा ली गई जेईई मेंस की प्रवेश परीक्षा में अपनी मजबूरियों को दरकिनार करते हुए और हर परिस्थिति से लड़ते हुए कौड़ीहार निवासी सुरेश पटेल के पुत्र श्लोक कुमार ने बाजी मारी है और 98. 20 प्रतिशत अंक लाकर अपने माता-पिता के साथ उसे निःशुल्क पढ़ाने वाली दीपा क्लासेज की शिक्षिका दीपा कुमारी का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। खुशी ऐसी मानो बच्चे ने हिमालय फतेह कर लिया है। इस संघर्षरत बच्चे श्लोक की कहानी जब हमारी टीम ने सुनी तो भावुक हो गई। नागा रोड स्थित दीपा क्लासेज की संचालिका दीपा कुमारी ने उसके माता-पिता और बच्चे को सम्मानित की। उन्होंने बताया कि बच्चे के पिता बीरगंज में एक बहुत ही छोटा किराना दुकान चलाते हैं, जिससे बमुश्किल गुजर-बसर होता है। बच्चा श्लोक एक ही पैंट पहनकर में पूरा साल क्लास में आता रहा। उसके पास एक काफी पुरानी साईकिल थी, उसे भी चोरों ने चुरा लिया, अब वहां से पैदल आकार पढ़ाई करता, चप्पल की हालत भी खस्ता, इसे देख शिक्षिका दीपा काफी भावुक होकर बच्चे की पढ़ाई अपने यहां निःशुल्क कर दी। बाकी की पढ़ाई बच्चे ने स्वाध्याय से करके देश में इंजीनियरिंग की सबसे बड़ी परीक्षा में इस सफलता को अर्जित किया। उसने मैट्रिक की पढ़ाई एसएवी स्कूल से किया और इंटरमीडिएट की पढ़ाई केसीटीसी से किया है। उसके इस सफलता पर सबके आंखो में खुशी के आंसू थे की ऐसे बच्चे ही देश और समाज का नाम रौशन करते हैं।

प्रधानमंत्री के महत्वकांक्षी योजना आयुषमान गोल्डेन कार्ड का सांसद राजीव प्रताप के माध्यम से 4 स्थानों पर हुआ वितरण

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। छपरा नगर निगम में सेवा वाहन के माध्यम से आमजन तक प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना का लाभ पहुंचा रहे है। सांसद राजीव प्रताप रूडी योजना के तहत सांसद रुडी के सांसद निधि से जनता की सेवा में समर्पित सेवा वाहन के माध्यम से आयुषमान गोल्डेन कार्ड का वितरण छपरा के साहेबगंज साधुनिवास, मौना पंचायत भवन,मौना बान गंज एवं बड़ा तेलपा में कैम्प के माध्यम से 387 गोल्डेन कार्ड का वितरण किया गया। गोल्डेन कार्ड विरतण के मुख्य अतिथि रास्ट्रीय स्वयं सेवकछपरा के नवनिर्वाचित मेयर लक्ष्मी नारायण ने कहा कि यह गोल्डेन कार्ड प्रति व्यक्ति को 5 लाख का कार्ड है जो गरीबो के लिये राम वान है देश के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गारन्टी से कार्य करते है उसी तरह छपरा के विकाश के लिये सारण के सांसद गारन्टी से कार्य करते है ।छपरा नगर में 01 फरवरी से प्रत्येक वार्ड में कैम्प लगना शुरू हुआ तो हमसे कई लोगो ने कहा कि यह केवल रजिस्ट्रेशन ही होगा लेकिन 15 दिन के अंदर रजिस्ट्रेशन करने के बाद आज लोगो के हाथ मे यह कार्ड मिल गया यह सब रूडी जी का योगदान है हम उनके इस कार्य के लिये धन्यवाद देते है। सांसद रूडी जी के योजनाओं को विस्तार से मेयर ने लोगो के बीच रखा। गोल्डेन कार्ड वितरण के मुख्य अतिथि रास्ट्रीय स्वयं सेवक के संघ संचालन पुरुषोत्तम मिश्रा ने कहा सांसद राजीव प्रताप रूडी के इस नेक कार्य से जनता को बहुत लाभ मिलेगा। सांसद रूडी द्वारा 15 दिन के अन्दर रजिस्ट्रेशन का कैम्प लगाकर पुनः उसी स्थान पर गोल्डेन कार्ड वितरण करवा देना बहुत बड़ी बात है। इस कार्य के लिये सांसद रूडी जी को बधाई देते है। रास्ट्रीय स्वयं सेवक विभाग व्यवस्था प्रमुख ओम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि सारण के सांसद के प्रयास से गैस पाइप लाइन से जिले में गैस मिलना शुरू हो गया है कई बड़ी योजना सांसद के माध्यम से कार्य हो रहा है। इस अवसर पर पूर्व जिला भाजयुमो अध्यक्ष उमाकांत सिंह सोलंकी ने कहा कि जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का महत्वाकांछि योजना को धरातल पर लाने के प्रयास सांसद रूडी जी किया है। रास्ट्रीय स्वयं सेवक के सह कार्यवाह पहलाद चौरसिया ने मोदी सरकार पर प्रकाश डाला। जिला भाजपा के मुख्य प्रवक्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान ने कहा कि सांसद रूडी जी सारण के विकाश के प्रति हमेशा लगे रहते है आज सारण में बिजली,सड़क ,पुल हो या बाई पास जो बना है उनका प्रयास से ही हुआ है। जिला मंत्री सत्यानंन्द सिंह पूर्व नगर अध्यक्ष सुशील सिंह , वार्ड पार्षद पप्पू चौहान, जिला भाजपा उपाध्यक्ष गायत्री देवी,राजेशनाथ प्रसाद, नगर महिला मोर्चा के अध्यक्ष ममता मिश्रा ,डॉ संतोष जी, वार्ड पार्षद कृष्णा शर्मा , अनूप यादव, शत्रुध्न चौधरी,अनुरंजन प्रसाद आदि शामिल हुए।

एसडीओ ने की बैठक

प्रात : किरण, संवाददाता

मढ़ौरा ग्रामीण। मढ़ौरा अनुमंडल सभागार में लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर एसडीओ डॉक्टर प्रेरणा सिंह की अध्यक्षता में एक आवश्यक बैठक की गई ।एसडीओ डीएसपी की मौजूदगी में हुई इस बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा की गई इसमें मुख्य रूप से संबंधित पदाधिकारी को वेनरेबल और क्रिटिकल बूथ को चिन्हित करने के साथ-साथ जिन बूथों पर संपर्क पथ का अभाव है ।उसकी भी सूचना तत्काल वरीय पदाधिकारी को देने का निर्देश दिया गया। इस दौरान एसडीओ और डीएसपी ने बैठक में मौजूद सभी बीडीओ, सीओ और थाना अध्यक्षों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र अंतर्गत फोर्स के ठहरने की व्यवस्था सुनिश्चित करें और लोकसभा चुनाव को देखते हुए वांछित लोगों के खिलाफ धारा 107 और 116 के तहत आवश्यक कार्रवाई में तेजी लाएं ।

लियो क्लब ने टाइटन आई के सहयोग से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

● एसडीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिक्षाविद डॉ अरुण सिंह, राकेश सिंह ने शिविर की विधिवत उद्घाटन किया

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। लियो क्लब छपरा टाउन ने टाइटन आई प्लस के सहयोग से छपरा शहर के एसडीएस पब्लिक स्कूल में निःशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। एसडीएस कॉलेज के पूर्व प्राचार्य शिक्षाविद डॉ अरुण सिंह, राकेश सिंह ने शिविर की विधिवत उद्घाटन किया। इस निशुल्क नेत्र जांच चिकित्सा शिविर में स्कूल के सैकड़ों बच्चे शिक्षक और आम नागरिकों ने निकट दर्शिता, दूरदर्शिता, दृष्टिवैषम्य और जरादूर दृष्टि जैसे अपवर्तन त्रुटि (रिफ्रैक्टिव एरर) की जांच कराई एवं आवश्यकतानुसार सुझाव एवं उपचार करने की सलाह दी गयी। लियो अध्यक्ष आशुतोष पाण्डेय ने कहा की हमारी संस्था हमेशा सामाजिक कार्यो में बढ़चढ़ के हिस्सा लेती है आज के निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगो के स्वास्थ का ख्याल रखना भी है।लायन अध्यक्ष गोविंद सोनी ने कहा की उचित खानपान और देखभाल ना होने से भी आंखे कमजोर हो रही है। आंखो को स्वस्थ रखने के लिए हरी सब्जियों का सेवन करने, आंखो को साफ पानी से धोने और संतुलित आहार का सेवन करने से कहा। वही लियो मनीष मनी ने कहा कि नेत्र अनमोल व शरीर का महत्वपूर्ण अंग है। इसलिए इसके देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर आंखों की नियमित जांच अवश्य करानी चाहिए।

भखुरा भीठ्ठी से दाढ़ी बाड़ी जाने वाले रोड़ का सांसद ने किया शिलान्यास

प्रात : किरण, संवाददाता

सहाजीत पुर। प्रखण्ड के भखुरा भीठ्ठी से दाढ़ी बाड़ी जाने वाले रोड़ का सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल फीता काटकर किया उद्घाटन। और जेसीबी के उपर स्वस्तिक बना अक्षत और नारियल से पूजा कर रोड़ के कामो का शुभारम्भ किया गया। वही कार्यक्रम अस्थल भीठ्ठी मिडिल स्कूल पर सभा को संबोधित करते हुए सांसद सिग्रीवाल ने कहा की प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत लगभग 8 करोड़ की लागत से 13 किलोमीटर लम्बा लिंक रोड़ बनेगा। जो छपरा मलमलिया रोड़ और मशरख छपरा रोड़ में जुरता हैं और सड़क को मजबूत बनाने के लिए 5 किलोमीटर तक घनी आबादी वाली जगहों पर पीसीसी बनाया जाएगा।

संजीवनी संस्कार स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट का कैम्प लगा कर बच्चों को सिखाया गया कला

● कलात्मक क्षमता को बढ़ावा देने से होता है बच्चों का मानसिक विकास : डॉ. अनिल

प्रात : किरण, संवाददाता

छपरा। बच्चों की कलात्मक अभिरुचि एवं रचनात्मक प्रतिभा निखारने के उद्देश्य से शहर के श्यामचक आदर्श कॉलोनी स्थित संजीवनी संस्कार स्कूल में आर्ट एंड क्राफ्ट का कैम्प लगा कर बच्चों को कला सिखाई गई। कैम्प का उदघाटन स्कूल के डायरेक्टर डॉ अनिल कुमार, स्कूल के प्रचार्य रणजीत भगत, ज्योति सिंह, ऋतू ठाकुर, रोहन राय ने संयुक्त रूप से दीप प्रवजलित कर किया। उसके बाद आर्ट कलाकार रोहन राय द्वारा बच्चों को कागज से फूल बनाना, कागज के बैग, लैंप एवं पेड़ के पतियों से चित्र बनाने कि कला को सिखाया गया. बच्चे भी कला सीखने में काफी उत्साहित देखे गए। बच्चों ने भी ध्यान पूर्वक इसके बारे में जाना. बच्चों को बताया गया की रदी पेपर को कैसे यूज किया जा सकता है। उससे बेकार चीजों से बहुत सारी उपयोगी चीजें बना सकते हैं और इन चीजों का उपयोग करके अपने घर को सजा सकते हैं। आप अपने खिलौने जैसी चीजें बना सकते हैं। जब हम बेकार चीजों का सही तरीके से उपयोग करते हैं तो यह हमारे और हमारे आसपास के लिए बहुत अच्छा हो सकता है। यह आपके घर में बने कचरे को कम करने का एक अच्छा तरीका है। बच्चों को मानसिक प्रेसर कम करने के लिए और इंजॉय कराने के लिए मोटू पतलू और डांकी डॉल की कहानी सुनाई गई और दिखाई गई। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार ने अपने सम्बोधन में कहा कि ऐसे आयोजनों से बच्चों की कलात्मक क्षमता उभर कर सामने आती है।

भेल्दी में पुलिस ने देसी कट्टा व कारतूस के साथ अपराधी को दबोचा

प्रात : किरण, संवाददाता

भेल्दी(सारण)। छपरा-मुजफ्फर-पुर एनएच 722 पर भेल्दी थाना क्षेत्र के सरायबक्स पेट्रोल पंप के समीप गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने एक अपराधी को अवैध हथियार के साथ गिरफ्तार कर लिया ।पकड़ा गया अपराधी आकाश कुमार डेरनी थाने के पिरारी गाछी गांव का बताया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक अपराधी सरायबक्स पेट्रोल पंप के समीप खड़ा है ।पुलिस ने मौके पर पहुंच उक्त अपराधी की तलाशी ली उसके पास से एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस और एक मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अपराधी के द्वारा एनएच 722 पर राजा चौक के समीप एक फाइनेंस कर्मी से 1.70 लाख रुपए टैब एवं डेरनी-सुतिहार रोड स्थित झौवापट्टी से सीएसपी संचालक से 2.24 लाख रूपए एवं लैपटॉप लूट करने में अपनी संलिप्ता स्वीकार किया है ।सहायक अवर निरीक्षक मुनचुन कुमार ने बताया कि इसके अलावे पूर्व में उसके खिलाफ भेल्दी थाना में दो प्राथमिकी दर्ज है. तलाशी के क्रम में उनके पास से एक देसी कट्टा एक जिंदा कारतूस एक मोबाइल को जप्त किया गया है. इस मामले में प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया गया।

माता पिता के बातों को नजरअंदाज करने वाले संतान कभी सुखी नही हो सकते: पूज्या आराधना शास्त्री

प्रात : किरण संवाददाता

डोरीगंज। जिले के सदर प्रखंड अंतर्गत मुसेपुर शिवमन्दिर प्रांगण मे हो रहे सात दिवसीय जगत जननी मां दुर्गा के प्राण प्रतिष्ठा समारोह मे अयोध्या से आई रामकथा वाचिका पूज्या आराधना शास्त्रीजी महारानी ने अयोध्या के राजा दशरथ और गुरू विश्वामित्र के प्रसंग की चर्चा करते हुए उपस्थित भक्तो को बताई कि कैसे एक राजा अपने राज्य मे आए हुए अतिथियो का स्वागत करता है। विश्वामित्र जी द्वारा राजा दशरथ के दोनो राजकुमार राम और लछमन को साधु-संतो की देखभाल के लिए मांग की तो राजा दशरथ ने न चाहते हुए भी अपनी वंश की परंपरा को निभाते हुए दोनो राजकुमार को विश्वामित्र के हवाले कर दिए। अपने कथा कहने के क्रम मे भक्तो को यह संदेश दिया कि किसी भी तीर्थ स्थल पर दर्शन के लिए जाए तो वहा के पौराणिक नदियों मे स्नान करके ही मंदिर का दर्शन और पूजा-पाठ करना श्रेष्ठ माना जाता है। आज से पूर्व मुख्य मंत्री दारोगा प्रसाद राय सांस्कृतिक कला ट्रस्ट सारण के सुप्रसिद्ध लोकप्रिय बयास राजबिहारी राय एवं उनके मंडली के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया साथ ही चौबीस घंटे का अखंड अष्टयाम उमाभवानी जयजगदंबे, गौड़ी गिरिजा जयजगदंबे का मंत्र का उच्चारण क्षेत्र मे गुंजायमान हो रहा है।

संक्षिप्त खबरें

तपेश्वर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि को लेकर हुई बैठक

बिक्रमगंज (रोहतास) प्रखंड क्षेत्र के नोनहर पंचायत के गांव स्थित एक आवास पर मंगलवार को स्वर्गीय तपेश्वर सिंह की 33वीं पुण्यतिथि आयोजन को लेकर बैठक हुई। आयोजित बैठक इन्दु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज के डॉ. अजय कुमार सिंह पूर्व विधान पार्षद सह सचिव इन्दु तपेश्वर सिंह महिला कॉलेज के निर्देश पर महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. उमेश्वर प्रसाद सिंह के अध्यक्षता में की गई। इसकी जानकारी देते हुए महाविद्यालय के उप-प्राचार्य ने कहा कि स्वर्गीय तपेश्वर बाबू की 33वीं पुण्यतिथि 27 फरवरी को तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कायमनगर,आरा में मनाई जाएगी। बैठक में डॉ. मनोज कुमार सिंह, डॉ रविन्द्र कुमार, रमाकांत सिंह अन्य शिक्षक एवं शिक्षकेत्तर कर्मचारियों की उपस्थित थें।

तपेश्वर बाबू की पुण्यतिथि मनाने हेतु बैठक

तपेश्वर सिंह टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज कायमनगर आरा मे डॉक्टर अजय कुमार सिंह पूर्व सदस्य वि प सह सचिव की अध्यक्षता मे सहकारिता पुरोधा संसद स्व तपेश्वर बाबू की 33 वी पुण्य तिथि 27 फरवरी 2024 को मनाने हेतु बैठक हुई बैठक मे महाविद्यालय के डॉक्टर सत्यदेव सिंह डॉक्टर अमित उपाध्याय डॉक्टर सुशील कुमार पांडेय सुमन कुमारी ज्योति कुमारी दीपक तिवारी अभिषेक रंजन राहुल सिंह आदि थे।

कर्मनाशा पावर ग्रिड में मेंटेनेंस के कार्य को ले बिजली रहेगी बाधित

दुर्गावती। स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कर्मनाशा ओल्ड पावर ग्रिड 132/33 के वी से निकल कर विभिन्न पावर हाउस की ओर जाने वाली विद्युत सप्लाई आज बुधवार को मेंटेनेंस कार्य को लेकर दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक विद्युत सप्लाई बाधित रहेगी। इसकी जानकारी देते हुए मंगलवार को सहायक कार्यपालक अभियंता अनिल मंडल के द्वारा बताया गया कि 21 फरवरी बुधवार को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक कर्मनाशा 132/33 के वी ओल्ड पावर ग्रिड का मेंटेनेंस कार्य किया जाएगा। इसकी वजह से कर्मनाशा ओल्ड पावर ग्रिड 132/33 के वी से निकलकर इलाके के कुशहरियां, कल्याणपुर, नरमा, दुर्गावती आदि विभिन्न पावर हाउस की ओर जाने वाली 132/33 के वी की सप्लाई बुधवार को दोपहर 12 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक बाधित रहेगी। इस दौरान मेंटेनेंस का कार्य जोरों पर किया जाएगा। शाम 4 बजे तक मेंटेनेंस का कार्य पूरा करने के बाद विद्युत सप्लाई को बाहर कर दी जाएगी। मेंटेनेंस कार्य के दौरान कनीय अभियंता रौनक कुमार कश्यप व उनके अन्य बिजली कर्मी उपस्थित रहेंगे।

शराब के साथ धंधेबाज को पुलिस ने दबोचा

नावानगर (बक्सर) स्थानीय बाजार से शराब के साथ पुलिस ने एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है साथ ही एक कारोबारी पुलिस देख कर फरार हो गया। गिरफ्तार कारोबारी पंकज कुमार सिंह बताये जा रहा है पुलिस को तलाशी के दौरान पॉकेट से 180 एमएल का 6 टेट्रा पैक बरामद हुआ। साथ ही शराब का गैलन फेक कर भागे कारोबारी की पहचान नावानगर निवासी पप्पू सिंह के रूप में हुई उसके द्वारा फेके गये गैलन से पुलिस ने दो लीटर महुआ शराब बरामद किया है।

इसकी पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष नन्दू कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जो नावानगर बाजार में दो लोग शराब बेच रहे है। जिस सूचना पर तत्काल छापेमारी एक कारोबारी के 6 टेट्रा पैक और दो लीटर महुआ शराब बरामद हुआ। इस मामलें अन्य फरार कारोबारी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

अंग्रेजी शराब के दो धंधेबाज गिरफ्तार

सिकरौल (बक्सर) स्थानीय सिकरौल पुलिस ने बक्सर नहर मार्ग पर घुंसारी पुल के पास से 130 पीस अंग्रेजी शराब के साथ दो कारोबारियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शराब के साथ कारोबारियों को बाइक को भी जब्त कर लिया है। थानाध्यक्ष बीरेंद्र प्रसाद ने बताया कि नहर मार्ग पर वाहन चेकिंग चलाई जा रही थी उसी दौरान एक बाइक पर जा रहे दो युवक को रोकने की कोशिश की गई। लेकिन रोके जाने पर वो भागने लगे। लेकिन पुलिस ने पीछा कर दोनों को पकड़ा तलाशी के दौरान उनकी बाइक पर लदी बोरी में 180 एमएल की 130 पीस एट पीएम अंग्रेजी शराब का टेट्रा पैक बरामद हुआ शराब व बाइक के साथ दोनों कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार कारोबारी रोहतास जिला के करमडीहरा गांव के निवासी सुमित कुमार व ऋतिक रोशन बताए जाते हैं। वहीं दूसरी घटना में पुलिस ने ठोरा नदी पुल के पास बेलाव गांव की सड़क पर से एक झोला में रखी साढ़े सात लीटर देशी शराब बरामद किया है।

भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में किसान चौपाल का कार्यक्रम किया गया आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

जगदीशपुर। जगदीशपुर प्रखंड के आदर्श ग्राम पंचायत दावां में भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में मंगलवार को किसान चौपाल का कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसकी अध्यक्षता मोर्चा के जिला अध्यक्ष विद्यासागर पांडेय और महिला प्रदेश प्रवक्ता सह दावां मुखिया सुषुम्लता कुशवाहा ने संयुक्त रूप से किया। चौपाल में भाजपाइयों ने सरकार की उपलब्धियों का बखान किया।

मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश अध्यक्ष मनोज कुमार सिंह शामिल हुए। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने किसानों के हित में तमाम योजनाएं चला रही हैं। जिससे किसानों को उनका सीधा लाभ मिल रहा है। उन्होंने बताया कि पीएम किसान योजना के तहत 11 करोड़ से अधिक किसानों को 6 हजार रुपये की आर्थिक मदद मिला है और बिहार में 83 लाख किसानों को किसान सम्मन निधि योजना का लाभ मिला है। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड के अंतर्गत 4 करोड़ लाभार्थी किसानों को 4.7 लाख करोड़ का ऋण मिला है। इस दौरान क्षेत्र में बिजली की अधिक कटौती, लो वोल्टेज, यूरिया-खाद्य की किल्लत सहित कई समस्याएं किसानों ने प्रदेश अध्यक्ष के समक्ष रखीं। प्रदेश अध्यक्ष ने मुखिया सुषुम्लता के माध्यम से पत्र प्रेषित करते हुए समाधान कराने का वायदा कर किसानों को संतुष्ट किया। मौके पर महिला प्रदेश प्रवक्ता ने चौपाल में आए किसानों को सरकार द्वारा किसानों के हित में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। तथा सूबे में पीएम-कुसुम योजना के लागू करने के पश्चात अपने पंचायत में क्रियान्वयन कराने की मांग को रखा। कार्यक्रम का संचालन भाजपा नेता मनजी चौधरी ने किया। किसान चौपाल में आए सभी अतिथियों का अंग वस्त्र देते हुए, पार्टी के टोपी व माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन के पश्चात प्रदेश अध्यक्ष द्वारा कृषि यंत्र के तहत ट्रैक्टर और गोपूजन विधिविधान से किया गया। इस मौके पर उप महापौर प्रतिनिधि सरोज सिंह, पहलाद राय, अविनाश कुमार, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अरविंद पांडेय, आदित्य कुमार, विवेक कुशवाहा, मनीष सिंह राठौड़, ज्योति सिंह, संध्या सिंह, राकेश यादव, अवधेश कुशवाहा, अरुण सिंह सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जाप नेता ने किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

पीरो (भोजपुर) नगर परिषद् पीरो के लहराबाद गाँव के माननीय व्यासजी श्री ब्रहमदेव सिंह जी के गृह प्रवेश के शुभ अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन स्थानीय नेता, समाजसेवी सह जन अधिकार पार्टी लो. के (प्रदेश सचिव) संजय यादव ने फीता काटकर किया, उद्घाटन के पश्चात कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए माननीय नेताजी श्री संजय यादव ने कहाँ की सांस्कृतिक कार्यक्रम से आपसी सौहार्द, भाईचारा व मिल्लत का वातावरण कायम होता है। उन्होंने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम से साधन ही नहीं बल्कि इससे मानसिक व बौद्धिक विकास भी होता है। इस कार्यक्रम मे उपस्थित भोजपुरी के दर्जनों स्थानीय और राष्ट्रीय कलाकारों ने अपने आवाज से लोंगो को झूमने पर मजबूर कर दिए, पूरी रात नायक और गायक कलाकारों ने अपनी आवाज का जादू बिखेरते रहे, इस कार्यक्रम के मुख्य प्रबंधक नायक व गायक सह शिक्षक माननीय विवेक कुमार ने कार्यक्रम मे आये हुए सभी कलाकारों को फूल-मालाओं से जबरदस्त स्वागत किये,इस मौके पर उपस्थित माननीय रमेश सिंह यादव जी,भोजपुरी गायक, अनिरुद्ध जी ,नितीश निराला, जहरीला यादव, ददन दिलदार, विवेक यादव , राजा भोजपुरिया, बिटू बवाली, रामजी सिंह जी,रवि कुमार, सुरेश -कमलेश,संजय कुमार(बोधर), जाप युवा नेता पप्पु कुमार, धीरज सहित हजारों आस-पास के ग्रामीण लोग उपस्थित रहे।

बिहार लघु उद्यमी योजना का आवेदन करने की तिथि मार्च तक और बढ़ाई जाए : दिलराज प्रीतम

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने प्रेस रिलीज जारी कर पत्रकारों को बताया कि पिछले महागठबंधन की सरकार ने जातिगत जनगणना कराने के बाद बिहार की 34 प्रतिशत आबादी की आर्थिक स्थिति काफी भयावह है जिसे देखते महागठबंधन की सरकार ने बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत बिहार के 97 लाख व्यक्तियों को दो-दो लाख रुपए देकर उनका जीवन स्तर को बेहतर बनाने के लिए यह योजना लागू की थी !इस योजना के तहत गरीब व्यक्तियों को 20 फरवरी तक ही आवेदन-पत्र ऑनलाइन करने की तिथि तय की गयी थी !जिसमें जाति, आय, आवासीय प्रमाण-पत्र, बैंक खाता के साथ आवेदन करना था !लेकिन आरा अंचल कार्यालय में सैकड़ों लोगों ने अपना जाति, आय, आवासीय प्रमाण-पत्र बनाने के लिए आवेदन ऑनलाइन किये है, लेकिन आरा सदर अंचलाधिकारी का तबादला होने एवं नया अंचलाधिकारी महोदया के आने बाद अपना प्रभार नहीं लेने से पिछले 13 फरवरी से अंचल कार्यालय में कोई भी काम नहीं हो रहा है !जिससे चलते लोगों में काफी गुस्सा है !आगे माले नगर सचिव दिलराज प्रीतम ने कहा बिहार में भाजपा पाने सत्ता की गिद्ध दृष्टि के तहत भाजपा की सरकार बनते ही इस योजना का बंटाधार-सा लगने लगा !क्योंकि इनकी सरकार में इस तरह के अधिकारी जनता के प्रति संवेदनशील मामलों पर संवेदहीन बने रहेंगे तो क्या कहा जाए ?आगे माले नेता कहा कि बिहार लघु उद्यमी योजना के तहत गरीबों को मिलने वाला लाभ से वंचित करने की साज़िश की जा रही है।

जिसे माले बर्दाश्त नहीं करेगा !इसलिए बिहार लघु उद्यमी योजना का आवेदन करने की तिथि मार्च तक और बढ़ायी जाए ताकि व्यापक गरीब लोग इस योजना का लाभ लें सके और अंचलाधिकारी महोदया अविलंब अपना प्रभार ग्रहण कर लंबित आवेदन को प्रमाण-पत्र जारी करें !नहीं तो आगे आने वाले दिनों भाकपा-माले आंदोलन खड़ा करेगा।

तीन सूत्री मांग के लिए, दलित मोर्चा (सर्वदलीय)ने किया आक्रोश प्रदर्शन

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। दलित मोर्चा भोजपुर के बैनर तले जिलाधिकारी भोजपुर के पास प्रदर्शन किया गया, जो मिशन स्कूल ओवर बृज के पास से एक जुलुस निकला गया जिस जुलुस का नेतृत्व मोर्चा के अध्यक्ष गोरख नाथ अकेला,प्रवक्ता ललन प्रसाद नट, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष सुनैना कुमारी एवं संरक्षक दिलीप प्रसाद, ने किया,जिस जुलुस मे लगभग 500 की संख्या मे महिला पुरुष नारा लगते हुवे प्रदर्शन कर रहे थे यह जुलुस मुख्य मार्ग से होते हुवे जिलाधिकारी भोजपुर का पास मेन गेट पर पहुचा जहाँ जिलाधिकारी को एक मांग पत्र दी गई। प्रदर्शन को सम्बोधित करते हुवे मोर्चा अध्यक्ष गोरखनाथ अकेला ने कहा कि =बिना बैकल्पिक व्यस्था किये किसी गरीब भूमिहीनो का मकान न तोड़ी जाए, एवं 30 बर्षो से जिसका मकान किसी जमीन पर हैं उस जमीन का पूरा स्वामित्व दिया जाए, साथ हि कहा कि सरकार के घोषणानुसार सभी भूमिहीनो को 3 डिसमिल जमीन जल्द दी जाए। प्रवक्ता ललन प्रसाद नट ने कहा कि ओवरबृज के पास बसे गरीबो एवं जिला के कुछ गरीबो का पर्चा बना हुआ हैं लेकिन जिला समाहर्ता भोजपुर अभि तक किसी को पर्चा नहीं दिया, और गरीबो का झोपडी मकान तोड़ने का धमकी बार बार दे रहे हैं, जो गरीब बिरोधी मानसिकता दशार्ता हैं, प्रदर्शन को सम्बोधित करने वालों मे प्रमोद शर्मा, सीता देवी, पूर्व निगम पार्षद राधिका देवी, पिंकी देवी, राजू राम,रीता देवी,आदि मुख्य थे।

सरस्वती पूजा के अवसर पर फुटबॉल का फाइनल मुकाबला हुआ आयोजन

आरा। बीमारी गांव के खेल के मैदान में श्री धमाका क्लब के द्वारा सरस्वती पूजा के अवसर पर फुटबॉल का फाइनल मुकाबला हुआ। इस मैच में एक तरफ से इकौना(बड़हरा)की टीम और दूसरी तरफ से डुमरिया की टीम थी। खेल बहुत ही रोमांचक हुआ और खेल में डुमरिया की टीम ने 2--0 से मैच जीत लिया। इस मैच का उद्घाटन राष्ट्रीय जनता दल के व्यवसायी मोर्चा के जिलाध्यक्ष शिव कुमार साह ने किया। वही उद्घाटन उद्घाटन करता शिवकुमार शाह ने कहा कि हमारे तरफ से जो भी खिलाड़ियों के लिए सहयोग चाहिए हम हमेशा सहयोग करेंगे हमारे भोजपुरी में ऐसे से खिलाड़ी है जो कि हिंदुस्तान के कोने में भोजपुरी का नाम रोशन करेंगे और हम चाहेंगे सरकार से कि हमारे इससे गांव में खेल का मैदान स्टेडियम का निर्माण हो खेल को देखने के लिए आसपास दिखाओ उमड़ी भीड़ लोगों ने खनिजों का ताली बजाकर हौसला बुलंद किया।

आय प्रमाण - पत्र जारी करने में लापरवाही के खिलाफ आरा अंचल पदाधिकारी के समक्ष प्रदर्शन : क्यामुद्दीन अंसारी

प्रात : किरण संवाददाता

आरा। भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने एक ब्यान जारी कर संवाददाताओं को बतलाया कि आज दिन के लगभग 12 बजे अंचल पदाधिकारी के कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर आय प्रमाण पत्र बनाने मे लापरवाही और सचेतन देर करने के खिलाफ आवाज बुलंद करते हुए प्रदर्शन किया तथा सभा की।

अंचल कार्यालय पर बोलते हुए भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि आरा अंचल पदाधिकारी के द्वारा आय प्रमाण पत्र और निवास प्रमाण पत्र जारी करने मे जानबुझकर लापरवाही हो रही है।माले नेता ने कहा कि आरा अंचल कार्यालय मे कर्मचारी पहले लापता रहते है।जिससे आरा शहर व ग्रामिण इलाके की जनता काफी परिशान है अगर कर्मचारी से आय प्रमाण पत्र पर रिपोर्ट करा ली गयी तो अंचल पदाधिकारी अपना डोंगल नहीं लगा रहे है जिससे हजारों आय प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे है

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि 14 फरवरी 2024 से आरा अंचल पदाधिकारी के डोंगल नहीं लगने से हजारों आवेदकों का आवेदन पेंडिंग है।हमने कल अंचलाधिकारी से बात की तो वे एक तानाशाह कि तरह बात करने से इनकार कर दिया। तब हमने जिला पदाधिकारी से आय प्रमाण पत्र जारी करने के लिए निवेदन किया।तो उन्होंने कहा कि हम यह काम करवाते है।

भाकपा माले नेता ने कहा कि आज आरा अंचल पदाधिकारी के दफ्तर मे ताला लटका हुआ था यह देख लोग भड़क गये और वहां प्रदर्शन किया गया।इससे पहले भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला पदाधिकारी और अनुमंडल पदाधिकारी को लेटर लिखकर वाटशाप के माध्यम से अवगत कराया।

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने नीतिश भाजपा सरकार पर आरोप लगाया कि उद्यमी योजना का लाभ आम गरीबों को देना नहीं चाहती जिनकी आय 6000 से कम है।

भाकपा माले नेता ने कहा कि महागठबंधन सरकार ने जो जातिय गणना कराई थी उसमे यह जब आ ही गया है कि बिहार की आबादी का 34% परिवार की आय 6000 से कम है तो उसका लिस्ट अंचल कार्यालय को भेज देना चाहिए था जिससे आय प्रमाण पत्र जारी करने मे अंचल को सुविधा होती।

भाकपा माले नेता क्यामुद्दीन अंसारी ने कहा कि दर असल यह नीतिश भाजपा की सरकार गरीब विरोधी है यह सरकार उद्यमी योजना का लाभ आम गरीबों को देना हि नहीं चाहती इसी लिए अंचलापदाधिकारी 6000 से कम का आय प्रमाण पत्र जारी करने मे लापरवाही तथा देर कर रहे है।

भाकपा माले राज्य कमिटी सदस्य व आरा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी क्यामुद्दीन अंसारी ने जिला पदाधिकारी से मांग कि है कि उद्यमी योजना से लाभ के लिए आवेदन कि अंतिम तारिक 20 फरवरी 2024 से आगे बढाई जाय। तथा आय प्रमाण पत्र व निवास प्रमाण पत्र आज का आज जारी कि जाय।

तीन दिवसीय किसान मेला समारोह आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

बिक्रमगंज(रोहतास):बिहार कृषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित तीन दिवसीय किसान मेला समारोह में 17 फरवरी से 19 फरवरी तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया । जिसके तहत कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज एवं जिले के कई किसानों को उनके विभिन्न क्षेत्र में उपलब्धियां के फलस्वरुप पुरस्कारों एवं अवार्ड से नवाजा गया । इस क्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वरीय वैज्ञानिक और प्रधान डॉक्टर शोभा रानी को कृषि के क्षेत्र में उनके द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए डॉक्टर गोपाल त्रिवेदी बेस्ट एक्सटेंशन प्रोफेशनल अवार्ड से सम्मानित किया गया । कृषि विज्ञान केंद्र रोहतास के द्वारा मेला प्रदर्शनी में लगाए गए कृषि स्टॉल के लिए द्वितीय पुरस्कार प्रदान किया गया । उक्त केंद्र के प्रधान वैज्ञानिक डॉक्टर शोभा रानी, डॉक्टर रामाकांत सिंह एवं डॉ रतन कुमार के द्वारा सम्मिलित रूप से ग्रहण किया गया । सबौर विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में कई किसान जैसे धनगाई के विशाल कुमार को प्रथम पुरस्कार, अर्जुन सिंह, मसोना को द्वितीय पुरस्कार एवं सुनील कुमार मिजार्पुर दावथ को तृतीय पुरस्कार दिया गया । प्रगतिशील किसान अर्जुन सिंह मसोना को उद्यान प्रदर्शनी में उनके द्वारा लगाए गए आलू परादर्स के लिए द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया । कृषि विज्ञान केंद्र बिक्रमगंज के द्वारा जिले के डेढ़ सौ किसानों को बिहार कषि विश्वविद्यालय सबौर में आयोजित किसान मेला में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत राज्य स्तरीय परिभ्रमण कार्यक्रम के लिए ले जाया गया । इसके अंतर्गत विभिन्न तकनीकों का अवलोकन कराया गया । ये किसान विभिन्न गांवों जैसे डेढगांव, सुरहुरिया, मसोना, मानपुर, परसा, बभनी, तरार ,बिशुनिया बाल सहित अन्य गांवों से आये थे ।

समाजसेवी उद्योपति ने सड़क दुर्घटना में तड़पते व्यक्ति की जान बचाई

प्रात : किरण संवाददाता

बिहार/झारखंड। भारत प्लस एथेनॉल कंपनी के सीएमडी सह उद्योगपति अजय कुमार सिंह ने आरा से रांची अपने कार्यालय जाने के क्रम में डोभी और बरही के बीच मोटरसाइकिल एक्सीडेंट से तड़पते युवक की जान बचाकर मानवता का मिशाल कायम किया है। इस संदर्भ में प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय सिंह अपने सुरक्षा गार्ड एवं ड्राइवर के साथ अपने निजी वाहन से आरा से रांची अपने कार्यालय जा रहे थे। इसी क्रम में डोभी और बरही के बीच बाइक से एक्सीडेंट कर बीच सड़क पर एक युवक तड़पता हुआ दिखाई दिया। हाइवे पर ट्रक एवं अन्य वाहनों के लाइन लगे हुए थे। युवक मूर्छित पड़ा हुआ था। जहां उसका सिर सहित अन्य हाथ पैर से खून की धारा बह रही थी। जहां अजय सिंह अपने निजी चालक एवं सुरक्षा गार्ड के सहारे गाड़ी रोककर पहले तो टांग कर सड़क के किनारे करते हुए स्थानीय पुलिस और ग्रामीणों के सहयोग से उसे अस्पताल भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों की उपचार के बाद जख्मी युवक की जान बच पाई। सीएमडी अजय सिंह ने बताया कि अगर युवक हेमलेट पहने रहता तो युवक को सिर्फ हाथ पैर में चोट लगती सिर में हेलमेट नहीं रहने के कारण टक्कर में युवक का सिर बुरी तरह से फट जाता आगे उन्होंने बताया कि अगर हम सही समय पर गाड़ी को रोककर मूर्छित पड़े युवक को नहीं उठाता,हो हल्ला नही करता,पुलिस को नहीं बुलवाता तो युवक के शरीर पर से कई ट्रक व बड़ी गाडियां पार कर जाती।युवक की जान बचाकर एक तरफ अजय सिंह मानवता की मिशाल कायम किया तो दूसरी तरफ युवक को नई जिंदगी दे एक मां के संतान को बचाया घटनास्थल पर उपस्थित ग्रामीणों ने अजय सिंह को भगवान का अवतार बताए और उन्हें धन्यवाद ज्ञापन किया।

मेले का जायजा लेने पहुंचे जिप सदस्य विकास सिंह

प्रात : किरण संवाददाता

रामपुर। प्रखंड के बड़वा बाबा पहाड़ी पर प्रत्येक वर्ष शिवरात्रि के दिन होने वाले ऐतिहासिक मेला का तैयारी का जयजा लेने पहुंचे जिला परिषद सदस्य भभुआ विकास सिंह मौके पर उपस्थित जिला परिषद सदस्य ने बताया कि आज बड़वा बाबा पहाड़ी पर जय लेने के लिए आया हूं आपको बता दें कि काफी प्राचीन समय से बना हुआ पहाड़ी पर शिवरात्रि के दिन मेला का आयोजन होते आया है जिसमें प्रत्येक वर्ष लाखों की संख्या में श्रद्धालु जुड़ते हैं यह कैमूर जिला में ऐतिहासिक मेला में से एक है।

यह पहाड़ नोहटा स्थित गांव के बगल में है गांव से करीब करीब 2000 मीटर ऊपर पहाड़ी पर भव्य शंकर भगवान का मंदिर विराजमान है जहां शिवरात्रि के दिन कैमूर जिला सहित बिहार के अन्य जिलों से काफी संख्या में श्रद्धालु दर्शन पूजन के लिए आते हैं आज करीब दो हजार मीटर की चढ़ाई को चढ़कर स्थिति का जायजा लिया आने वाले 8 मार्च को शिवरात्रि के दिन मेला लगाने की तैयारी चल रही है जहां गांव के ग्रामीण और कमेटी के सदस्यों के साथ पूरे पहाड़ी का निरीक्षण किया गया है जहां पीने के पानी सहित श्रद्धालुओं को कोई दिक्कत और कठिनाई न हो इसके लिए हर तरह से प्रयास किया जाएगा और मेरा हर संभव मदद रहेगा।

डुमरैठ में पंचायत भवन नहीं बनने पर ग्रामीणों में आक्रोश

कैमूर। भभुआ प्रखंड के ग्राम पंचायत डुमरैठ में पंचायत भवन निर्माण को लेकर सैकड़ो ग्रामीणों ने हंगामा किया। ग्राम पंचायत के ग्रामीणों ने बताया कि डुमरैठ गांव में प्रयाप्त मात्रा में भूमि उपलब्ध होने के बावजूद भी दूसरे गांव के सिवाना में बनाया जा रहा है। जिसमें पंचायत भवन पर जाने में भारी पैमाने पर ग्रामीणों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। जिला पार्षद कैमूर विकास सिंह ने सभी ग्रामीणों को समझा बूझाकर मामला को रफा दफा किया। जिला परिषद विकास आयुक्त कैमूर से दूरभाष पर बात करके ग्रामीणों को विस्तार पूर्वक समझाया। ग्रामीणों का कहना है कि जिला प्रशासन से समस्या का निजात नहीं होता है तो धरना प्रदर्शन के अलावे हाई कोर्ट जाने के लिए मजबूर होंगे।

राजद के छात्र जिलाध्यक्ष बनें आदित्य, लोगों में खुशी

प्रात : किरण संवाददाता

रोहतास। राष्ट्रीय जनता दल के रोहतास जिलाध्यक्ष राजू रंजन उर्फ आदित्य के बनने पर लोगों ने खुशी व्यक्त की। अवसर पर बिहार प्रदेश छात्र राजद अध्यक्ष गगन कुमार के नेतृत्व में सभी जिलों में जिला प्रभारी सह प्रभारी की अधिसूचना जारी कर छात्र पद के प्रभार से मनोनित किया गया। मौके रोहतास छात्र जिलाध्यक्ष आदित्य ने बताया कि नेता प्रतिपक्ष व पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी प्रसाद यादव और राजद प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह के परामर्श के उपरांत यह अधिसूचना जारी है। जिसके बाद रोहतास जिला के बिक्रमगंज प्रखंड के नगर परिषद के धारुपुर निवासी राजू रंजन कुमार उर्फ आदित्या राजू को जिलाध्यक्ष सह जिला प्रभारी व राहुल राज को सह प्रभारी बनाया गया है। इसकी सूचना मिलते ही छात्र जिलाध्यक्ष ने खुशी व्यक्त करते हुए बताया कि जिला क्षेत्र में भ्रष्टाचार के खिलाफ सभी छात्र-छात्राओं के हित में आवाज उठाना मेरा मुख्य लक्ष्य रहेगा। साथ ही उनके शिक्षा क्षेत्र के हक की लड़ाई में राज्य व केंद्र सरकार के समक्ष मांगों के प्रति आंदोलन में भी पीछे नहीं हटूंगा।

मजबूती के साथ पार्टी पद की जिम्मेवारी को ईमानदारी पूर्वक निर्वाहन करेंगे। वही युवा के छात्र जिलाध्यक्ष बनने पर छात्रों व लोगों सहित राजद कार्यकताओं ने खुशी व्यक्त की है। जबकि सभी मनोनित छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए काराकाट विधानसभा माले विधायक अरुण कुशवाहा,दिनारा राजद विधायक विजय मण्डल, प्रकाश, रविकान्त, अरुण यादव, राहुल यादव रामपुर अजित यादव,सत्येंद्र यादव सहित अन्य शुभकनाएं दिया।

किसानों के अनिश्चितकालीन धरना का हुआ 50 वां दिन, धरना पर जुटे दर्जनों किसान

प्रात : किरण संवाददाता

चांद। पीएनसी इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बेस कैंप स्थल मसोई उचित मुआवजा को लेकर अनिश्चितकालीन धरना दे रहे किसानों का मंगलवार को पचासवां दिन हुआ। धरना पर मसोई गोंइ मोरवा भेरी सीवों आदि गांवों के दर्जनों किसान शामिल हुए। धरना पर बैठे पशुपति नाथ सिंह महासचिव किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर ने कहा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन चलता रहेगा जब तक सरकार किसानों की मांग नहीं मान लेती है। उन्होंने ने कहा सरकार किसानों के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है।

सरकार के मंत्री एवं नेता किसानों का वोट तो ले लेती है किसानों की समस्या हल करने में कोई रूचि नहीं दिखाती। उन्होंने ने कहा किसानों के वोट से सरकार बनती है। पशुपति नाथ सिंह ने कहा किसानों की समस्या आती है तो मंत्री एवं नेता आंख चुरा लेते हैं। उन्होंने ने कहा बिना उचित मुआवजा मिले एक इंच सड़क का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। धरना पर बैठे किसान अनिश्चितकालीन धरना के 50 दिन पुरा होने पर अपनी बचनबद्धता दोहराई। किसानों ने कहा किसान मर मिट जाएंगे बिना उचित मुआवजा का एक इंच सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। किसानों के आंदोलन के चलते भारत माला परियोजना में बनारस रांची टु कोलकाता एक्सप्रेस-वे निर्माण का मिट्टी जांच लेवलिंग एवं सर्वे का रूका हुआ है। सर्वे नहीं होने से एक्सप्रेस-वे निर्माण के लिए डीपीआर नहीं तैयार हो पा रहा है।

एक्सप्रेस-वे निर्माण नहीं शुरू होने पर एनएचएआई पर बहुत दबाव पड़ रहा है। उचित मुआवजा की विसंगतियों को देखकर एनएचएआई अधिकारियों के द्वारा किसानों को उचित मुआवजा के लिए प्रयास किया जा रहा है। 16 फरवरी को जिलाधिकारी एवं एनएचएआई अधिकारियों ने किसानों के साथ बैठक कर बीच का रास्ता निकालने का प्रयास किया। बैठक में शामिल किसानों ने जिलाधिकारी को स्पष्ट तौर पर कह दिया बिना मुआवजा बढाए एक कदम सड़क निर्माण नहीं होने दिया जाएगा।

किसानों के अपनी मांगों पर अडिग रहने के बाद किसी तरह की सहमति नहीं बन पाई। बैठक में शामिल दर्जनों किसानों में 50 वां दिन अनिश्चितकालीन धरना चलने के बाद किसानों में किसी तरह उत्साह में कमी नहीं देखी गई। किसान एकता जिंदाबाद उचित मुआवजा नहीं तो सड़क नहीं जय जवान जय किसान के नारे के साथ किसान धरना पर बैठे रहे। अनिश्चितकालीन धरना के पचास दिन होने पर किसानों ने कहा हमें बहुत अच्छा लग रहा है। किसानों ने कहा अपनी मांगों को लेकर कई साल धरना पर बैठे रहने में कोई संकोच नहीं है। धरना पर अवधेश सिंह राजू सिंह भूपेंद्र सिंह रवि शंकर पटेल लाला सिंह प्रभु नारायण सिंह नचिकेता कुशवाहा पप्पू चौबे आदि किसान बैठे हुए थे। भारत माता परियोजना एक्सप्रेस-वे निर्माण एवं एन एच 219 बाईपास एवं चौरी करण को लेकर कैमूर जिले के पांच प्रखण्ड के 93 मौजा की लगभग 17 सौ एकड़ भूमि अधिग्रहण की गई है। भूमि अधिग्रहण करते समय जिला भू अर्जन पदाधिकारी एवं भूमि सुधार उप समाहर्ता के द्वारा बहुत गड़बड़ी की गई है। भूमि अधिग्रहण में किसानों को किमती जमीन की बाजार मूल्य से बहुत कम मुआवजा दिया जा रहा है।कम मुआवजा को देखते हुए किसान संघर्ष मोर्चा कैमूर के द्वारा पिछले दो सालों से लगातार आंदोलन किया जा रहा है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
पटना, बुधवार, 21 फरवरी, 2024

संक्षिप्त खबरें

हत्यारोपी दोषी करार

औरंगाबाद। व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में एडिजे वन सह स्पेशल कोर्ट पंकज मिश्रा ने हसपुरा थाना कांड संख्या 79/20, एसटीआर-09/22, में निर्णय पर सुनवाई करते हुए दो अभियुक्तों को हत्या के आरोप में दोषी ठहराया है। एपीपी रामनरेश प्रसाद ने बताया कि अभियुक्त नवीन राम और विपिन राम झोरीबिगहा हसपुरा को जघन्य अपराध के भादवि धाराओं और आर्म्स एक्ट में दोषी करार दिया गया है। सजा के बिन्दु पर सुनवाई के तिथि 05/03/24 निर्धारित किया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने बताया कि प्राथमिकी सूचक संतोष राम फतेहपुर टोला झोरी बिगहा हसपुरा ने 09/04/20 को प्राथमिकी दर्ज कराई थी जिसमें कहा था कि मेरे चाचा जुदागीर राम सिहाडी बाजार से सब्जी खरीदने गये थे रास्ते में घेरकर अभियुक्तों ने गोली मारकर हत्या कर दी, इस वाद के अन्य अभियुक्तों को आज साक्ष्य के अभाव में दोषमुक्त कर दिया गया है।

देवकुंड थाना के पुलिस की सक्रियता से शराबी गिरफ्तार

करपी, अरवल। देवकुंड थाना के पुलिस की सक्रियता से मंगलवार की पुलिस ने 4 लीटर महुआ चुलाई देसी शराब के साथ एक शराबी को गिरफ्तार किया, देवकुंड थाना क्षेत्र के हथियारा गांव निवासी कुंदन कुमार 19 वर्षीय पिता नंदकिशोर महतो को साइकिल से शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। देवकुंड थाना अध्यक्ष आनंद कुमार ने बताया कि गिरफ्तार शराबी कुंदन कुमार के खिलाफ शराब अधिनियम के तहत मामला दर्ज जल भेजा जा रहा है। थानाध्यक्ष ने कहा कि मेरा प्राथमिकता है थाना क्षेत्र में किसी भी हालत पर शराब सेवन करने वाले एवं शराब कारोबारीयो का फलने फूलने नहीं दिया जाएगा समय रहते ऐसे लोगों का गिरफ्तार कर जल भेज दिया जाएगा।

थाना से महज 20 कदम की दूरी से उच्चकों ने उड़ाया बाइक

शेरघाटी। थाना से महज 20 कदम की दूरी से उचक्कों ने मोटरसाइकिल गायब कर दिया। मोटरसाइकिल शेरघाटी थाना क्षेत्र के बेलडीह गांव के रहने वाले अजय कुमार का था. अजय कुमार थाना मोड पर एक फोटो कॉपी के दुकान में काम करते हैं। रोज की तरह वो अपनी बाइक दुकान के बाहर खड़ा कर काम कर रहे थे। तभी 4:00 बजे जब फुर्सत मिली तो दुकान से बाहर निकले तो देखा की बाइक वहां से गायब है। उन्होंने बताया कि बाइक मेरी पत्नी सविता देवी के नाम से है। उन्होंने बताया कि घटना को लेकर पुलिस से शिकायत दर्ज किया है। इधर थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पुलिस शिकायत के बाद मामले की छानबीन कर रही है।

निर्वाचन आयुक्त के बैठक में गया प्रमंडल आयुक्त, जिलापदाधिकारी भी

गया। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के क्रम में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल द्वारा पटना में बिहार राज्य के प्रमंडलीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों पुलिस उपमहानिरीक्षक, सभी जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न की जा रही है।

केन्द्रीय मंत्री का हुआ भव्य स्वागत

बड़हरा। प्रखंड के कृष्णागढ थाना क्षेत्र अंतर्गत सरैया बाजार पर भारतीय जनता पार्टी के ओबीसी मोर्चा के महामंत्री आनंद गोपाल पंडित के नेतृत्व मे भोजपुर के लोकप्रिय सांसद श्री आर के सिंह जी का भव्य स्वागत किया गया। आपको बताते चले कि महुली घाट जाने के क्रम मे सरैया बाजार पर ओबीसी मोर्चा के नेतृत्व में बाजे-गाजे, अंगवस्त्र, फूल-माला देकर जोरदार स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष ऋतुराज जी, जिला महामंत्री हरेंद्र सिंह चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, जिला मंत्री राजकुमार शाह, जिला प्रवक्ता संदेश विधानसभा संयोजक श्री संतोष सिंह, सत्येंद्र राय, रवि पांडे, संतोष शर्मा, उपेंद्र सिंह, सुमित सिंह एवं भारी संख्या में ओबीसी मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वर्णिम भारत कार्यक्रम को लेकर भाजपा भोजपुर की भव्य तैयारी

आरा। भारतीय जनता पार्टी द्वारा स्वर्णिम भारत कार्यक्रम के तहत 23 फरवरी को आयोजित सभा की तैयारी को लेकर जनसंपर्क के जिला उपाध्यक्ष सह बिधान सभा प्रभारी उदय प्रताप सिंह को विशेष जिम्मेदारी दी गई है कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिलाध्यक्ष दुर्गा राज ने कहा कि इस संबंध कल 21 फरवरी को जिला कार्यालय में विशेष बैठक आयोजित किया गया है जिसमें पार्टी के सभी प्रमुख नेता और प्रदेश स्तरीय नेता भाग लेंगे उन्होंने ने कहा कि आज पूरे देश ही नहीं बल्कि सम्पूर्ण विश्व में भारत और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का परचम लहरा रहा है आज पूरे देश की जनता नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का संकल्प लें चुका है मोदी जी देश को भ्रष्टाचार मुक्त शासन देने के साथ सबके कल्याण के लिए कृतसंकल्प है।

कृषि विभाग आत्मा मे चयनित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, लेखपाल को नियुक्ति पत्र दिया गया

प्रात: किरण संवाददाता

गया। कृषि विभाग, बिहार अंतर्गत आत्मा योजना मे प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल हेतु संविदा आधारित पदों पर चयनित अभ्यर्थियों को मुख्यमंत्री नीतिश कुमार के द्वारा नियोजन पत्र, संवाद, 04 देशरत्न मार्ग, पटना मे वितरण किया गया है, इसके साथ ही साथ पोषक अनाज मूल्य श्रृंखला के लिए गुणवत्तावर्द्धन केन्द्र सेंटर आफ एक्सलेंस, टनकुप्पा, गया का शिलान्यास भी किया गया है। इसी क्रम में कृषि विभाग, आत्मा, गया मे चयनित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक, सहायक तकनीकी प्रबंधक एवं लेखापाल का नियोजन पत्र समाहरणालय, गया के सभाकक्ष में वितरण किया गया है। आत्मा अंतर्गत संविदा आधारित प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पद के अंतर्गत कुल 12 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है, सहायक तकनीकी प्रबंधक पद के अंतर्गत कुल 14 एवं लेखापाल अंतर्गत कुल 09 अभ्यर्थियों का चयन किया गया है। चयनित अभ्यर्थियों में से प्रखंड तकनीकी प्रबंधक पद कुल 07 अभ्यर्थियों, सहायक तकनीकी प्रबंधक कुल 07 एवं लेखापाल में कुल 04 अभ्यर्थियों के द्वारा नियोजन पत्र प्राप्त किये गये है,। उपरोक्त पदो हेतु शेष सभी चयनित अभ्यर्थी दिन 29.फरवरी तक कृषि विभाग के आत्मा कार्यालय संयुक्त कृषि भवन, बाजार समिति चन्दौती, गया में उपस्थित होकर नियोजित पत्र प्राप्त कर योगदान दे सकते है। समाहरणालय, गया के सभागार कक्ष में आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम में संयुक्त निदेशक, मगध प्रमंडल, गया, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-परियोजना निदेशक, आत्मा, गया, सहायक निदेशक, उद्यान, गया, सहायक निदेशक, पौधा संरक्षण, गया, सहायक निदेशक, रसायन, गया, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, गया सदर-सह- उप परियोजना निदेशक, आत्मा, गया, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, टिकारी अनुमंडल कृषि पदाधिकारी, शेरघाटी एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित रहें हैं।

नमामि निरंजना अभियान का राज्यपाल ने किया शुभारंभ

प्रात: किरण संवाददाता

गया। राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने महाबोधि सांस्कृतिक केन्द्र, बोधगया में नमामि निरंजना अभियान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि निरंजना फल्गु नदी के तट पर के वृक्षों को कटने और इसे गंदा करने जैसी हमारी गलतियों के कारण इसमें पानी नहीं रहा। देश में निरंजना सहित अनेक नदियाँ हैं, जिन्हें पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी लोगों से भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने में योगदान करने का आह्वान करते हुए कहा कि हमें नमामि निरंजनाअभियान से जुड़कर फल्गु नदी को पुनर्जीवित करने एवं इसे स्वच्छ रखने का संकल्प लेना चाहिए। राज्यपाल ने जल चेतना यात्रा का भी शुभारंभ किया है।

सक्षमता परीक्षा का किया विरोध नारा लगाकर आक्रोश जाहिर की

प्रात: किरण संवाददाता

औरंगाबाद। बारुण प्रखंड के शिक्षकों ने प्रखंड संसाधन केंद्र के गेट पर सक्षमता परीक्षा का विरोध करते हुए आक्रोश जाहिर किया एवं कहा कि सक्षमता परीक्षा के माध्यम से सरकार शिक्षकों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही है। सक्षमता परीक्षा के नाम पर सरकार शिक्षकों के बीच फूट डालो एवं राज करो की नीति अपना कर उन्हें दिग्भ्रमित करने का काम कर रही है। शिक्षक एकता मंच के मंडल प्रखंड अध्यक्ष अनिल टाइगर एवं अरविंद कुमार ने बताया कि इस परीक्षा के नाम पर सरकार शिक्षकों को बांटना चाहती है। हम इस परीक्षा का विरोध करते हैं एवं यह भी कहा कि जो शिक्षक गलती से इसका फॉर्म भर चुके हैं वे परीक्षा ना दें। परीक्षा का प्रवेश पत्र डाउनलोड ना करें। शिक्षक एकता को मजबूती प्रदान करने का कार्य करें। इस मौके पर शिक्षक एकता मंच के सदस्य मनोज कुमार सिंह, रवि शंकर सिंह धर्मेंद्र कुमार सिंह, राजा दिलीप सिंह, जयप्रकाश कुमार, नरेंद्र कुमार सिंह, कन्हैया कुमार सिंह, शशिधर उज्जवल सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया में तेजी लाने की तैयारी

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया जिले में जारी स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की प्रक्रिया में और तेजी लायी जा रही है। उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाना अनिवार्य है। हर घर में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगवाने को लेकर उपभोक्ताओं को जागरुक करने के लिए गया जिले में विशेष अभियान भी चलाया जा रहा है। साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक महेंद्र कुमार प्रतिदिन की प्रगति पर खुद नजर रख रहे हैं ताकि समय पर लक्ष्य को हासिल किया जा सके। गया जिला में कुल 6,05,104 स्मार्ट मीटर लगाने का लक्ष्य है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार लगातार पूरे देश में 28 लाख स्मार्ट मीटर के साथ अग्रणी भूमिका निभा रहा है। बिहार देश का पहला राज्य है जहां ग्रामीण एवं शहरी, सभी उपभोक्ताओं के परिसर में स्मार्ट मीटर इंस्टॉल किया जा रहा है। उपभोक्ताओं को बताया जा रहा है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर से बिजली बचाने में मदद मिलेगी, बिल जमा करने के लिए बिजली ऑफिस का चक्कर नहीं काटना पड़ेगा, गलत बिजली बिल से छुटकारा मिलेगा। कहीं से भी मीटर रिचार्ज करने की सुविधा मिलेगी, पूर्व के बकाये का भुगतान आसान किस्तों पर कर सकेंगे और बैलेंस खत्म होने से पहले रिचार्ज करने पर 2 प्रतिशत और ऑनलाइन रिचार्ज करने पर 1 प्रतिशत की विशेष छूट दी जाएगी।

गया में स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाने की शुरूआत विगत दिनों बोध गया में स्थित 80 फीट पावर सबस्टेशन से बिहार स्टेट पावर होल्डिंग कंपनी लिमिटेड के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक संजीव हंस एवं साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक श्री महेंद्र कुमार द्वारा टेस्ट मीटर लगा कर की गई थी। गया जिले में कुल 6,05,104 स्मार्ट मीटर लगाए जायेंगे, जिसमें गया अर्बन में कुल 1.19 लाख स्मार्ट प्रीपेड मीटर इंस्टॉल किए जाएंगे। जिले में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य इंटेलिस्मार्ट द्वारा किया जा रहा है। एजेंसी द्वारा अगले आठ महीने के अंदर शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में सभी उपभोक्ताओं के परिसरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए जाएंगे। बीएसपीएचसीएल के सीनियर प्रोटोकॉल ऑफिसर श्री ख्वाजा जमाल ने बताया कि उपभोक्ताओं के बीच स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर निरंतर जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए कैंप लगाये जा रहे हैं। यहां तक कि उनके परिसरों में जाकर भी उनसे बात की जा रही है। चौक चौराहों एवं अन्य भीड़भाड़ वाले इलाके में स्मार्ट मीटर एवं ट्रेडिशनल मीटर, दोनों डिस्प्ले कर दिखाया जा रहा है कि दोनों मीटर के काम करने के तरीके में कोई बदलाव नहीं है। एसबीपीडीसीएल के एमडी श्री महेंद्र कुमार प्रतिदिन की प्रगति पर खुद नजर रख रहे हैं। अब तक पूरे बिहार में 28 लाख से भी ज्यादा स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगाये जा चुके हैं। इनमें साउथ बिहार में 1247492 स्मार्ट प्रीपेड मीटर लग चुके हैं।

ख्वाजा जमाल ने उपभोक्ताओं से अपील की है कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ता किसी के बहकावे में बिल्कुल न आये। इसे लेकर किसी भी तरह की शंका होने पर संबंधित अधिकारी से संपर्क करें। स्मार्ट प्रीपेड मीटर की खूबियों से उपभोक्ताओं को अवगत कराने के लिए वार्ड व पंचायत प्रतिनिधियों से भी संपर्क किया जा रहा है। गया अंचल के अधीक्षण अभियंता संजय कुमार बैरिया ने बताया कि स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर उपभोक्ताओं की शंकाओं का निवारण करने के लिए एसबीपीडीसीएल के कनीय और सहायक अभियंताओं की टीम निरंतर सक्रिय है।

सीयूएसबी कर रहा है नए-नए कृतिमान स्थापित, औरंगाबाद सांसद

प्रात: किरण संवाददाता

गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से दक्षिण बिहार केन्द्रीय विश्वविद्यालय सीयूएसबी के चार स्कूल भवनों की आधारशिला रखी। शिलान्यास समारोह के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह, धर्मेंद्र प्रधान, शिक्षा मंत्री;कौशल विकास और उद्यमिता के साथ औरंगाबाद के सांसद सुशील कुमार सिंह सीयूएसबी परिसर में उपस्थित थे। कुलपति प्रो. कामेश्वर नाथ सिंह की देखरेख में विश्वविद्यालय के विवेकानंद सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस की लाइव स्ट्रीमिंग आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न स्कूलों के डीन, विभागों के अध्यक्ष, संकाय सदस्य, अधिकारी, कर्मचारी और छात्र शामिल हुए हैं। शिलान्यास समारोह की लाइव वेबकास्टिंग की व्यवस्था आर्यभट्ट भवन, चाणक्य भवन, सेंट्रल लाइब्रेरी और यूनिवर्सिटी हॉस्टल की कंप्यूटर प्रयोगशाला में भी की गई है। शिलान्यास समारोह के पश्चात कुलपति ने सांसद सुशील कुमार सिंह एवं उनकी पत्नी का फूलों का गुलदस्ता देकर अभिनन्दन किया है कुलपति ने छेत्र के सांसद द्वारा विश्वविद्यालय को दिए जा रहे लगातार सहयोग के लिए आभार प्रकट किया है। अपने सम्बोधन में सांसद सुशील कुमार सिंह ने कहा कि मेरे लिए गर्व की बात है यह विश्वविद्यालय मेरे संसदीय छेत्र में स्तिथ है और यह नए-नए कृतिमान स्थापित कर रहा है। मैं इस विश्वविद्यालय से इसकी स्थापना के दिनों से जुड़ा हुआ हूँ और मुझे पूरी आशा है कि यह आने वाले दिनों में देश के एक प्रतिष्ठित विश्वविद्यालय के रूप में नई ऊंचाइयां प्राप्त करेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन और धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल राजीव कुमार सिंह ने प्रस्तुत किया। अपने संबोधन में कुलपति ने बताया कि चार भवनों के निर्माण के लिए सीयूएसबी को करीब 100 करोड़ रुपये रु. 999498186 का अनुदान दिया गया है। तीसरे चरण के तहत, चार स्कूल भवनों का निर्माण किया जाएगा। जिनमें स्कूल ऑफ लॉ एंड गवर्नेंस के लिए रु. 271669723, स्कूल ऑफ फिजिकल एंड केमिकल साइंसेज के लिए रु. 293804972, स्कूल ऑफ बिजनेस स्टडीज एंड मैनेजमेंट के लिए रु. 236592549 और स्कूल ऑफ हेल्थ साइंसेज के लिए रु. 197430941 का अनुदान मिला है। सीयूएसबी को वित्तीय वर्ष 2023-24 से वित्तीय वर्ष 2025-26 तक के लिए अनुदान दिया गया है और भवनों के निर्माण के लिए सीयूएसबी और सीपीडब्ल्यूडी के बीच एमओयू पर हस्ताक्षर हो चुका है। अभी के समय में विश्वविद्यालय में तीन स्कूल भवन संचालित हैं जिनमें स्कूल ऑफ अर्थ, बायोलॉजिकल एंड एनवायर्नमेंटल साइंसेज - बिल्डिंग आर्यभट्ट भवन, स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज एंड पॉलिसी - बिल्डिंग चाणक्य भवन और स्कूल ऑफ एजुकेशन मालवीय भवन शामिल हैं।

सड़क सुरक्षा अभियान का उद्देश्य है कि लोग संवेदनशील बनें : सचिव

प्रात: किरण संवाददाता

गया। परिवहन विभाग, बिहार सड़क सुरक्षा परिषद् की ओर से राज्य स्तर पर सोमवार को अधिवेशन भवन में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान-24 कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इसका उद्घाटन परिवहन विभाग मंत्री, बिहार विजय कुमार चौधरी ने किया है। इस उद्घाटन के पूर्व परिवहन सचिव ने मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत हेलमेट देकर किया है।

अधिवेशन भवन में आयोजित सड़क सुरक्षा कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाया गया है। परिवहन सचिव ने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को यातायात नियमों का पालन करने एवं साथ ही दूसरे को प्रेरित करने और दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति की मदद करने में हमेशा अग्रसर रहते हुए एक स्वच्छ-स्वस्थ-सुरक्षित सड़क संस्कृति विकसित करने का शपथ दिलाया है। सड़क सुरक्षा माह- 2024 के दौरान सड़क सुरक्षा जागरुकता के क्षेत्र में बेहतर कार्य करने वाले को परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल द्वारा सम्मानित किया गया है। जिलों के डीटीओ, एडीटीओ, एमवीआई, ईएसआई और चलंत दस्ता को सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही चिकित्सा के क्षेत्र में प्रशसनीय कार्य करने वाले डॉक्टर, सड़क दुर्घटना में घायल पीड़ितों को मदद करने वाले को गुड सेमेरिटन एवं अन्य क्षेत्रों में मानवीय कार्य करने वाले को प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया है।

सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में गया जिला के जिला परिवहन पदाधिकारी को द्वितीय पुरस्कार एवं अपर जिला परिवहन पदाधिकारी को प्रथम पुरस्कार मिला है। सड़क सुरक्षा को लेकर जिले में व्यापक रूप से जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर लोगो को जागरूक करवाने का कार्य किया गया है। हिट एंड रन संबंधित मामलों में काफी गंभीरता से अनुपालन कराया गया है इसके अलावा हिट एंड रन से संबंधित जो भी केस आए हैं उन्हें अच्छी तरीके से डील करने का कार्य किया गया है। जो भी आवेदन आए थे उनको ऑनलाइन करवाते हुए उन्हें डिस्पोजल करवाने का कार्य किया गया है। बिहार में गया जिला का हिट एंड रन संबंधित मामलों के डिस्पोजल में सबसे अधिक प्रगति रहने के कारण जिले को पुरस्कृत किया गया है।

परिवहन विभाग मंत्री विजय कुमार चौधरी ने कार्यक्रम के सफल और प्रासंगिक आयोजन के लिए परिवहन विभाग को बधाई दी है। सड़क सुरक्षा आज के मानवजीवन का अभिन्न हिस्सा बन गया है। सड़क सुरक्षा की जितनी अपेक्षाएं हैं, नियम और हिदायतें हैं उसे अपनी आदत का अंग बना लें तो दुर्घनाएं कम होंगी। परिवहन, पुलिस और सड़क विभाग एवं अन्य विभाग सड़क दुर्घटना एवं मृत्यु में कमी लाने के लिए संयुक्त रूप से प्रयास कर रहे हैं। इन विभागों के संयुक्त अभियान के कारण सड़क दुर्घटनाओं में कमी आएगी। परिवहन सचिव संजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा अभियान-2024 का उद्देश्य है कि लोग संवेदनशील बनें। लोगों में संवेदना को जगाना है। राज्य में 80 प्रतिशत सड़क दुर्घटना मानव की गलती से हो रही है। इसमें 72 प्रतिशत दुर्घटनाओं का कारण ओवर स्पीडिंग है। सड़कों के बढ़ते नेटवर्क के साथ रोड एक्सीडेंट डेटा को कम करने की चुनौती है। सख्ती से कराएं नियमों का पालन उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से कहा कि यातयात नियमों का पालन सख्ती से कराएं। दोपहिया वाहन चालकों को लिए हेलमेट अनिवार्य है। इसे पालन कराने के लिए गुलाब का फूल नहीं कानून का फूल दें।

देश-विदेश के छात्रों को भगवान बुद्ध की भूमि पर शिक्षा ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा : डॉ. मनीष पंकज

प्रात: किरण संवाददाता

गया। गया जिला के लिए बेहद खुशी का क्षण बोधगया में इंडियन इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट संस्थान का उद्घाटन देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के द्वारा वर्चुअल माध्यम से किया गया इस संस्थान का उद्घाटन होने पर भाजपा नेता डॉ मनीष पंकज मिश्रा ने खुशी का इजहार करते हुए कहा देश-विदेश के छात्रों को ज्ञान एवं मोक्ष भूमि भगवान बुद्ध की भूमि पर शिक्षा ग्रहण करने का सौभाग्य प्राप्त होगा यह संस्थान 712 करोड रुपए का लागत से भव्य बिल्डिंग तैयार किया गया है भारतीय प्रभाव वैदिकी संस्थान देश-विदेश के लगभग 3000 छात्र-छात्राएं अध्ययन प्राप्त करेगा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी के शिक्षा जगत में बोधगया में आईआई एम खुल जाने से प्रधानमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया और भगवान विष्णु से प्रार्थना किया कि नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में शिक्षा जगत में अनमोल सौगात मिल रहा है जहां विदेशी छात्र छात्राएं भी आकर यहां अध्ययन करेंगे बधाई और शुभकामना देने वालों में सुनील बंबइया, महेश यादव, बबलू गुप्ता, विजय गुप्ता।

आईआईएम बोधगया के भव्य स्थायी परिसर का प्रधानमंत्री ने किया उद्घाटन

प्रात: किरण संवाददाता

गया। आईआईएम बोधगया के अत्याधुनिक स्थायी परिसर का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 20 फरवरी को किया गया उद्घाटन है। इस कार्यक्रम की शुरूआत सुबह की पूजा के साथ हुई है। जहां आईआईएम बोधगया की निदेशक डॉ. विनीता एस. सहाय, फैकल्टी सदस्य एवं सभी छात्र, परमात्मा से आशीर्वाद लेने के लिए पूजा में उपस्थित हुए हैं। संस्थान के सभागार- 'निरंजना' में कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्ज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई है। लेफ्टिनेंट जनरल पी.एस. मिन्हास एवीएसएम, कमांडेंट, ओटीए गया, इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में शामिल हुए एवं छात्रों और फैकल्टी सदस्यों सहित वहां उपस्थित सभी को राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए अपने प्रेरक शब्दों के साथ संबोधित किया है। इस समारोह में गया के सांसद विजय कुमार भी शामिल हुए हैं। प्रधानमंत्री ने ऑनलाइन सम्बोधन के माध्यम से दर्शकों को संबोधित करते हुए विकसित भारत के लक्ष्य की दिशा में राष्ट्रीय संस्थानों के महत्व को रेखांकित किया गया है। आईआईएम निदेशक ने प्रधान मंत्री की वर्चुअल उपस्थिति के लिए आभार व्यक्त करते हुए माइंडफुल बिजनेस लीडर्स का निर्माण करने वाले संस्थान के मूल्यों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की गई है। उन्होंने प्रमुख मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए, पहले बैच में केवल 30 छात्रों के साथ 2015 में शुरू हुई संस्थान की यात्रा से आज तक के अथक परिश्रम, जहां आईआईएम बोधगया के परिसर में 5 पूर्ण आवासीय कार्यक्रमों में अध्ययन करने वाले 26 से अधिक राज्यों के 1100 से अधिक छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं और इसके के बारे में बताया है। आईआईएम बोधगया समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का वहन करने में हमेशा तत्पर दिखाई देता है, जिसके तहत संस्थान द्वारा आस-पास के 5 गाँवों में स्वच्छता पखवाड़ा, हैप्पी पीरियड्स जैसे विभिन्न समाज-कल्याण सम्बन्धी कार्यक्रम कराये जाते हैं। इस उद्घाटन समारोह का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ है। जिसके बाद परिसर के क्रिकेट मैदान में संयुक्त लंच का प्रबंध किया गया, जहां सभी अतिथि, गणमान्य व्यक्ति, फैकल्टी सदस्य एवं स्टाफ सदस्यों सहित सभी छात्र एकत्र हुए हैं यह दिन आईआईएम बोधगया के लिए एक नई शुरूआत का प्रतीक है क्योंकि संस्थान के स्थायी परिसर का आधिकारिक तौर पर उद्घाटन किया गया, जिसमें 'निरंजना'- ऑडिटोरियम, 'प्रज्ञता'- लाइब्रेरी, 'उरुवेला'- शैक्षणिक भवन, ह्यउड़ान' नामक स्पोर्ट्स भवन, 'धन्वंतरि'- मेडिकल ब्लॉक के साथ-साथ सभी सुविधाओं से लैस छात्रों एवं फैकल्टी तथा स्टाफ सदस्यों के आवास एवं अत्याधुनिक स्मार्ट कक्षाएं शामिल हैं, जो संस्थान के वैश्विक शिक्षा का केंद्र बनने की दृष्टि से मेल खाती हैं।

25 फरवरी को अम्बेडकर वाचनालय में होगी बैठक : सत्येन्द्र रंजन

अरवल। जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिलाध्यक्ष सत्येन्द्र रंजन ने प्रेस ब्यान जारी कर कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक राजू तिवारी के निदेर्शानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के तैयारी करने को लेकर दिनांक 25 फरवरी 2024 को डॉ भीमराव अम्बेडकर वाचनालय भवन अरवल में जिला लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के सभी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष, अरवल जिला से संबंधित राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश पदाधिकारी, जिला कमिटी के सभी पदाधिकारी, सभी प्रखंड अध्यक्ष, पंचायत अध्यक्ष एवं कार्यकताओं के साथ बैठक की जायेगी। इस महत्वपूर्ण बैठक में जहानाबाद लोकसभा के चुनाव प्रभारी सह प्रदेश महासचिव रामाश्रय शर्माआदि शामिल होंगे।

बालू माफिया ने पत्रकार को अगवा कर जान से मारने का किया प्रयास

प्रात: किरण संवाददाता

काराकाट (रोहतास) रोहतास में बालू माफियायों का तांडव बढ़ते ही जा रहे है। पुलिस की लापरवाही और सुस्ती से अपराधियों का मनोबल दिनों पर दिन बढ़ते ही जा रहा है। बीते एक महीने पहले काराकाट के ही राष्ट्रीय सागर दैनिक अखबार के बिक्रमगंज अनुमण्डल प्रभारी पत्रकार रजनी कान्त पाण्डेय पर असमाजिक तत्वों द्वारा जानलेवा हमला किया गया था। जिसका लिखित आवेदन थाने में देने के बाद भी अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुआ जिससे समाज के चौथे स्तंभ कहे जाने वाले पत्रकारों में माऊसी देखी जा रही है। साथ ही साथ पत्रकार वन्धु में आक्रोश व्याप्त है।

ताजा मामला काराकाट थाना क्षेत्र से ही है जहां एक दैनिक अखबार प्रभात खबर के पत्रकार को अपहरण कर लिया गया और जान से मारने का प्रयास किया गया। जानकारी के अनुसार प्रभात खबर के पत्रकार अशोक सिंह सुकहरा गांव निवासी हैं। अशोक कुमार सिंह ने बताया की वो अपने गांव सुकहरा बाजार से चाय पीने गए उसी वक़्त उन्हे सूचना मिली कि राहुल ईट भट्ठा सुकहरा पर खनन विभाग और काराकाट थाना की पुलिस अवैध बालू लदे पांच ट्रक पकड़ा है। जिसके बाद अशोक सिंह अपना बाइक से वहां पंहुचे। जहां काराकाट के पुलिस प्रशान व खनन विभाग के अधिकारी मौजूद थे। उन्होंने बताया की खबर लिखने के लिए उन्होंने फोटो-वीडियो बनाने लगे तो खनन निरीक्षक राहुल कुमार ने फोटो-वीडियो लेने से उन्हे माना किया।

जिसके बाद वहा से वो विडियो फोटो लेकर काराकाट थाना के लिए निकल गए। इसके बाद खनन इंसपेक्टर ने बालू माफियाओं को फोन कर सुचना दी कि एक पत्रकार विडियो बनाया है उसे मैनेज करो। ये बात सुन पत्रकार अशोक वहा से निकल गए। वही जाने के क्रम में खनन इंसपेक्टर के इशारा पर बालू माफियाओं द्वारा राहुल ईंट भट्ठा से दो सौ मीटर की दूरी पर उन्हे चार चाका गाड़ियों से चारो तरफ से घेर लिया गाया। और उनके मोटर साइकिल से चाभी निकल कर अपने साथ स्कार्पियो में बैठा लिया। उन्होंने बताया की अपने आप को चारो तरफ से घिरे देख वो थोड़े देर के लिए सन्य रह गए। अपराधियों ने उन्हें जबरन पकड़ कर मोबाइल से वीडियो डिलीट किया और मोबाइल पटक कर तोड़ दिया। पांच से छः की संख्या में आए अपराधियों ने उनका गला में हाथ लगा कर जबरन अपने साथ स्कार्पियो में बैठा कर पूरा रास्ते मरते - पीटते बरून ले गए। अपराधियों ने उन्हें सुन-सान जगह देख अपने स्कार्पियो से उतारा और उनपर अंधाधुन फायरिंग करने लगे।

उन्होंने बताया की वो किसी तरह अपना जान बचा कर भाग निकले। जिसके बाद वो सीधे राहुल ईट भट्ठा सुकहरा पहुंचे और अपने साथ घटित घटना के बारे में वहा मौजूद काराकाट, नासरीगंज थानाध्यक्ष, सर्किल इस्पेक्टर और मीडिया कर्मियों को बताया। जिसके बाद वो सीधे काराकाट थाने आए और लिखित आवेदन दिया। उनके द्वारा 3 नामजद और अज्ञात लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई गई है। देखने की बात यह होगी कि प्रशासन के द्वारा अपराधियों को संरक्षण दिया जाता है या फिर जल्द से जल्द गिरफ्तारी कर मामले का उद्वेदन किया जाता है इस घटना को सुनकर के सैकड़ो लोगों ने पत्रकार पर हमले का निंदा किया। तथा जल्द से जल्द अपराधियों को गिरफ्तार करने की मांग की तो वहीं भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कर समिति के सदस्य प्रो. बलीराम मिश्रा ने पत्रकारों पर निरंतर हो रहे हमले के विरोध में प्रशासनिक अधिकारियों से सुरक्षा की मांग की एवं अपराधी यो को जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग किया है।

प्रो. बलीराम मिश्रा ने कहा कि पत्रकार समाज की आईना होते हैं सही बात को दर्शार्ते हैं इसलिए असामाजिक तत्व और अपराधियों का सिर दर्द हो जाते हैं। प्रो. बलीराम मिश्रा ने कहा कि जल्द से जल्द गिरफ्तारी हो ताकि पत्रकार को न्याय मिल सके अगर गिरफ्तारी में देरी होता है तो हम जनता को लेकर के आंदोलन करेंगे जिसका सारा जवाब दे ही प्रशासन पर होगी।

भोजपुर वासियों को मिली बड़ी सौगात अब आरा से खुलेगी साउथ बिहार दुर्ग एक्सप्रेस

प्रात: किरण संवाददाता

आरा। भोजपुर जिला समेत आसपास के कई जिलों के लिए आज बड़ी सौगात मिली है जहां की राजेंद्र नगर से खुलकर दुर्ग को जाने वाली साउथ बिहार एक्सप्रेस ट्रेन का विस्तार अब आरा तक हो गया है और यह ट्रेन अब आरा से खुलकर दुर्ग को प्रस्थान करेगी आज इस ट्रेन को विधिवत रूप से आरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित एक समारोह में केंद्रीय ऊर्जा मंत्री एवं आरा के स्थानीय सांसद आरके सिंह ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया वैसे तो पहले से ही आरा रेलवे स्टेशन पर कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का ठहराव एवं विस्तार मिल चुका है और अब झारखंड समेत छत्तीसगढ़ जाने के लिए लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी इस ट्रेन के आरा से विस्तार होने पर जिले वासियों ने स्थानीय सांसद आरके सिंह और रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को धन्यवाद दिया है वहीं केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इसके पहले आरा में संपूर्ण क्रांति एक्सप्रेस विक्रमशिला आरा टाटा आरा रांची समेत कई ट्रेनों का ठहराव एवं विस्तार हो चुका है और इस कड़ी में साउथ बिहार का भी नाम जुड़ गया और आने वाले दिनों में आरा स्टेशन को अब और बेहतर और सुंदर बनाया जाएगा और कई महत्वपूर्ण ट्रेनों का स्टॉपेज भी होगा।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

संक्षिप्त खबरें

ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति सीता कुंड में चिकित्सा सेवा शिविर लगाने का लिया निर्णय

मुंगेर। ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति की एक आवश्यक बैठक सोमवार को बुलाया गया। इसमें माघी पूर्णिमा के मौके पर सीता कुंड में आयोजित होने वाले चिकित्सा सेवा शिविर लगाने एवं निशुल्क सेवा के विषय पर विचार विमर्श किया गया। इस मौके पर ग्रामीण चिकित्सा सेवा समन्वय समिति ने सर्वसम्मति के साथ प्रस्ताव पारित कर निर्णय लिया कि माघी पूर्णिमा के मौके पर सीताकुंड में लगाने वाले मेला के अवसर पर आम जनों के हित के लिए चिकित्सा मेला शिविर लगाया जाए। इस पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति जताई। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष डॉ मोहम्मद इकबाल एवं जिला कोषाध्यक्ष डॉ सूर्यनारायण यादव मौजूद रहे। इस बैठक में अभिभावक स्वरुप जिला महिला उपाध्यक्ष डॉ रामदुलारी देवी, जगत जननी हॉस्पिटल के प्रमुख चिकित्सक डॉक्टर बी०के० शर्मा, डॉक्टर अरुण डॉक्टर संजीव कुमार गौतम डॉक्टर रंजन कुमार सदर प्रखंड अध्यक्ष डॉक्टर हरे राम पंडित प्रखंड सचिव डॉ महबूब डॉक्टर शंभू नाथ डॉक्टर रिंकू डॉ अजय शर्मा उपस्थित थे।

अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का हुआ भव्य शुभारंभ : क्षेत्रीय कार्यकारी निर्देशक

प्रात: किरण ब्यूरो।

भागलपुर। एनटीपीसी लिमिटेड कहलगांव द्वारा कर्मचारियों के बीच टीम भावना सुदृढ़ करने तथा स्वस्थ मानसिक व शारीरिक विकास को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एनटीपीसी कहलगांव परियोजना के प्रांगण में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को लेकर बताया जा रहा है कि 19 फरवरी से लेकर आगामी 23 फरवरी तक आयोजित होगा। कार्यक्रम में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्रीय परियोजना की कहलगांव, फरक्का, बाढ़, कांटी, बीआरबीसीएल, एनपीजीसीएल, बरौनी, पतरातु व एनटीपीसी की टीम उत्साहपूर्वक प्रतिभागियों के रूप में शामिल है। क्रिकेट मैच का कार्यक्रम स्थानीय डॉ. भीम राव अम्बेडकर स्टेडियम में अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य स्तर पर शुभारंभ क्षेत्रीय कार्यकारी निर्देशक (पूर्वी क्षेत्र-क) सुदीप नाग ने विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से श्री अजय शर्मा, परियोजना प्रमुख (कहलगांव) की मौजूदगी में किया गया। इस अवसर पर (सृष्टिसमाज) अध्यक्षा शेफाली शर्मा, महाप्रबंधक (ओ एंड एम) बी राजेंद्र कुमार, महाप्रबंधक (तकनीकी सेवाएँ) चंद्रसिस घोषदस्तीदार, महाप्रबंधक (अनुरक्षण) प्रभात रंजन बारीक, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) सौरभ शर्मा के अलावे सभी पूर्वी क्षेत्र परियोजना के परियोजना प्रमुख कार्यकर्म में वर्चुअल माध्यम से उपस्थित रहे थे। इस मौके पर महाप्रबंधक (कहलगांव) अजय शर्मा ने मुख्य रूप से अपने सम्बोधन में कहा कि इस अंतर क्षेत्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट को आयोजित कराने का श्रेय क्षेत्रीय कार्यकारी निर्देशक (पूर्वी क्षेत्र-1) के सुदीप नाग को जाता है, जिनके दिशा निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। वहीं परियोजना प्रमुख (कहलगांव) श्री शर्मा ने सभी खिलाडियों को खेल शपथ दिलाते हुए अपने संबोधन में खेल की महत्ता उजागर करते हुए इस प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होनें इस तरह के आयोजनों को और अधिक संख्या में कराने हेतु प्रेरित किया है।

टूर्नामेंट शुभारंभ के पहले दिन डॉ. भीम राव अम्बेडकर स्टेडियम मैदान प्रांगण में पहले सत्र में कहलगांव बनाम पतरातु परियोजना के बीच खेला गया। जिसमें कहलगांव की टीम ने श्री जितेंद्र नेतृत्व में निर्धारित 15 ओवर के मैच में 123 रन का स्कोर तय किया गया। वही इसके जबाव में पतरातु की टीम ने 45 रन ही बना सकी थी। वही इस प्रतियोगिता का मैन आफ द मैच कहलगांव टीम के श्री शुभम कुमार रहे थे। वही दूसरी और उतरायनी खेल मैदान में बाढ़ बनाम कांटी परियोजना के बीच खेला गया। जिसमें बाढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 15 ओवर के मैच में 112 रन का स्कोर बनाए जबकि इसके जबाव में कांटी की टीम ने मात्र 90 रन के साथ ही सिमट गई थी। इस खेल प्रतियोगिता में बिहार क्रिकेट एशोसियेशन के संजय सिंह एवं सुबित सिंह ने अम्पायर जबकि वरुण सिंह ने स्कोर काउंटिंग की तथा मृतुंजय झा ने कमेंटेटर की भुमिका निभाई थी।

चुनाव 2024 तैयारी को ले सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक : एसएसपी

प्रात : किरण संवाददाता

भागलपुर। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारी को लेकर समाहरणालय स्थित समीक्षा भवन प्रांगण में स्वतंत्र, निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में मतदान संपन्न कराने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, अपर समाहर्त्ता अजय कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी के साथ बैठक की गई। इस बैठक में ब्रिफिंग करते हुए उन्होंने संबंधित पदाधिकारी को बताया कि वे अपने-अपने मतदान केन्द्रों का प्रतिदिन भ्रमण कर वहां सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। वही उन्होंने कहा कि सबसे पहले रिपोर्टिंग करेंगे, तत्पश्चात संबंधित विभाग से इसके लिए समन्वय स्थापित कर कार्य सम्पादन करना सुनिश्चित करेंगे। उल्लेखनीय है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाताओं की सुविधि के लिए सभी मतदान केन्द्रों पर पेयजल, शौचालय, प्रकाश, छाया, रैम्प, सुलभ पहुंच पथ, व्हील चेयर इत्यादि की व्यवस्था करनी है। वही उन्हें बताया गया कि मतदान केन्द्र तक पहुंचने की मुख्य सड़क यदि क्षतिग्रस्त है या नही है तो संबंधित एजेंसी यथा-पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग या ग्राम पंचायत से समन्वय स्थापित कर उन्हें दुरुस्त करवाना सुनिश्चत करेंगे। इसी क्रम में वरीय पुलिस अधीक्षक आनन्द कुमार ने सभी सेक्टर व पुलिस पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा है कि सभी अपने अपने क्षेत्रों में सेक्टर पदाधिकारी के साथ मतदान केन्द्र क्षेत्र का निरंतर भ्रमण करेंगे, साथ ही साथ वलनरेबलीटी की मैपींग करेंगे। यानी उस क्षेत्र के मतदाताओं की यदि कोई दबंग या अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति मतदान करने में व्यवधान उपत्पन्न करता है या रोकता है तो उस व्यक्ति के संबंध में रिर्पोटिंग करेंगे। साथ ही उक्त इलाके के संबंधित थाना प्रभारी उन चिन्हित व्यक्तियों के विरूद्ध निरोधात्मक कार्रवाई करने हेतु अनुमंडल एवं जिला प्रशासन को प्रतिवेदित करेंगे। वही सेक्टर पदाधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी मतदान केन्द्र पर पीला एवं काले रंग में मतदान केन्द्र का क्रम एवं नाम के साथ साथ मतदाताओं की संख्या (क्रमांक सहित) एवं वांछित सूचनाएं ससमय अंकित हो जाय। इसके लिए संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी सह ए.ई.आर.ओ. को ससमय रिपोर्टिंग करेंगे। इस मौके पर अपर समाहर्त्ता विधि व्यवस्था, उप निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी सदर के अलावा अन्य पदाधिकारी के साथ साथ अनुमंडल पदाधिकारी नवगछिया व कहलगावं परिक्षेत्र के सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी ऑनलाईन जुड़े रहने के साथ उपस्थित थे।

सामाजिक पहल से युवक ने महिला से की कानूनी विवाह

- तीन बच्चे की मां है महिला विगत 2020 में हुई पति की मौत के बाद युवक का चल रहा था प्रेम प्रसंग

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। व्यवहार न्यायालय प्रांगण में अजीबोगरीब नजारा देखने को मिला है, जहां एक विधवा महिला के साथ 30 वर्षीय युवक ने हिंदू धर्म के रीति रिवाज के अनुसार कोर्ट मैरेज कर उसे अपना जीवन संगिनी बनाया है। वही मामले को लेकर सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार विधवा महिला विभा देवी को एक पुत्र व दो पुत्री है, इसी बीच अचानक उसके पति स्व. पहाड़ी मंडल की मौत 2020 में गंभीर बीमारी से हो गई थी। वही पति की मौत के बाद विभा देवी अपने तीन बच्चों के जीविकोपार्जन को लेकर मजदूरी करने लगी थी। जिससे उनके परिवार का भरण पोषण चल रहा था। वही पति की मौत के बाद से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। इसी बीच बिहपुर थाना क्षेत्र के अरसंडीह गांव के युवक श्रवण कुमार महतो उर्फ सरबोध महतो पिता चरित्र महतो का मुलाकात हुई थी जिसके बाद से विभा देवी व श्रवण का जुड़ाव काफी हद तक मजबूत हो गया और दोनों के बीच प्रेम प्रसंग चलने लगा था। विगत माह के पूर्व में इस बात की जानकारी जब ग्रामीणों को हुई तो उक्त मामले को लेकर ग्रामीणों व प्रबुद्धजनों ने अरसंडीह गांव में पंचायत स्तर पर बैठक कर श्रवण महतो को मसूमात विभा देवी के साथ शादी करने के साथ उनके तीनों बच्चों की परवरिश करने के प्रस्ताव पर जोड़ दिया गया था। वही ग्रामीण स्तर पर सबों की सहमति दिये के बाद नवगछिया कोर्ट में नॉटरी मजिस्ट्रेट के समक्ष दोनो ने एक दूसरे को माला पहनाने के साथ महिला की मांग में सिंदूर भरकर उसे अपनी जीवन संगनी बनाने के साथ मंगलसूत्र के अटूट रिश्तों में बंध गए। वही पति बने युवक ने महिला के तीनों बच्चों की परवरिश करने की बात मजिस्ट्रेट के समक्ष कही है। मौके पर ग्रामीण ललन साह, हीरा महतो, बद्दो महतो, मंटू राय, मुकेश कुमार, अमित कुमार महतो, नीतीश कुमार सहित अन्य ग्रामीणों की मौजूदगी में दोनो कानूनन शादी करवा कर दोनों परिणय जोड़ी को जीवन खुशहाल का आशीर्वाद दिया है। वही इस दौरान महिला व युवक दोनों पति पत्नी के मंगलसूत्र में बंधने से बेहद खुश दिख रहे थे।

उत्पाद विभाग और पुलिस की मिली भगत से जिले में प्रतिदिन सैकड़ों लीटर अवैध शराब की हो रही बिक्री

प्रात : किरण संवाददाता

- बिहार के मुख्यमंत्री का नशा मुक्त बिहार का सपना अधूरा

हवेली खड़गपुर (मुंगेर)। मुंगेर ही नहीं पूरे बिहार में नशाबंदी कानून लागू होने के बावजूद उत्पाद विभाग और पुलिस विभाग के लापरवाही और भ्रष्टाचार के कारण राज्य में प्रतिदिन सैकड़ो लीटर शराब रेल सड़क मार्ग से दूसरे राज्यों से लाकर उच्चे दामों पर देसी विदेशी शराब बेचा जा रहा है प्राप्त जानकारी के अनुसार तस्कर अन्य राज्यों के ग्रामीण क्षेत्र का उपयोग करके बिहार का बॉर्डर से आगे बीच में मुख्य मार्ग और रेल मार्ग का इस्तेमाल कर मुख्यालय तक पहुंच जाते हैं। इस धंधे में कुछ महिलाएं भी संलग्न हैं। जिले का थाना क्षेत्र अवैध शराब बिक्री से अछूता नहीं है सबसे ज्यादा जनजाति क्षेत्र में देसी शराब का उत्पादन और बिक्री हो रही है कुछ महिलाएं झोली में देसी शराब पॉलिथीन में भरकर प्रखंड मुख्यालय से लेकर जिला मुख्यालय बस अड्डा रेलवे स्टेशनों के आसपास घूमते रहती है हवेली खड़गपुर के बरुई गांव के राकेश बिंद से खड़गपुर पुलिस ने 15 लीटर देसी शराब बरामद कर जेल भेज दिया। शामपुर थाना क्षेत्र के मुसहरी से पुलिस ने एक महिला सहित दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इतना ही नहीं राज्य के अन्य जिलों में भी प्रतिदिन वाहनों की चेकिंग में शराब की बरामद की हो रही है इससे स्पष्ट होता है कि उत्पाद विभाग और पुलिस विभाग की टीम उतना सक्रिय नहीं है ताकि सक्रियता से शराबबंदी पर कार्रवाई होनी चाहिए। जिसके कारण बिहार के मुख्यमंत्री को कई बार शराब बंदी कानून को लेकर विधानसभा में भी अपमानित होना पड़ रहा है शराब बंदी कानून लागू होने के बावजूद भी बिहार में शराब का अवैध धंधा बेरोक टोक जारी है इस पर कड़ी कानूनी कार्रवाई करने की आवश्यकता है और अधिकारियों को ईमानदारी से अपना फर्ज निभाने की जरूरत है।

महिलाओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने का सुनहरा मौका :एसडीएम

प्रात : किरण संवाददाता।

भागलपुर। आगामी लोक सभा आम निर्वाचन 2024 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने को लेकर वरीय पुलिस अधीक्षक आनंद कुमार, अपर समाहर्त्ता अजय कुमार सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में सभी सेक्टर पदाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारी को ब्रिफिंग की गई। ब्रिफिंग में सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी सह एईआरओ व सेक्टर पदाधिकारियों को बताया गया कि सभी अपने अपने क्षेत्र के प्रत्येक घरों का सर्वे अपने बीएलओ के माध्यम से करवाएंगे, और वलनरेबलीटी (भेद्यता) मैपिंग करेंगे, साथ ही उनसे पूछेंगे कि उन्हें मतदान करने से कोई रोकता तो नहीं है, किसी प्रकार से कोई प्रभावित तो नहीं करता है, तथा छूटे हुए मतदाताओं की भी जानकारी लेंगे। इस दौरान खासकर छूटे हुए अर्हता प्राप्त महिलाओ के नाम मतदाता सूची में जोड़ने की कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे। इस मौके पर जिला क्षेत्र के सभी प्रखंड व अनुमंडल पदाधिकारी के अलावा निर्वाचन संबंधित सभी कर्मी मौजूद थे।

अकबर नगर पंचायत क्षेत्र में विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण आयोजित

प्रात : किरण संवाददाता

अकबरनगर/भागलपुर। भारत सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का दूसरा चरण मंगलवार (20-02-2024) भागलपुर जिले के अकबरनगर नगर पंचायत क्षेत्र में आयोजित किया गया। यात्रा के माध्यम से दो विभिन्न स्थानों पर विशेष कार्यक्रमों के माध्यम से आम जनता तक योजनाओं का लाभ पहुंचाया गया। अकबरनगर नगर पंचायत क्षेत्र के हटिया बाजार तथा शिव मंदिर चौक क्षेत्र में विशेष प्रचार रथ पहुंचा। दोनों ही कार्यक्रमों में आम जनता के लिए अकबरनगर नगर पंचायत कार्यालय द्वारा द्वारा क्षेत्र की आम जनता के लिए विभिन्न योजनाओं का कैंप लगाकर सेवाएँ प्रदान की गईं। इनमें उज्ज्वला योजना, पीएम स्वनिधि, आयुष्मान भारत, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, जनधन योजना, प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना तथा पीएम आवास योजना प्रमुख थी। इस अवसर पर वार्ड संख्या 8 के पार्षद पिंटू कुमार, तथा पार्षद गणेश साहू भी उपस्थित थे। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा आम जनता से बढ़ चढ़कर सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया गया। इसअवसर पर नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्राह्व का उद्देश्य सरकार की प्रमुख योजनाओं में परिपूर्णता का लक्ष्य हासिल करना है और इसके तहत यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इन योजनाओं का लाभ सभी लक्षित लाभार्थियों तक तरीके से आसानी से पहुंचे। नगर परिषद के प्रतिनियुक्त डे नोडल अधिकारी के रूप में उपस्थित सहायक लोक स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन पदाधिकारी ज्ञानेंद्र कुमार द्वारा आम जनता को विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर पीएम स्वनिधि योजना, उज्ज्वला योजना तथा आयुष्मान भारत योजना से नए लाभार्थियों को जोड़ा गया। इस यात्रा के दौरान पीएम स्वनिधि योजना व अन्य योजनाओं के अनेक लाभार्थियों ने अपने विचार व्यक्त किए तथा प्रधानमंत्री तथा भारत सरकार का आभार व्यक्त किया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित लोगों की मुफ्त स्वास्थ्य जांच की गयी तथा दवा तथा परामर्श प्रदान किया गया। उज्जवला योजना का भी कैंप लगाकर स्थानीय जनता को लाभ पहुंचाया गया एवं जागरूक किया गया। स्वास्थ्य जांच टीम में एएनएम सुलेखा कुमारी तथा पूनम भारती थे। यात्रा कार्यक्रम उपस्थित अधिकारियों द्वारा आम जनता से अधिक से अधिक संख्या में योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई तथा उन्हें प्रोत्साहित किया गया। स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ओर से राजीव कुमार चौरसिया तथा उमेश कुमार तथा यूको बैंक की ओर से शादाब अनवर व प्रकाश यादव ने भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही जनहितकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी।

जैविक विधि से खेती कर अधिक मुनाफा की ओर बढ़ें किसान:डीएमडी

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। इस्माईलपुर प्रखंड के छोटी परबत्ता गांव इलाके में नव भारत फर्टिलाइजर के द्वारा जैविक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ने क्षेत्र के किसानों के बीच पहुंच कर जागरूकता के उद्देश्य से किसान गोष्ठी का भव्य आयोजन किया। इस दौरान वैज्ञानिकों ने खेती उत्पादों में बेहतर वृद्धि के साथ खेती को कैसे परिणाम मिलेंगे उक्त विषय बिंदू को लेकर बताया कि किसान रासायनिक खाद का प्रयोग अंधाधुंध प्रयोग कर खेती कर रहे हैं। जिसमे खेतों की उर्वरा शक्ति बड़ी तादाद में समाप्त होती जा रही है। इस वर्तमान समय में कृषकों को अपने क्षेत्र पंचायत के सभी हिस्से में कृषक रासायनिक विधि छोड़कर जैविक विधि से खेती करें तो इस प्रयोग विधि से बहुत ही कम लागत में अधिक मुनाफा का फायदा से लाभान्वित हो सकते हैं। वही वैज्ञानिकों की टीम ने रबी की खेती पर भी जैविक विधि का प्रयोग से खेती करने की सलाह दी है। इस दौरान सभी किसानों से कहा कि रासायनिक खेतो में रासायनिक खाद का प्रयोग नही कर जैविक खाद का प्रयोग करेंगें। वही उन्होंने बताया कि जैविक खेती से मिट्टी वायु एवं हमारा शरीर भी सुरक्षित रहता है। वही इस विधि प्रयोग से खेती को उपज भी बढ़ायी जा सकती है, अतः कृषकों को जैविक खेती को अधिक से अधिक बढ़ावा देना चाहिए। इस मौके पर नव भारत फर्टिलाइजर के स्टेट डीएमडी हेड सुशांत भट्टाचार्य, बीएम राजेश रौशन, एओ कुणाल कुमार, जीएल दिलीप कुमार, कुणाल कुमार कुशवाहा, किसान पवन यादव, बिनोद मंडल, जयकिशोर मंडल, सियाराम मंडल, मुकेश कुमार, हीरालाल, शुशील रजक, बिंदेश्वरी मंडल व कुंदन मंडल सहित इलाके के सैकड़ो किसान मौजूद थे।

सीओ ने कार्यक्षेत्र में दिया योगदान

प्रात : किरण संवाददाता

नवगछिया (भागलपुर)। प्रखंड मुख्यालय नारायणपुर के अंचल कार्यालय में नए सीओ विशाल अग्रवाल ने योगदान दे दिया है। इस मौके पर नारायणपुर बीडीओ खुशबू कुमारी, आरओ भरत कुमार झा, राजस्व कर्मचारी रविशंकर कुमार, अमित कुमार, धीरज कुमार, समाजसेवी सुमित कुमार यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाजिक कार्यकताओं व कमीर्यों ने योगदान देने पर सीओ को पुष्प गुच्छ भेंट करने के साथ साथ फुलमाला व अंगवस्त्र दे उनका जोड़दार स्वागत किया गया।

माता पार्वती की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का हुआ भव्य आयोजन

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। बिहपुर प्रखंड परिक्षेत्र अंतर्गत मड़वा गांव इलाके में अवस्थित श्री श्री 108 बाबा ब्रजलेश्वरनाथ धाम मंदिर प्रांगण में माता पार्वती की प्रतिमा स्थापना के साथ प्राण प्रतिष्ठा पूजा विधि भव्य रूप से सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम को लेकर कमेटी के अध्यक्ष मनोहर चौधरी, सचिव श्याम सुंदर राय व कोषाध्यक्ष विमल शर्मा ने बताया कि मां पार्वती की प्रतिमा की प्राण-प्रतिष्ठा के साथ-साथ मंदिर परिसर में स्थापित सभी देवी-देवताओं का भी प्राण प्रतिष्ठा पूजा विधि का भव्य रुप से सम्पन्न किया गया। इस मौके पर गांव व आसपास क्षेत्र के सैकड़ो श्रद्धालु मौजूद थें। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण सहित गांव क्षेत्र का इलाका हर हर महादेव के जयघोष से गुजनजयमान रहा था। वही कार्यक्रम के पूर्व संध्या में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया था। वही इस कार्यक्रम में प्रसिद्ध भजन सम्राट मनीष कुमार मानस व रामध्वनि व शिवध्वनि के कलाकार सोनबर्षा के रविशंकर महंत उपस्थित थें। वही उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा पूजन कार्यक्रम 21 फरवरी तक अनवरत चलेगा। मौके पर गोपाल चौधरी, अमित उर्फ गुड्डू चौधरी, डब्लू राय, किशो राय, मृत्युंजय पाठक, सुधीर पासवान, पप्पू राय, चंदन चौधरी, विलास कुंवर, विनोद मिश्र, विजय राय, अंकित पाठक, संभव कुमार, अनिल मिश्र, नीरज बाबा सहित क्षेत्र के प्रबुद्धजन, जनप्रतिनिधि सहित मड़वा गांव के दर्जनों ग्रामीण के अलावा अन्य श्राद्धालुओं की मौजूदगी रही थी।

माघी पूर्णिमा के मेले में बेहतर होगा स्वास्थ्य सेवा : डॉ. इकबाल

- सीता कुंड माघी पूर्णिमा मेले में स्वास्थ्य शिविर लगाने हेतु ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वयक समिति की बैठक आयोजित
- ऐतिहासिक मेले में कई स्वास्थ्य संस्था नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर में लेंगे भाग

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत मुंगेर के ऐतिहासिक पवित्र स्थल मां सीता कुंड में माघी पूर्णिमा के शुभ अवसर पर भव्य मेले का आयोजन किया जाता है। वहीं मेले में आए हुए श्रद्धालुओं के बेहतर स्वास्थ्य सेवा के हेतु ग्रामीण चिकित्सक सेवा समन्वयक समिति एक बैठक आहूत की बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ इकबाल ने किया। वही वही बैठक में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का को लेकर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। वही श्री इकबाल ने बताएं कि इस ऐतिहासिक मेले में कई जिले से श्रद्धालु आते हैं। इसी को ध्यान में देते हुए हम लोग निशुल्क स्वास्थ्य व्यवस्था का आयोजन करेंगे। तथा उन्होंने यह भी बताएं कि मुंगेर इमरजेंसी हॉस्पिटल के द्वारा तथा जगत जननी हॉस्पिटल द्वारा चार बार कर मेले में निशुल्क स्वास्थ्य व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे। वहीं बैठक में उपस्थित जगत जननी हॉस्पिटल के डायरेक्टर रिचा शर्मा, बीके शर्मा, तथा इमरजेंसी हॉस्पिटल के प्रतिनिधि के साथ ग्रामीण चिकित्सक सेवा समिति के कोषाध्यक्ष डॉ सूर्य नारायण यादव, डॉ रामदुलारी देवी, डॉ अजय शर्मा,डॉ रंजन यादव डॉ संजीव गौतम, डॉ महबूब सहित दर्जनों ग्रामीण चिकित्सक उपस्थित रहे।

भिक्षावृत्ति पर रोक लगाने को लेकर सामाजिक कोषांग के पदाधिकारी ने किया समीक्षा

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग एडी एस एस भुवन कुमार के नेतृत्व में संचालित सेवा कुटीर मुंगेर जो कि मुंगेर मे किसी भी क्षेत्र में भिक्षावृत्ति का काम नही होना चाहिए। सेवा कुटीर भिक्षुक कार्य 02 साल से चल रहा है। सेवा कुटीर कासिम बाजार में चल रहा है जिसका फील्ड कोर्डिनेटर सुमित कुमार एव राकेश कुमार के द्वारा लाभुक को रेस्क्यू कर के सेवा कुटीर लाया जाता है। सेवा कुटीर में सरकारी योजना से जोड़ा जाता है। लाभार्थी को खाना पीना वस्त्र दवाई व्यवस्था सेवा कुटीर में कार्यरत कर्मियों के द्वारा नियमित रूप से विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण कर भिक्षुकों को चिन्हित करने का प्रयास किया जाता है। सुमित कुमार एव राकेश कुमार के द्वारा लाभुक लाया जाता है। निर्धारित पात्रता के अनुरूप संतुष्ट होने पर पुनर्वासित भी किया जाता है। किसी भी आमलोग एवं थाना द्वारा भिक्षावृत्ति करते हुए लाभुक बुरी स्थिति में मिल जाए तो फील्ड कोर्डिनेटर के द्वारा संपर्क करें सुमित कुमार फील्ड कोर्डिनेटर के नंबर 7645873080 राकेश कुमार मो० 8271225590 संपर्क कर के बुला सकते हैं। डफ्ह जिला सामाजिक सुरक्षा दीपक सर के द्वारा भी फील्ड में मदद मिलता रहता है।

बिशाल कलश शोभायात्रा हुआ भव्य आयोजन

श्री श्री 108 श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा तीन दिवसीय समारोह हुआ शुरू

प्रात : किरण संवाददाता।

नवगछिया (भागलपुर)। परमहंस स्वामी आगमानंदजी के सानिध्य में तीन दिवसीय श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह भव्य रूप में शुरू हुआ। आयोजन को लेकर पंचमुखी बालाजी धाम नवादा नवगछिया के मंदिर प्रांगण में श्री श्री 108 श्री राम जानकी प्राण प्रतिष्ठा समारोह का भव्य शुभारंभ भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। इस मौके पर आयोजक समिति सदस्यों द्वारा भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई। इस कलश शोभायात्रा में सभी रामभक्त जय श्री राम का उद्घोष के साथ ढोल नगाड़ों व गाजेबाजे के बीच झूमते नाचते गाते हुए दिखाई दे रहे थे। वही कलश शोभायात्रा में मुख्य आकर्षण का केंद्र राम, सीता, हनुमान के साथ रथ पर सवार हो चलते दिख रहे थे। इस कलश शोभायात्रा में 11 सौ से अधिक बच्चियों, युवतीयों महिलाओं व कु. कन्याओं ने कलश को सिर पर लेकर पंचमुखी बालाजी धाम से निकल कर श्री गोपाल गौशाला प्रांगण से गंगाजल भरी कर नवगछिया नगर परिभ्रमण करते हुए पुनः पंचमुखी बालाजी धाम पंचमुखी मंदिर प्रांगण पहुंची। जहां कलश शोभायात्रा के क्रम में मारवाड़ी युवा मंच जागृति शाखा नवगछिया एवं विभिन्न संस्थाओं द्वारा फूलों की वर्षा की साथ ही शुद्ध पेय जल व शरबत आदि की व्यवस्था की गई थी। वही कलश शोभायात्रा पंचमुखी बालाजी धाम मंदिर प्रांगण में पहुंचने के बाद राम भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। उसके बाद पंचांग पूजन, मंडप प्रवेश व बेदी पूजन का कार्यक्रम किया गया। वही क्रार्यक्रम को लेकर निर्धारित समयानुसार 21 फरवरी को बेदी पूजन एवं समस्त अधिवास का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। इसी क्रम के तहत आगामी 22 फरवरी को हवन कार्यक्रम के साथ साथ नगर परिभ्रमण एवं प्राण प्रतिष्ठा समारोह सम्पन्न होगा। उद्घाटनकर्त्ता भागलपुर सांसद अजय कुमार मंडल, मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद सह राजद नेता शैलेश कुमार उर्फ बूलो मंडल, नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि प्रेम सागर उर्फ डब्लु यादव, विनोद मंडल, नगर उपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद यादव, राजद नेता शैलेश कुमार, पप्पू यादव आदि उपस्थित थे। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में शंकर बाबा, अजित बाबा, श्रीधर महाराज, कौशल बाबा, विक्रम भुडोलिया, अशोक केडिया, सुमित भगत, कुंदन बाबा, संतोष गुप्ता, अरुण मावन्डिया, मौसम शर्मा, काशी गुप्ता, सन्तोष साह, शंकर बिमल मावन्डिया, रबि साह, मणिकांत मंडल, सुनील जोशी, श्रीकांत मंडल, विमल मावडिया, सुरेंद्र शर्मा सहित नवादा ग्रामीणों के अलावा नवगछिया के समाजसेवी कार्यकर्ता व अन्य भक्तगण लगे हुए

आग से बचाव हेतु विद्यालय के बच्चों को दी गई जानकारी

प्रात : किरण संवाददाता

सदर मुंगेर। सदर प्रखंड अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शंकरपुर पंचायत के मध्य विद्यालय आदर्श टोला तथा वार्ड नंबर 6 के शिशु मंदिर विद्यालय में अग्नि विभाग के टीम द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से आग से बचाव की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। वही जानकारी दे रहे अग्नि विभाग के मुकेश कुमार शर्मा, विपुल कुमार, निधि कुमारी, मधु कुमारी, दिनेश राम, द्वारा बताया गया कि विभागीय निदेर्शानुसार हम लोग क्षेत्र में जाकर आग पर काबू पाने हेतु जानकारी देते। ताकि लोग आग लगने पर बचाव कर सके तथा लोगों को इसकी जानकारी दे इसी क्रम में आज प्राथमिक विद्यालय शंकरपुर तथा शिशु मंदिर शंकरपुर में हम विद्यालय के बच्चों के बीच आज से बचाव की जानकारी दिए वही कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक संगीता कुमारी तथा इंदुला कुमारी उपस्थिति रही।

50 लीटर महुआ शराब के साथ मोटर साइकिल सहित युवक गिरफ्तार

प्रात : किरण, संवाददाता

संग्रामपुर (मुंगेर)। संग्रामपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गोविंदपुर नहर के समीप गुप्त सूचना के आधार पर मोटरसाइकिल चालक को 50 लीटर देसी महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया थानाध्यक्ष सुरेंद्र कुमार मिश्रा द्वारा बताया गया कि एक प्लास्टिक की बोरा में 66 पॉलिथीन प्रति प्लॉथिंग 750 एमएल का था।जो कुल 50 लीटर है गिरफ्तार युवक बेलहर थाना क्षेत्र के बरना गांव का प्रमोद कुमार पिता घोघो यादव है।गिरफ्तार युवक पर मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिक की दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

अनुष अगरवल्ला ने घुड़सवारी में पेरिस ओलंपिक कोटा हासिल किया

● एशियन गेम्स में जीत चुके हैं घुड़सवारी की ड्रेसाज इवेंट में ब्रॉन्ज मेडल

नईदिल्ली (एजेंसी)। एशियन गेम्स के मेडलिस्ट अनुष अगरवल्ला ने घुड़सवारी की ड्रेसाज इवेंट में देश के लिए पेरिस ओलिंपिक कोटा हासिल कर लिया है। भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने सोमवार को इसकी घोषणा की। अनुष ने पिछले साल चीन के हांगझोउ में हुए एशियन गेम्स में ड्रेसाज में ब्रॉन्ज मेडल जीता था।

आईईएफ महासचिव कर्नल जयवीर सिंह ने बधाई दी – भारतीय घुड़सवारी संघ के महासचिव कर्नल जयवीर ने अनुष के कोटा हासिल की जानकारी देते हुए कहा कि ड्रेसाज के इंडिविजुअल इवेंट में कोटा की जानकारी इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स (एफईआई) से मिली है। यह गर्व की बात है कि अनुष को यह कोटा एफईआई के आयोजित इवेंट में लगातार बेहतर प्रदर्शन के आधार पर मिला है। अनुष को इसके लिए बधाई।

अनुष को चार इवेंट में प्रदर्शन के आधार पर मिला कोटा – अनुष को इस साल पेरिस में होने वाले ओलिंपिक गेम्स के लिए कोटा चार इवेंट के आधार पर मिला है। उन्हें इंटरनेशनल फेडरेशन फॉर इक्वेस्ट्रियन स्पोर्ट्स के पोलैंड, नीदरलैंड्स, जर्मनी और बेल्जियम में आयोजित प्रतियोगिता में उनके प्रदर्शन के आधार पर मिला है।

अनुष बोले- बचपन का सपना था, ओलिंपिक का हिस्सा बनना – ओलिंपिक कोटा हासिल करने के बाद 24 साल के अनुष ने कहा कि बचपन से मेरा सपना था कि मैं ओलिंपिक गेम्स का हिस्सा बनूं। कोटा मिलने से मेरा सपना पूरा होगा।

अनुष से पहले भी 7 घुड़सवार ओलिंपिक में कर चुके हैं देश का प्रतिनिधित्व – अनुष से पहले 7 घुड़सवार ओलिंपिक में देश का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इससे पहले फवाद मिर्जा ने टोक्यो 2020 ओलंपिक में घुड़सवारी में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। वहीं इम्तियाज अनीस (सिडनी 2000), इंद्रजीत लांबा (अटलांटा 1996), जितेंद्रजीत सिंह अहलूवालिया, हुसैन सिंह, मोहम्मद खान और दरिया सिंह (सभी मॉस्को 1980) ने भारत का प्रतिनिधित्व किया था।

नासिर हुसैन ने बेन डकेट के बयान की आलोचना की, बोले

यशस्वी जायसवाल ने आपसे कुछ नहीं सीखा, इंग्लैंड को उनसे सीखना चाहिए

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने बेन डकेट के बयान की आलोचना की है। इंग्लिश टीम के ओपनर डकेट ने यशस्वी की पारी पर कहा था कि इंग्लैंड के बैजबॉल को देखकर ही भारतीय खिलाड़ी भी तेज खेल रहे हैं।

इस पर नासिर हुसैन ने स्काई स्पोर्ट्स के पॉडकास्ट शो में कहा, यशस्वी जायसवाल ने तुमसे कुछ नहीं सीखा है, उसने अपने जीवन की कठिनाइयों से सीखा है। उसने इंडियन प्रीमियर लीग से सीखा है। इंग्लैंड की टीम को उनसे (यशस्वी जायसवाल) से सीखना चाहिए।

यशस्वी के तेज खेलने का क्रेडिट हमें जाना चाहिए- डकेट – यशस्वी तीसरे मैच के तीसरे दिन दूसरी पारी में बैक इंजरी की वजह से अपने 104 रन के स्कोर पर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे। हालांकि, यशस्वी दूसरी पारी के चौथे दिन फिर बैटिंग करने उतरे और नाबाद 214 की पारी खेली। तीसरे दिन का खेल खत्म होने के बाद डकेट ने कहा, उन्होंने (यशस्वी) जिस अंदाज में बल्लेबाजी की उसका श्रेय इंग्लैंड की टीम को जाना चाहिए। क्योंकि इंग्लैंड की (बैजबॉल) बल्लेबाजी को देखकर ही उन्होंने तेजी से रन बनाने का सोचा, जिसमें वो सफल रहे हैं। उन्होंने आगे कहा, जब आप विपक्षी टीम के खिलाड़ियों को इस तरह से बैटिंग करते देखते हैं, तो ऐसा लगता है कि हमें कुछ क्रेडिट लेना चाहिए। वे टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके से अलग खेल रहे हैं।

इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी – टीम इंडिया ने रविवार को राजकोट टेस्ट रिकॉर्ड 434 रन से जीत लिया। मैच के चौथे दिन 557 रन के टारगेट के सामने इंग्लैंड टीम चौथी पारी में 122 रन ही बना सकी। रन के अंतर से टीम इंडिया की यह सबसे बड़ी जीत रही। इससे पहले टीम ने 2021 में मुंबई के वानखेड़े मैदान पर न्यूजीलैंड को 372 रन से हराया था। निरंजन शाह स्टेडियम में पहली पारी में भारत ने 445 और इंग्लैंड ने 319 रन बनाए थे। भारत ने दूसरी पारी 430/4 पर डिक्लेयर की थी। भारत पांच मैचों की पारी में 2-1 से आगे है।

क्या होता है बैजबॉल- क्रिकेट बुक में कोई ऑफिशियल बैजबॉल थ्योरी नहीं है, लेकिन इसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए अटैकिंग अप्रोच को दर्शाने के लिए नाम दे दिया गया। बैजबॉल 2 शब्दों से मिलकर बना है, इसमें बैज और बॉल शामिल हैं। बैज इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का निकनेम है और बॉल क्रिकेट का एक एलिमेंट, जिसके बिना खेल पॉसिबल ही नहीं है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर बैजबॉल बनाया गया। मैक्कुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं और वे अपने करियर के दौरान बहुत अटैकिंग बैटिंग करते थे। ओपनिंग करते हुए वे पहली से आखिरी बॉल तक बड़े शॉट्स लगाने पर ही फोकस करते थे। उन्हीं की स्ट्रैटजी को अब बेन स्टोक्स की कप्तानी वाली इंग्लैंड टेस्ट टीम ने अपना लिया।

वानिंदु हसरंगा के टी-20 में 100 विकेट पूरे

मलिंगा का रिकॉर्ड तोड़ा, एलीट लिस्ट में हुए शामिल

दांबुला (एजेंसी)। श्रीलंकाई स्पिन सनसनी वानिंदु हसरंगा 100 टी20आई विकेट लेने वाले दूसरे श्रीलंकाई बन गए हैं। हसरंगा ने टी20आई में 100 विकेट की बाधा को पार किया, इस मील के पत्थर तक पहुंचने वाले कुल ग्यारहवें खिलाड़ी और लसिथ मलिंगा के बाद दूसरे श्रीलंकाई गेंदबाज बने। इसी के साथ ही उन्होंने टी20 आई में मलिंगा के सबसे तेज 100 विकेट लेने के रिकॉर्ड को तोड़ दिया है। लेग स्पिनर वर्तमान में टी20आई टीम के कप्तान हैं, ने दांबुला में अफगानिस्तान के खिलाफ दूसरे टी20आई के दौरान यह उपलब्धि हासिल की। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि हसरंगा ने 2019 में अपने पदार्पण के बाद से पुरुषों के टी20आई में किसी भी अन्य गेंदबाज की तुलना में अधिक विकेट लिए हैं। मलिंगा 100 से अधिक टी20आई विकेट लेने वाले एकमात्र अन्य श्रीलंकाई गेंदबाज हैं। जहां मलिंगा ने अपने 76वें टी20आई में यह उपलब्धि हासिल की, वहीं हसरंगा ने अपने 63वें टी20आई में ऐसा किया। इससे वह राशिद खान के बाद दूसरे सबसे तेज 100 टी20आई विकेट लेने वाले खिलाड़ी बन गए हैं जिन्होंने 2021 में 53 मैचों में यह उपलब्धि हासिल की थी। हसरंगा ने सोमवार को दांबुला में अपने चार ओवरों में 2/19 के आंकड़े के साथ समापन किया। अब उनके 63 टी20आई में 15.36 की औसत और 6.78 की इकॉनमी रेट से 101 विकेट हैं। श्रीलंका ने दूसरे टी20 मैच में अफगानिस्तान को हराकर तीन मैचों की सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है।

'ये आजकल के बच्चे'

रोहित ने अलग अंदाज में यशस्वी, सरफराज और जुरेल की तारीफ की

राजकोट (एजेंसी)। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने यशस्वी जायसवाल, सरफराज खान और ध्रुव जुरेल की अलग अंदाज में तारीफ की है। रोहित ने सोमवार, 19 फरवरी को तीनों युवा सितारों की फोटो इंस्टाग्राम स्टोरी में लगाई। फोटो पर ये आजकल के बच्चे कैप्शन लिखा है। भारत ने पांच मैचों की टेस्ट सीरीज के तीसरे मुकाबले में इंग्लैंड को रिकॉर्ड 434 रन से हरा दिया। भारत की इस जीत में यशस्वी, सरफराज और जुरेल का काफी योगदान रहा। वहीं सरफराज और जुरेल का यह इंटरनेशनल डेब्यू मैच था।

यशस्वी जायसवाल ने 214 रन की नाबाद पारी खेली, 12 सिक्स लगाए – यशस्वी जायसवाल ने तीसरे टेस्ट के दूसरी पारी में नाबाद 214 रन की पारी खेली। इस इनिंग्स में उन्होंने 12 सिक्स लगाए, जो किसी भी भारतीय द्वारा एक इनिंग में सबसे ज्यादा हैं। यशस्वी का इस सीरीज में यह दूसरा दोहरा शतक था। उन्होंने सीरीज के पहले मैच में भी डबल सेंचुरी लगाई थी। यशस्वी ने अब तक केवल 7 ही टेस्ट खेले हैं। पिछले साल ही उन्होंने टेस्ट डेब्यू किया था।

सरफराज ने डेब्यू मैच में दोनों इनिंग्स में अर्धशतक जमाए – 26 साल के राइट हैंड बैटर सरफराज खान का यह पहला इंटरनेशनल मैच था। सरफराज ने डेब्यू मैच की दोनों इंनिंग्स में अर्धशतक जमाए। पहली इनिंग्स में उन्होंने 66 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा के साथ कन्फ्यूजन के चलते सरफराज रनआउट हो गए। 82वें ओवर की पांचवीं बॉल पर मिड ऑन की ओर शॉट खेलने के बाद जडेजा रन लेने के लिए आगे आए, सरफराज भी दूसरे छोर से दौड़ पड़े। जडेजा ने सरफराज को रन लेने के लिए मना किया, लेकिन जैसे ही सरफराज क्रीज की ओर वापस आ रहे थे, मार्क वुड ने डायरेक्ट थ्रो कर उन्हें रनआउट कर दिया।

दूसरी पारी में सरफराज 68 रन बनाकर नाबाद लौटे- सरफराज खान डेब्यू मैच की दोनों इनिंग्स में अर्धशतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। सरफराज से पहले, 1934 में इंग्लैंड के खिलाफ दिलवार हुसैन, 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सुनील गावस्कर ने और श्रेयस अय्यर ने 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू पर दो बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया था।

जुरेल ने 46 रन की पारी खेली – 23 साल के विकेटकीपर बैटर ध्रुव जुरेल ने राजकोट में टेस्ट डेब्यू किया। जुरेल टेस्ट में डेब्यू करने वाले 312वें खिलाड़ी रहे। जुरेल ने भी इस मुकाबले में 46 रन की पारी खेली। उन्होंने विकेटकीपिंग में अहम योगदान दिया। पहली पारी में रवींद्र जडेजा की बॉल पर टॉम हार्टले को स्टंप आउट किया। दूसरी पारी में भी जडेजा की ही बॉल पर बेन फॉक्स को स्टंप आउट किया। वहीं बेन डकेट को मोहम्मद सिराज के थ्रो पर रन आउट कराया।

विमेंस प्रीमियर लीग के ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे सिद्धार्थ-कार्तिक

23 फरवरी को शुरू होगा लीग, सीजन-1 की फाइनलिस्ट मुंबई-दिल्ली कैपिटल्स के बीच पहला मुकाबला

मुंबई (एजेंसी)। बॉलीवुड एक्टर सिद्धार्थ मल्होत्रा और कार्तिक आर्यन विमेंस प्रीमियर लीग 2024 के ओपनिंग सेरेमनी में परफॉर्म करेंगे। डब्ल्यूपीएल ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। सेरेमनी 23 फरवरी को बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले शाम 6-30 बजे होगी। डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन के सभी 22 मैच बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम और दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में होंगे। दोनों ही शहरों में 11-11 मैच खेले जाएंगे।

पहले सीजन में कियारा, कृति और एपी ढिल्लों परफॉर्म किए थे – पहले सीजन यानी 2023 डब्ल्यूपीएल में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी, कृति सेनन और हिप-हॉप सिंगर एपी ढिल्लों परफॉर्म किए थे।

शाम 7.30 बजे से शुरू होंगे सभी मुकाबले – डब्ल्यूपीएल के सीजन-2 में 23 फरवरी से 4 मार्च तक शुरुआती 11 मुकाबले बेंगलुरु में होंगे। इसके बाद 5 से 17 मार्च तक बाकी 11 मुकाबले दिल्ली में खेले जाएंगे। एक दिन में एक ही मैच होगा और सभी मुकाबले शाम 7-30 बजे से शुरू होंगे। 13 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स और गुजरात जायंट्स के बीच दिल्ली में आखिरी लीग मैच होगा। 14 और 16 मार्च को एक-एक दिन का ब्रेक रहेगा। जबकि 15 मार्च को एलिमिनेटर और 17 मार्च को फाइनल खेला जाएगा।

● **टॉप पर रहने वाली टीम सीधे फाइनल खेलेगी** – डब्ल्यूपीएल के दूसरे सीजन में भी 5 टीमें हिस्सा ले रही हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 लीग मैच खेलेंगी। लीग स्टेज खत्म होने के बाद पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर रहने वाली टीम फाइनल में पहुंचेगी। वहीं दूसरे और तीसरे नंबर पर रहने वाली टीम के बीच दिल्ली में एलिमिनेटर खेला जाएगा। इसे जीतने वाली टीम 17 मार्च को पहले नंबर पर रहने वाली टीम के खिलाफ फाइनल खेलेगी।

● **मुंबई ने दिल्ली को हराकर जीता था सीजन-1 का खिताब** – विमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन 2023 में 4 से 26 मार्च के बीच खेला गया। मुंबई इंडियंस ने फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स को हराकर खिताब जीता था। मुंबई की कप्तानी हरमनप्रीत कौर और दिल्ली की मेग लेनिंग ने की थी। पहले सीजन में 5 टीमों ने हिस्सा लिया था, दूसरे सीजन में भी 5 ही टीमें हिस्सा लेंगी।

महिलाओं के लिए भारत में रहना मुश्किल

भारतीय महिला हॉकी कोच शोपमैन ने कहा - महिला कोच और प्लेयर्स के साथ भेदभाव होता है

नईदिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिला हॉकी टीम की पहली महिला कोच जेनेक शोपमैन ने खुलासा किया कि उन्हें अपने कार्यकाल के दौरान कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

भारतीय महिला टीम के कोच के रूप में अपने अनुभवों के बारे में इंडियन एक्सप्रेस से शोपमैन बात करते हुए, पिछले दो सालों में मुझे बहुत अकेलापन महसूस हुआ। भारत महिलाओं के लिए बहुत मुश्किल देश है। मैं उस संस्कृति से आती हूं जहां महिलाओं का सम्मान किया जाता है और उन्हें महत्व दिया जाता है। मुझे यहां ऐसा महसूस नहीं होता।

रविवार को एफआईएच प्रो लीग में अमेरिका के खिलाफ मैच के बाद, शोपमैन ने भारत में खेल में जेंडर से जुड़ी असमानता पर बात की। उन्होंने एक महिला के रूप में अपनी भूमिका में आने वाली दिन-प्रतिदिन की मुश्किलों पर अपनी निराशा व्यक्त की।

विमेंस और मेंस टीम के साथ अलग व्यवहार होता है- शोपमैन – शोपमैन ने कहा कि,?मैं इस अंतर को देखती हूं कि मेरे और मेंस कोच के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। यहां तक की मेंस टीम और विमेंस टीम को भी अलग ट्रीटमेंट मिलता है। विमेंस प्लेयर्स कभी शिकायत नहीं करती, वे बहुत मेहनत करती है। शोपमैन नीदरलैंड की खिलाड़ी रह चुकी है। उन्होंने टीम के साथ ओलिंपिक 2004 में सिल्वर और 2008 में गोल्ड जीता था।

2020 में भारतीय टीम में शामिल हुई शोपमैन – जेनेक शोपमैन 2020 में भारतीय टीम मे बतौर एनालिटिकल कोच शामिल हुई थी। टोक्यो ओलिंपिक्स के बाद वे टीम की हेड कोच बन गई। शॉपमैन की कोचिंग में भारतीय महिला हॉकी टीम के प्रदर्शन में उल्लेखनीय सुधार देखने को मिला। हेड कोच बनने के बाद, शोपमैन ने कॉमनवेल्थ गेम्स 2022 में टीम को ब्रॉन्ज जिताया। वहीं, एशियन गेम्स 2022 में ब्रॉन्ज, एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी में गोल्ड और मस्कट में 2022 एशिया कप में एक और ब्रॉन्ज दिलाया।

आईपीएल 2024 की तारीख आई सामने

अध्यक्ष अरुण धूमल ने बताया 22 मार्च शुरू होगा टूर्नामेंट

नई दिल्ली (एजेंसी)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का आगामी चरण 22 मार्च से शुरू होगा और लोकसभा चुनावों के बावजूद इसका आयोजन पूरी तरह से देश में ही होगा। आईपीएल के अध्यक्ष अरुण धूमल ने यह जानकारी दी। आम चुनाव के अप्रैल और मई में होने की संभावना है और यही कारण है कि आईपीएल के 17वें सत्र का कार्यक्रम अभी तक जारी नहीं किया गया है। धूमल ने कहा कि शुरुआत में इस लीग के केवल पहले 15 दिनों के कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। बाकी मैचों के कार्यक्रम की घोषणा आम चुनाव की तारीखों की घोषणा के बाद होगी। लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा अगले महीने की शुरुआत में होने की संभावना है। धूमल ने कहा, 'हम टूर्नामेंट को 22 मार्च से शुरू करने की योजना बना रहे हैं। हम

सरकारी एजेंसियों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। हम सबसे पहले शुरुआती कार्यक्रम जारी करेंगे। पूरा टूर्नामेंट भारत में आयोजित किया जाएगा। इससे पहले 2009 में आम चुनावों के दौरान आईपीएल के पूरे सत्र का आयोजन दक्षिण अफ्रीका में हुआ था जबकि 2014 में इसके कुछ मैचों का आयोजन यूएई में हुआ था। इसके बाद 2019 के आम चुनावों के दौरान इस लीग का आयोजन पूरी तरह से देश में ही हुआ था। जून में होने वाले टी20 विश्व कप के मद्देनजर आईपीएल के फाइनल का आयोजन 26 मई को हो सकता है। भारतीय टीम टी20 विश्व कप में पांच जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी। इस टूर्नामेंट का आगाज एक जून को अमेरिका और कनाडा के मैच के साथ होगा। आमतौर पर आईपीएल का उद्घाटन मैच पिछले साल के विजेता और उपविजेता के बीच होता है। ऐसे में इसका शुरुआती मुकाबला चेन्नई सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच खेले जाने की संभावना है।

आज नीदरलैंड के खिलाफ बढ़े जोश के साथ उतरेगी भारतीय टीम

राउरकेला (एजेंसी)। एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 के भुवनेश्वर चरण में शानदार प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम बुधवार को यहां नीदरलैंड के खिलाफ बढ़े मनोबल के साथ जीत के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारत ने भुवनेश्वर में स्पेन पर 4-1 की शानदार जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की, इसके बाद दुनिया की शीर्ष रैंकिंग वाली टीम नीदरलैंड के खिलाफ शूटआउट में 2-2 (4-2) की रोमांचक जीत हासिल की। इसके बाद, भारत को ऑस्ट्रेलिया से 4-6 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन उसने आयरलैंड पर 1-0 की जीत के साथ वापसी की और भुवनेश्वर चरण का समापन शानदार तरीके से किया। राउरकेला चरण में आगे बढ़ते हुए भारत ने एक करीबी मुकाबले में स्पेन के खिलाफ 2-2 (8-7) शूटआउट जीत हासिल करके लय को बरकरार रखा है। बिरसा मुंडा हॉकी स्टेडियम में प्रो लीग के रिवर्स लेग में भारत अपने अगले मैच में नीदरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने पिछले दो मुकाबलों में नीदरलैंड के खिलाफ विजयी रही है।

आनंद महिंद्रा ने सरफराज के पिता को थार ऑफर की

कहा - हिम्मत नहीं छोड़ना, सरफराज ने राजकोट में किया टेस्ट डेब्यू

मुंबई (एजेंसी)। राजकोट में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू करने के साथ ही सरफराज खान का लंबा इंतजार खत्म हो गया। भारतीय टीम के लिए सरफराज ने पहला इंटरनेशनल मैच उनके पिता नौशाद के सामने आया, जो क्रिकेटर की सबसे बड़ी प्रेरणा बने हुए हैं। इसी बीच महिंद्रा ग्रुप के चेयरमेन आनंद महिंद्रा ने सरफराज के पिता को थार जीप ऑफर की है। आनंद महिंद्रा ने शुक्रवार को सरफराज पर बीसीसीआई के एक वीडियों पर रिएक्ट करते हुए एक्स पर लिखा - हिम्मत नहीं छोड़ना, बस। कड़ी मेहनत, साहस और धैर्य, एक पिता के लिए एक बच्चे में प्रेरणा देने के लिए इससे बेहतर गुण और क्या हो सकते हैं? एक प्रेरणादायक माता-पिता होने के नाते, यह मेरा सौभाग्य और सम्मान होगा अगर नौशाद खान थार का गिफ्ट स्वीकार करें।

सरफराज ने डेब्यू मैच में दोनों इनिंग्स में अर्धशतक जमाए – सरफराज खान ने डेब्यू मैच की दोनों इंनिंग्स में अर्धशतक जमाए। पहली इनिंग्स में उन्होंने 66 बॉल पर 62 रन की पारी खेली। रवींद्र जडेजा के साथ कन्फ्यूजन के चलते सरफराज रनआउट हो गए। 82वें ओवर की पांचवीं बॉल पर मिड ऑन की ओर शॉट खेलने के बाद जडेजा रन लेने के लिए आगे आए, सरफराज भी दूसरे छोर से दौड़ पड़े। जडेजा ने सरफराज को रन लेने के लिए मना किया, लेकिन जैसे ही सरफराज क्रीज की ओर वापस आ रहे थे, मार्क वुड ने डायरेक्ट थ्रो कर उन्हें रनआउट कर दिया। दूसरी पारी में सरफराज 68 रन बनाकर नाबाद लौटे।

डेब्यू में दोनों पारियों में अर्धशतक जमाने वाले चौथे भारतीय बने सरफराज – सरफराज खान डेब्यू मैच की दोनों इनिंग्स में अर्धशतक लगाने वाले चौथे भारतीय बल्लेबाज बने। सरफराज से पहले, 1934 में इंग्लैंड के खिलाफ दिलवार हुसैन, 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ सुनील गावस्कर ने और श्रेयस अय्यर ने 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ डेब्यू पर दो बार 50 से ज्यादा का स्कोर बनाया था।

महिंद्रा अक्सर खिलाड़ियों को देते है थार, गिल-शार्दूल को दे चुके – आनंद महिंद्रा भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले कई एथलीट को थार गिफ्ट कर चुके हैं। इसमें शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, नवदीम सैनी, शार्दूल ठाकुर, वॉशिंगटन सुंदर और टी नटराजन शामिल है।थार की बात करें तो सेकंड जनरेशन महिंद्रा थार भारतीय बाजार में एक लोकप्रिय एसयूवी बन चुकी है। नई थार ने अपने लुक-स्टाइल और फीचर्स लिस्ट की बदौलत लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। लॉन्च होने के बाद इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। थार की बात करें तो सेकंड जनरेशन महिंद्रा थार भारतीय बाजार में एक लोकप्रिय एसयूवी बन चुकी है। नई थार ने अपने लुक-स्टाइल और फीचर्स लिस्ट की बदौलत लोगों का ध्यान आकर्षित करती हैं। लॉन्च होने के बाद इसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था।

संक्षिप्त समाचार

अजमेर के सेंट्रल जेल में दो कैदियों का खून खेल, एक कैदी की मौत

अजमेर , एजेंसी। राजस्थान के अजमेर जिले की हाईटेक सेंट्रल जेल में विचाराधीन कैदी ने साथी के साथ जेल प्रहरी पर नुकीले सरिए से जानलेवा हमला कर दिया। घायल प्रहरी को अस्पताल में भर्ती करवाने के 4 घंटे बाद हमले के आरोपी संक्रामक रोगी श्रवण सोनी की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोपहर में सेंट्रल जेल के वार्ड 9 की कोठरी में आजीवन कारावास की सजा काट रहे कैदी जयपुर निवासी श्रवण सोनी व विचाराधीन बंदी उदयपुर निवासी फरद्दीन उर्फ गांजा ने हैडकांस्टेबल राजेश विश्नोई को टीवी ठीक करने बुलाया। पुलिस के अनुसार वार्ड में पहुंचे राजेश को फरद्दीन ने पीछे से दबोच लिया। इसी बीच श्रवण ने नुकीले सरिए से ताबड़तोड़ हमला कर लहूलुहान कर दिया। राजेश के वायरलेस सेट अलार्म बजाते ही जेल के बाकी प्रहरी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने राजेश को जेएलएन अस्पताल पहुंचाया। जेल प्रशासन की रिपोर्ट पर सिविल लाइन थाना पुलिस ने कैदी श्रवण सोनी और फरद्दीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। शाम 6 बजे कैदी श्रवण को जेल प्रहरी जेएलएन अस्पताल की आपातकालीन इकाई में लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने सीपीआर दिया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। एएसपी (शहर) महमूद खान सहित अन्य पुलिस अधिकारी पहुंचे। शव निरीक्षण करने के बाद मोर्चरी में रखवाया।

प्रधानमंत्री मोदी से मिले पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर

चंडीगढ़, एजेंसी। पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर किसानों से जुड़े मुद्दों सहित पंजाब से जुड़े कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर बातचीत की है। बताया जा रहा है कि अमरिंदर सिंह ने किसानों के आंदोलन से जुड़े मुद्दों और तथ्यों से प्रधानमंत्री मोदी को अवगत कराया। वहीं दोनों नेताओं के बीच आने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारियों और पंजाब से जुड़े कई अहम मसलों पर भी चर्चा हुई। पंजाब के पूर्व सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ मुलाकात की तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर बताया, किसानों से जुड़े मुद्दों सहित पंजाब से जुड़े मुद्दों पर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के साथ विस्तृत बैठक हुई।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुल्तानपुर कोर्ट से मिली जमानत

सुल्तानपुर, एजेंसी। भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक टिप्पणी से जुड़े मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर कोर्ट से जमानत मिल गई है। दरअसल, यह मामला राहुल गांधी द्वारा वर्ष 2018 में कांग्रेस के अधिवेशन में तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के खिलाफ टिप्पणी करने से जुड़ा है, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि कांग्रेस में कोई हत्यारा राष्ट्रीय अध्यक्ष नहीं बन सकता है। कांग्रेसजन किसी हत्यारा को राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वीकार नहीं कर सकते हैं। यह भाजपा में ही पॉसिबल है। नवीन झा ने राहुल गांधी के इस बयान के खिलाफ रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद दर्ज कराई थी।

कहीं उद्धव ठाकरे और कांग्रेस में तकरार, कुछ पर अड़े शरद पवार; एमवीए में 8 सीटों पर फंसा पेच

मुंबई, एजेंसी। लोकसभा चुनाव में कुछ महीनों का ही समय बाकी है और अब तक एमवीए यानी महाविकास अघाड़ी में सीट शेयरिंग पर बात नहीं बन सकी है। कहा जा रहा है कि महाराष्ट्र की 48 में से सिर्फ 8 सीटों पर पेच फंस रहा है। हालांकि, अब तक एमवीए के किसी भी दल की तरफ से इन सीटों को लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। ईसीआई यानी भारत निर्वाचन आयोग फरवरी के अंत में या मार्च के पहले सप्ताह में तारीखों का ऐलान कर सकता है।

इंडियन एक्सप्रेस की रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से बताया गया है कि 8 सीटों में अकोला, भंडारा-गोंदिया, हिंगोली, कोल्हापुर, मुंबई दक्षिण मध्य, मुंबई उत्तर पश्चिम, नाशिक, पुणे और वर्धा का नाम शामिल है। एमवीए में हाल ही में प्रकाश आंबेडकर की वंचित बहुजन अघाड़ी (वीबीए) की एंट्री हुई है। इसमें शामिल प्रमुख दल शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) और कांग्रेस हैं।

नाशिक- साल 2019 के लोकसभा चुनाव में यहां अविभाजित शिवसेना के हेमंत गोडसे ने एनसीपी के समीर भुजबल को हरा दिया था। अब गोडसे मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और भुजबल डिप्टी सीएम अजित पवार की एनसीपी में हैं।

कोल्हापुर- खास बात है कि इस सीट अपने-अपने मजबूत कैडर के चलते तीनों दल दावा पेश कर रहे हैं। यहां बीते चुनाव में अविभाजित शिवसेना के संजय मांडलिक ने एनसीपी के धनंजय महाडिक को हराया था। रिपोर्ट में सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि यहां से छत्रपति शाहू महाराज के वंशज श्रीमंत शाहू छत्रपति को विपक्ष के उम्मीदवार के तौर पर उतारा जा सकता है। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि वह किस चिह्न के साथ मैदान पर उतरेंगे, फिलहाल यह तय नहीं किया जा सका है।

मुंबई दक्षिण मध्य- कहा जा रहा है कि दादर को कवर करने के चलते यह सीट शिवसेना (यूबीटी) के लिए साख का विषय बन गई है। दरअसल, दादर में ही पार्टी का मुख्यालय था। साल 2019 में यहां से अविभाजित शिवसेना के राहुल शेवाले ने कांग्रेस के एकनाथ गायकवाड़ को डेढ़ लाख से ज्यादा मतों से हराया था। इसके बाद शेवाले शिंदे कैंप में शामिल हो गए। कहा जा रहा है कि इस सीट से मुंबई कांग्रेस की अध्यक्ष वर्षा गायकवाड़ टिकट की कोशिश में हैं। वहीं, शिवसेना (यूबीटी) किसी ऐसे उम्मीदवार को मैदान में उतारना चाहती है, जो शेवाले को हरा सके। मुंबई उत्तर पश्चिम- साल 2019 में यहां से अविभाजित शिवसेना के गजानन कीर्तिकार ने कांग्रेस के संजय निरुपम को हराया था। फिलहाल, कीर्तिकार शिवसेना में हैं, लेकिन उनके बेटे अमोल शिवसेना (यूबीटी) के ही साथ हैं और माना जा रहा है कि वह भी टिकट के दावेदार हो सकते हैं। जबकि, इस सीट से निरुपम फिर टिकट की मांग कर रहे हैं। खबर है कि ठाकरे ने पहले ही मुंबई दक्षिण मध्य और उत्तर पश्चिम की सीटों के लिए पर्यवेक्षकों का ऐलान कर दिया है।

प्रियंका गांधी को अस्पताल से मिली छुट्टी, 24 को मुरादाबाद में भाई राहुल की यात्रा से जुड़ने की तैयारी

मुरादाबाद , एजेंसी। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। वह एक बार फिर अपने भाई राहुल गांधी का साथ देने के लिए उनकी भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ेंगी। प्रियंका, 20 फरवरी को मुरादाबाद में इस यात्रा से जुड़ेंगी। न्यूज एजेंसी एएनआई ने सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले प्रियंका गांधी ने बीमार पड़ने की वजह से राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल नहीं हो पा रही थीं। 16 फरवरी को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने इस पर अफसोस भी जताया था। तब प्रियंका ने लिखा था- मैं बड़े चाव से उत्तर प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के पहुंचने का इंतजार कर रही थी, लेकिन बीमारी की वजह से मुझे आज ही अस्पताल में भर्ती होना पड़ा। स्वास्थ्य थोड़ा बेहतर होते ही मैं यात्रा में शामिल होउंगी। तब तक के लिए मैं, चंदौली-बनारस पहुंच रहे सभी यात्रियों, पूरी मेहनत से यात्रा की तैयारी में लगे उत्तर प्रदेश के मेरे सहयोगियों और प्यारे भाई को शुभकामनाएं देती हूं। बता दें कि पहले कांग्रेस सूत्रों ने बताया था कि प्रियंका गांधी चंदौली में यात्रा से जुड़ेंगी। इसी बीच शरीर में पानी की कमी और पेट में संक्रमण की शिकायत पर उन्हें अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा। इलाज के बाद अब वह स्वस्थ हैं और एक बार फिर भाई राहुल गांधी की न्याय यात्रा में शामिल होने की तैयारी में हैं। उधर, सोमवार को राहुल गांधी ने अमेठी से अपनी भारत जोड़ो न्याय यात्रा फिर से शुरू की। वहां उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 40 साल में सबसे ज्यादा बेरोजगारी है।

आधार कार्ड फेल हो रहे; बंगाल में अब नया बवाल

कोलकाता, एजेंसी। आधार कार्ड को लेकर पश्चिम बंगाल में बवाल मचा हुआ है। पिछले कुछ दिनों से तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) बंगाल के लोगों के आधार को निष्क्रिय करने के पीछे भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की साजिश की बात कर रही है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने यह दावा किया कि भाजपा के नेतृत्व वाला केंद्र उनके राज्य के लोगों के आधार कार्डों को निष्क्रिय कर रहा है। ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक पत्र लिखकर इसके पीछे का कारण जानना चाहा। उन्होंने पीएम से पूछा कि अचानक अल्पसंख्यकों के आधार कार्ड अंधाधुंध निष्क्रिय क्यों हो रहे हैं। मैं आपसे ऐसे कदम का कारण जानना चाहूंगी। क्या यह सिर्फ पात्र लाभार्थियों को वंचित करने के लिए है या लोकसभा चुनाव से ठीक पहले बड़े पैमाने पर लोगों के बीच दहशत की स्थिति पैदा करने के लिए है। बता दें आधार मुद्दे को लेकर टीएमसी बीजेपी को शुरू से ही घेरती नजर आई है। वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार सुबह दिल्ली में इस पर बैठक की। केंद्रीय आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णो वहां मौजूद थे।

हिंसा मामले में हल्द्वानी के पेट्रोल पंपों पर रडार, वनभूलपुरा में जमकर चले थे 'बोतल बम'

हल्द्वानी , एजेंसी। हल्द्वानी हिसां के दौरान वनभूलपुरा में बड़ी संख्या में पेट्रोल बम का इस्तेमाल हुआ है। पुलिसकर्मियों को टारगेट कर उनपर पेट्रोल बम फेंके गए। हिंसा के दौरान पत्थरबाजी के साथ आगजनी से माहौल खराब हो गया था।

दंगाइयों को गिरफ्तार करने के साथ ही भड़की हिंसा के मामले में पुलिस ने शहर के पेट्रोल पंपों को भी जांच के दायरे में लिया है। हिंसा के दौरान आगजनी और पेट्रोल बम बनाने के लिए ईंधन कब और कहां-कहां से खरीदा गया, इसकी जांच की जा रही है। सभी पेट्रोल पंपों की उपद्रव से सात दिन पहले से लेकर उपद्रव वाले दिन तक की फुटेज खंगाली जा रही है। बीती आठ फरवरी को वनभूलपुरा हिंसा में पथराव के साथ-साथ क्षेत्र में आगजनी भी हुई थी। उपद्रवियों ने पेट्रोल बमों का भी इस्तेमाल किया था। वनभूलपुरा थाने को फूंकने में भी इनका इस्तेमाल किया था।

उपद्रवियों ने क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में वाहनों को जलाकर हिंसा भड़काई। ऐसे में इतनी बड़ी मात्रा में ज्वलनशील पदार्थ उपद्रवियों के पास कब और कैसे पहुंचा, यह पुलिस जांच का अहम हिस्सा है। इसकी जांच के लिए पुलिस ने शहर भर के पेट्रोल पंप जांच के दायरे में लिए हैं। सूत्रों के मुताबिक, हल्द्वानी हिंसा के मास्टरमाइंड अब्दुल मलिक के कुछ परिचितों के पेट्रोल पंप संचालित होने का इनपुट भी पुलिस को मिला है। इस पहलू को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी है।

बम के लिए पेट्रोल सप्लाई करने वाला हत्थे चढ़ा: एसएसपी पीएन मीणा ने बताया कि हिंसा मामले में पुलिस ने जिस अरबाज नाम के आरोपी को गिरफ्तार किया है, उसके पास से नौ लीटर पेट्रोल बरामद हुआ है। अरबाज ने ही हिंसा के दौरान शहजाद और फैजान को पेट्रोल बम बनाने के लिए पेट्रोल सप्लाई किया था। इसके बाद से पेट्रोल सप्लाई को लेकर जांच और भी तेज हो गई है।

सभी पेट्रोल पंपों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची जा रही है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, पेट्रोल पंप पर बोतल, गैलन के साथ-साथ एक ही दिन में बार-बार किसी दोपहिया अथवा चार पहिया वाहनों के एक ही या अलग-अलग पंपों पर पहुंचने की जांच की जा रही है। ऐसे वाहनों को चिह्नित कर पुलिस उनकी तलाश करेगी।

हिंसा में बड़ी संख्या में पेट्रोल बम का इस्तेमाल: हल्द्वानी के वनभूलपुरा की हिंसा में बड़ी संख्या में पेट्रोल बमों का इस्तेमाल किया गया। दबिश और गिरफ्तारी के दौरान पुलिस ने एक आरोपी के घर से भी पेट्रोल बम और दूसरे के पास से पेट्रोल भी बरामद हुआ है।

एलेक्सी नवलनी की मौत पर पुतिन की जगह ट्रंप ने साधा बाइडन पर निशाना

मॉस्को, एजेंसी। रूस में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के मुखर आलोचक और प्रमुख विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की जेल में मौत हो गई। उनकी पत्नी यूलिया नवलनया ने अपने पति की मौत के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने एलेक्सी नवलनी से रूस को आजाद कराने के लिए उनके संघर्ष में साथ देने की अपील की। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने नवलनी की मौत के लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराया है। हालांकि, पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस मामले पर पुतिन की निंदा करने से परहेज कर लिया। ट्रंप ने नवलनी की रहस्यमय मौत को लेकर कहा कि वो रूस से राजनीतिक उत्पीड़न के शिकार हुए। वहीं, उन्होंने राष्ट्रपति जो बाइडन पर अमेरिका को बर्बाद करने का आरोप लगाया। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा,÷नवलनी की अचानक हुई मौत ने मुझे इसके बारे में अधिक एहसास दिलाया कि देश में क्या हो रहा है। यह एक धीमी, स्थिर प्रगति है, जिसमें कुटिल, कट्टरपंथी वामपंथी राजनेता, अभियोजक और न्यायाधीश हमें विनाश के रास्ते पर ले जा रहे हैं।÷ एलेक्सी नवलनी की मौत के बाद पश्चिमी देशों ने राष्ट्रपति पुतिन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जो बाइडन ने नवेलनी की मौत के लिए पुतिन को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि नवलनी के साथ जो हुआ है वह पुतिन की क्रूरता का एक और सबूत है। फ्रांस के विदेश मंत्री स्टीफन सेजॉर्न ने एलेक्सी नवलनी की मौत पर कहा कि जेल में बंद रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी को रूस की उत्पीड़न सिस्टम का विरोध करने के लिए अपने जीवन की कीमत चुकानी पड़ी है।



रूस ने अवदीवका में कोक व रासायनिक संयंत्र पर किया नियंत्रण

मॉस्को, एजेंसी। देश के रक्षा मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि रूसी सेना ने अवदीवका कोक और रासायनिक संयंत्र पर पूर्ण नियंत्रण कर लिया है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, सोमवार को कहा गया कि रूसी सेना ने अवदीवका शहर में कोक और रासायनिक संयंत्र को पूरी तरह से मुक्त करा लिया है।

इसमें कहा गया है कि रूसी सैनिकों ने यूक्रेनी सेना की 71वीं जैगर और 23वीं मैकेनाइज्ड ब्रिगेड के साथ-साथ डोनेट्स्क में 116वीं क्षेत्रीय रक्षा ब्रिगेड पर भी हमला किया। मंत्रालय के अनुसार, इस दिशा में यूक्रेन के 565 सैनिक मारे गए और घायल हुए। पिछले दिनों दो बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, 23 मोटर वाहन, दो अमेरिका निर्मित एम777 हॉवित्जर और एक डी-30 हॉवित्जर नष्ट कर दिए गए।

इमरान खान की बहन ने पाक अदालत में दायर की याचिका, जेल में बंद बुशरा बीबी की मेडिकल जांच की मांग

इस्लामाबाद, एजेंसी। जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की बहन ने इस्लामाबाद उच्च न्यायालय में याचिका दायर कर उनकी पत्नी बुशरा बीबी की मेडिकल जांच की मांग की है। खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में आरोप लगाया है कि पूर्व प्रथम महिला को एक सप्ताह पहले केमिकल युक्त भोजन दिया गया था, जिससे उनका गला और पेट जल गया है।÷ पार्टी ने सोमवार को कहा कि 49 वर्षीय बुशरा खाने में असमर्थ हैं और अस्वस्थ हैं।÷ उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें चिकित्सा उपचार देने से वंचित कर दिया है। पार्टी ने दावा किया, ÷यह नाजायज, फासीवादी, सत्तावादी शासन द्वारा इमरान खान की पत्नी पर एक हमला था, जो खान पर दबाव डालने का एक व्यर्थ प्रयास था।÷ खान की बहन, उज्मा खान ने अदालत में याचिका दायर की कि शौकत खानम मेमोरियल अस्पताल के चिकित्सा निदेशक, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट डॉ असीम यूसुफ को जेल के मेडिकल डॉक्टर की उपस्थिति में खान की पत्नी की मेडिकल जांच करने की अनुमति दी जाए। पार्टी ने अदालत में दायर याचिका की तस्वीरें भी साझा की, जिसमें कहा गया है, ÷यह प्रार्थना की जाती है कि यदि डॉ. असीम यूसुफ द्वारा सलाह दी जाती है, तो बुशरा बीबी की चिकित्सा जांच पीआईएमएस में डॉ. असीम यूसुफ की उपस्थिति में वरिष्ठ डॉक्टरों द्वारा की जाएगी।÷ पिछले हफ्ते पीटीआई ने बुशरा बीबी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त की थी और दावा किया था कि उनकी जान को गंभीर खतरा है।

पिछले महीने तोशखाना भ्रष्टाचार मामले में एक जवाबदेही अदालत द्वारा दंपती को 14 साल जेल की सजा सुनाए जाने के बाद से बुशरा बीबी जेल में हैं। 71 वर्षीय खान रावलपिंडी की उच्च सुरक्षा वाली अदियाला जेल में बंद हैं। इन दोनों को तोशखाना महंगे उपहार मामले और इद्दत मामले में कई वर्षों की सजा के साथ दोषी ठहराया गया है, जिसने 2018 में उनकी शादी को गैर-इस्लामिक घोषित किया था। समाचार एजेंसी पीटीआई के मुताबिक, 8 फरवरी के आम चुनावों में, खान की पार्टी द्वारा समर्थित 92 स्वतंत्र उम्मीदवार नेशनल असेंबली में विजयी हुए थे। सोमवार को, पीटीआई ने घोषणा की कि वे दक्षिणपंथी सुन्नी इत्तेहाद परिषद में शामिल होंगे, जो मुस्लिम-बहुल देश में इस्लामी राजनीतिक और धार्मिक दलों का गठबंधन है और सुन्नी इस्लाम के स्कूल के अनुयायियों का प्रतिनिधित्व करता है। पार्टी ने पहले फैसला किया था कि नेशनल असेंबली और पंजाब प्रांतीय असेंबली के लिए चुने गए उसके सदस्य शिया पार्टी मजलिस वहदत-ए-मुस्लिमीन (एमडब्ल्यूएम) में शामिल होंगे। खैबर-पख्तूनख्वा (केपी) में चुने गए लोग जमाती-ए-इस्लामी (जेआई) का हिस्सा बन जाएंगे। खान की पार्टी, जो चुनावी चिह्न - क्रिकेट का बल्ला आवंटित न होने के कारण सीधे चुनाव में भाग नहीं ले सकती थी।

यूरोपीय संघ ने की गाजा में तत्काल युद्धविराम की मांग, 27 में से 26 देश हुए राजी; रफा शहर को लेकर की ये अपील

एएफपी, ब्रुसेल्स, एजेंसी। इजरायल और हमास के बीच जारी संघर्ष में अब तक 29 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गई है। वहीं, इजरायल हमास के आतंकवादियों पर लगातार कार्रवाई कर रहा है। इस बीच, यूरोपीय संघ ने गाजा में तुरंत युद्धविराम की मांग की है। श्व के विदेश नीति प्रमुख जोसेप बोरेल ने कहा कि हंगरी को छोड़कर सभी 26 देशों ने एकजुटता दिखाई है। उन्होंने कहा कि 26 देशों के विदेश मंत्रियों ने गाजा में तत्काल मानवीय विराम के लिए एक बयान पर सहमति व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस बयान से गाजा में स्थायी युद्धविराम को भी बल मिलेगा। वहीं, यूरोपीय संघ ने एक बार फिर इजरायल से अपने आह्वान दोहराया को दोहराया कि वह राफा शहर पर हमला न करें। मालूम हो कि यूरोपीय संघ में शामिल हंगरी इजरायल का कट्टर समर्थक है और उसने गाजा में मानवीय युद्धविराम को लेकर अपनी सहमति नहीं दी है। हंगरी समय-समय पर आलोचना के रूप में देखे जाने वाले यूरोपीय संघ के बयानों के साथ जाने से इनकार करता रहा है। मालूम हो कि हमास ने इजरायल पर सात अक्टूबर को अचानक हमला किया था।

मुद्रक तथा प्रकाशक रंजीत राय द्वारा स्वामी आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्लॉट नं. सी-16 एवं 17, रोड नं. 9, पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, पटना-800013 के पक्ष में आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड प्रेस से मुद्रित एवं सी-20, एस.के. पुरी, नियर बसावन पार्क, पटना, बिहार-800013 से प्रकाशित संपादक- देवन प्रसाद

(नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा पटना न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. BIHHIN/2013/49676, Email: news@pratahkiran.com, patna@pratahkiran.com, 9212228045, 8130691216, 9971557129